
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 07 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




एडीआर ने जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि 543 विजेता उम्मीदवारों से 251 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 504 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे युवा विजेता उम्मीदवार पुष्पेंद्र सरोज और प्रिया सरोज हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 156 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"
-स्वामी विवेकानंद

# एनडीए में कैबिनेट की दौड़ शुरू

● एनडीए के नेता कैबिनेट में पद के लिए अपनी-अपनी डिमांड हाई कमान के आगे रख रहे हैं

**दांव-पेंच**

**बीजेपी ने अपना पूर्ण बहुमत खो दिया और वह मुख्य रूप से टीडीपी और जदयू के समर्थन पर निर्भर हो गई है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** नरेंद्र मोदी की कैबिनेट भंग होने के बाद एनडीए में गुरुवार को गठबंधन की सरकार बनाने के लिए बातचीत का दौर शुरू हो गया है। 18वीं लोकसभा के लिए नरेंद्र मोदी जल्द ही दावा पेश कर सकते हैं। एनडीए के नेता कैबिनेट में पद के लिए अपनी-अपनी डिमांड हाई कमान के आगे रख रहे हैं। सभी घटक-दल अपने-अपने राज्यों के लिए अधिक धन की मांग कर रहे हैं।

**मोदी चुने गए एनडीए के नेताः** नरेंद्र मोदी को बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का नेता चुना गया। लोकसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी ने अपना पूर्ण बहुमत खो दिया और वह मुख्य रूप से तेलुगु देशम पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के समर्थन पर निर्भर हो गई है। ऐसे में नई सरकार बनाने के लिए भाजपा को जदयू और टीडीपी के समर्थन की जरूरत है।

**एनडीए के लिए किंगमेकर बनी जेडीयू-टीडीपीः** बता दें कि 543 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 293 सीटें जीतीं हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 240 और टेलगु देशम पार्टी ने 16 और जनता दल यूनाइटेड ने 12 सीटें जीत ली हैं। ऐसे में नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी एकसाथ मिलकर किंगमेकर बन गए हैं।

**टीडीपी और जेडीयू दोनों की एक ही मांगः** टीडीपी ने आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी जीत लिया है। 135 सीटें जीतकर चंद्रबाबू नायडू वहां मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। पांच सूत्रों के अनुसार, दोनों पार्टियां अपने-अपने राज्यों को विशेष दर्जा देने की लंबे समय से चली आ रही मांग को आगे बढ़ा रही हैं। विशेष दर्जा राज्यों को अधिक विकास निधि प्राप्त करने की अनुमति देता है।

### टीडीपी मजबूत भागीदारः ज्योत्सना

**टीडीपी** प्रवक्ता ज्योत्सना तिरुनागरी के अनुसार, आंध्र को विशेष दर्जे और कैबिनेट पदों के अलावा, टीडीपी आंध्र प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं के लिए और अपनी नई राजधानी अमरावती के निर्माण को पूरा करने के लिए अधिक धन की भी मांग कर रही है। ज्योत्सना ने कहा कि हमें विश्वास है कि हमें हमारा हक मिलेगा। इस बार हम एक मजबूत भागीदार हैं।

**सरकार बनाने का दावा जल्द पेशः** एनडीए के एक सूत्र ने बताया कि जेडी(यू) के नीतीश कुमार कैबिनेट पदों के साथ-साथ बिहार में नई औद्योगिक परियोजनाओं के लिए भी समर्थन चाहते हैं। भाजपा के सूत्र ने बताया कि गुरुवार को भाजपा के शीर्ष नेता सहयोगी दलों के साथ मंत्रिस्तरीय विभागों पर चर्चा कर सकते हैं। जल्द ही नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर अगली सरकार बनाने का दावा पेश कर सकते हैं।

# शेयर बाजार में अस्थिरता की जेपीसी जांच होः राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि शेयर बाजार पर सरकार की ओर से टिप्पणी से लाखों खुदरा निवेशकों का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि इससे निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि यह शेयर बाजार का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी संसदीय समिति से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल ने कहा, "हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री ने, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक मार्केट पर टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने दो-तीन चार बार देश को कहा कि स्टॉक मार्केट तेजी से आगे बढ़ने जा रहा है। स्टॉक मार्केट में निवेश करने के लिए कहा।" अमित शाह कहते हैं कि 4 जून से पहले शेयर खरीदें। मोदी कहते हैं कि चार जून को स्टॉक खरीदें। 1 जून को मीडिया झूठे एग्जिट पोल निकालती है। भाजपा को जो आंतरिक एग्जिट पोल था, उसमें उसे 220 सीटें मिल रही थीं। आंतरिक एजेंसियों ने सरकार को 220 से 230 सीटों के मिलने के बारे में बताया था। स्टॉक मार्केट तीन जून को सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है और 4 जून को धड़ाम हो जाता है। राहुल ने कहा, "ये दिखाता है कि कोई न कोई घपला हो रहा है। हजारों करोड़ रुपये यहां निवेश हुए। स्टॉक मार्केट गिरने के बाद 20 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ये जो आप देख रहे हैं वह स्टॉक मार्केट के इतिहास का सबसे बड़ा नुकसान है।" राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता कर सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी? क्यों गृह मंत्री ने उन्हें स्टॉक खरीदने का आदेश दिया? दोनों जो इंटरव्यू किए गए। ये अदाणी जी के चैनल को दिए गए। उन पर पहले ही सेबी की जांच बैठी है तो उस पर जांच होनी चाहिए।

मोदीजी के ये जो फेक इन्वेस्टर हैं और जो विदेशी निवेशक हैं। इनके बीच क्या रिश्ता है और अगर रिश्ता है तो इसकी जांच होनी चाहिए। इसे लेकर हमारे पास सवाल हैं। हम इस घोटाले को लेकर जेपीसी की मांग करते हैं।

**मांग**

**'पीएम और मंत्रियों ने पहली बार चुनाव के दौरान शेयर बाजार पर टिप्पणी की', राहुल बोले- यह घोटाला**

## 'हिमाचल' बुझाएगा दिल्ली की 'प्यास'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को कल से हर दिन 137 क्यूसेक पानी दिल्ली को छोड़ने का आदेश दिया है। जस्टिस प्रशांत मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने हरियाणा सरकार से कहा कि वह अपने क्षेत्र में पड़ने वाली नहर से पानी दिल्ली तक पहुंचने में सहयोग करे। सुप्रीम कोर्ट 10 जून को अगली सुनवाई करेगा। कोर्ट ने 10 जून तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की तरफ से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट के आदेश के मुताबिक हुई मीटिंग में हिमाचल प्रदेश पानी देने को तैयार है, लेकिन हरियाणा की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। तब जस्टिस केवी विश्वनाथन ने हरियाणा सरकार की ओर से पेश विक्रमजीत बनर्जी से कहा कि अगर हम इतने गंभीर मुद्दे पर संज्ञान नहीं लेते हैं तो इसका क्या मतलब है। अगर जरूरत पड़ी तो इसके लिए हम मुख्य सचिव को कहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 3 जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड से दिल्ली में जल संकट के मद्देनजर केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधियों की बैठक 5 जून को बुलाने का निर्देश दिया था।

कोर्ट ने कहा था कि यमुना रिवर बोर्ड की बैठक में इस बात पर विचार हो कि दिल्ली वालों को कैसे जल संकट से निजात मिल सकती है। सुनवाई के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा था कि उसे दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने में कोई परेशानी नहीं है।

**आदेश**

**दिल्ली जल संकटः सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश से 137 क्यूसेक पानी छोड़ने के लिए कहा**

## सीआईएसएफ जवान ने कंगना रनौत को जड़ा थप्पड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर दोपहर 3:40 बजे सीआईएसएफ की कुलविंदर कौर पर कंगना को थप्पड़ मारने का आरोप है। जब वह चंडीगढ़ से दिल्ली वापस जा रही थीं। बताया जा रहा है कि किसानों पर कंगना के दिए बयान को लेकर महिला सिपाही नाराज थी। सूत्रों के अनुसार कंगना रनौत चंडीगढ़ से मुंबई के लिए शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जब चैकिंग कर रही थीं तो वहां उपस्थित सीआईएसएफ में तैनात महिला सुरक्षा कर्मी ने जब उनसे पूछा कि मैडम आप बीजेपी से जीती हैं। आपकी पार्टी किसानों के लिए कुछ क्यों नहीं कर रही। इसको लेकर जब बहस हो गई। इसके बाद आरोप लग रहे है कि सीआईएसएफ की महिला कर्मी ने उन्हें थप्पड़ लगा दिया। लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट पर भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड क्वीन कंगना रणौत के सिर जीत का ताज सजा है। कंगना ने मंडी की बाजी मार ली, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को हार का सामना करना पड़ा है। संसदीय क्षेत्र मंडी के चुनावी रण में 10 प्रत्याशी उतरे थे।



राष्ट्रपति द्रौपदी से चुनाव आयुक्त ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव में जीते हुए प्रत्याशियों की लिस्ट सौंपी।

## टीडीपी की जीत के बाद आंध्र प्रदेश में भय का माहौलः जगन

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमरावती।** वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को टीडीपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बनाने से पहले ही टीडीपी के कार्यकर्ताओं ने आंध्र प्रदेश में भय का माहौल बना दिया है। जगन मोहन रेड्डी ने उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हो रहे हमले को रोकने के लिए राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की अपील की।

## क्या आंध्र और बिहार को मिलेगा विशेष राज्य का दर्जा?

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को 240 सीटें मिली हैं। लेकिन इस बार की राह बीजेपी के लिए इतनी आसान नहीं है। कई बड़े राज्यों में भाजपा की सीटों में कमी आई है। इसी के चलते भाजपा को अकेले दम पर बुहमत नहीं मिल सका और वो अब एनडीए के बलबूते पर सरकार बनाने जा रही है। बता दें कि आंध्र प्रदेश और बिहार में 16 और 12 सीटें जीतने वाली चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और नीतीश कुमार की जेडी (यू) अन्य गठबंधन सहयोगियों के समर्थन से एनडीए ने बहुमत का आंकड़ा पाया है।



**आंध्र प्रदेश और बिहार को विशेष राज्य का दर्जाः** अब कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा, बार-बार दावा किया जा रहा है कि मोदी 3.0 सरकार बनेगी लेकिन सच्चाई यह है कि इस बार मोदी 1/3 सरकार बनेगी। साथ ही इस दौरान जयराम रमेश ने आंध्र प्रदेश और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने वाली बात भी उठाई। एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, रमेश ने कहा कि कांग्रेस के पास प्रधान मंत्री से चार प्रश्न हैं -दो आंध्र प्रदेश के लिए और दो बिहार के लिए।

**निशाने पर**

**मोदी 3.0 सरकार बनेगी लेकिन सच्चाई यह है कि इस बार मोदी 1/3 सरकार बनेगीः जयराम रमेश**

## हरियाणा में सड़कों की मरम्मत के लिए चलेगा विशेष अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लोक निर्माण व हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सड़कों की मरम्मत के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 1636 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री कंवर पाल, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री डा0 बनवारी लाल भी उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य राजमार्ग व जिला प्रमुख सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता आधार पर की जाएगी तथा लगभग 1500 कार्यों को सितम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। कुछ सड़कों की निविदा प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने 17 जिलों में 384 सड़कों को चिन्हित किया है, जिनकी लम्बाई लगभग 1100 किलोमीटर है।

## सभी साथियों को सलाम': प्रियंका की सपा को चिट्ठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिली चुनावी सफलता को लेकर पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सलाम किया और अब उन्होंने अपने सहयोगी दल समाजवादी पार्टी की सराहना की है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव, डिंपल यादव, प्रो. रामगोपाल यादव समेत समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए लिखा, सपा के मेहनती कार्यकर्ताओं को यूपी के नतीजों के लिए मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। भीषण परिस्थितियों में हम सबने मिलकर एक ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी। जमीन पर कांग्रेस और सपा के कार्यकर्ताओं ने हिम्मत से जनता के मुद्दों, सामाजिक न्याय और संविधान की आवाज उठाई। तमाम धमकियों व दमन के बावजूद वे एकजुट होकर लोकतंत्र के प्रहरी बने और बूथ-बूथ पर खड़े रहे। आप सबकी कड़ी मेहनत के चलते हमारी एकजुटता व मुद्दों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में जनता ने भरोसा दिखाया है। आप सभी को दिल से धन्यवाद। जय जनता। जय संविधान।



**कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलामः** इससे पहले उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लेकर लिखा, यूपी कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम। मैंने आपको धूप और धूल में कड़ी मेहनत करते हुए देखा, आप झुके नहीं, आप रुके नहीं, कठिन से कठिन दौर में आपने लड़ने की हिम्मत दिखाई।

## असम के सामाजिक ताने-बाने की नींव बहुत कमजोरः सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**(असम)ः** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों में असम में बीजेपी ने 14 में से 9 सीटों पर कब्जा जमाया है। बाकि बचे सीटों पर भाजपा बुरी तरह हारी है इन जिलों में शामिल है नागांव और धुबरी। इन जिलों के परिणाम को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को दावा किया कि नागांव और धुबरी में लोकसभा चुनाव के नतीजे इस बात की ओर इशारा करते हैं कि राज्य के सामाजिक ताने-बाने की नींव 'बहुत कमजोर' है। कांग्रेस विधायक रकीबुल हुसैन ने धुबरी सीट पर रिकॉर्ड 10 लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की, जबकि पार्टी के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई नागांव में 2,12,231 वोटों से विजयी हुए।

**विरोध** ताइवान के राष्ट्रपति ने एक दिन पहले लोकसभा चुनाव में जीत के लिए पीएम मोदी को बधाई दी थी

# प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर बौखलाया चीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**बीजिंगः** चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने गुरुवार कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान से चीन बौखला उठा है। पीएम मोदी के बयान की चीन आलोचना कर रहा है। चीन का कहना है कि नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों का विरोध करना चाहिए। दरअसल, ताइवान के राष्ट्रपति ने एक दिन पहले लोकसभा चुनाव में जीत के लिए पीएम मोदी को बधाई दी थी। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए तैयार है। बता दें, चीन ताइवान को एक विद्रोही प्रांत मानता है। चीन ताइवान की भूमि पर अपना कब्जा चाहता है फिर चाहे वह बलपूर्वक ही क्यों न हो। एक दिन पहले, ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने पीएम मोदी को बधाई दी थी। उन्होंने एक्स पर कहा था कि वह दोनों देशों के बीच तेजी से बढ़ते संबंधों को और आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने इंडो-पैसिफिक में शांति और समृद्धि की वकालत की। उन्होंने भारत ताइवान सहयोग को विस्तार देने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने बधाई संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक और तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं।



**आपत्ति जताई**

**चीन का कहना है कि नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों का विरोध करना चाहिए**

**पीएम मोदी की टिप्पणी पर आपत्ति जताई हैः** चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता की। वार्ता की शुरूआत में ही उन्होंने कहा कि ताइवान का कोई राष्ट्रपति नहीं है। हमने उनके बयान पर आपत्ति दर्ज कराई है। चीन अपने उन राजनयिक साझेदारों का हमेशा विरोध करता है, जो ताइवान के साथ बातचीत पर जोर देते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में सिर्फ चीन है और ताइवान चीन का ही एक हिस्सा है। भारत को ताइवान के अधिकारियों का विरोध करना चाहिए।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ गरीब व्यक्ति गरीबी रेखा से ऊपर आयेः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट 3 गुना तक बढ़ाया गया ताकि हर गरीब व्यक्ति को आवास की सुविधा प्रदान की जा सके। मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा में विधायक पद की शपथ लेने उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में हमने हरियाणा प्रदेश में नौकरियों में भ्रष्टाचार को समाप्त किया और गरीब से गरीब व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने का काम किया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के 60 वर्षों के शासन काल पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्य काल में गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साढ़े 9 वर्षों में 25 करोड़ गरीब व्यक्तियों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है।



**भारतीय जनता पार्टी का वोट प्रतिशत कांग्रेस पार्टी से रहा ज्यादा :** एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर विश्वाश व्यक्त कर जनसेवा का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने झूठ फैलाने का काम किया।

# कार के अंदर मिली युवक की लाश, नाक से बह रहा था खून

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेहरू प्लेस स्थित देविका टॉवर के पास बृहस्पतिवार तड़के निजी कंपनी के एक अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव उसकी कार के अंदर झुलसी हुई अवस्था में मिला। उसकी नाक से खून बह रहा था। पुलिस ने युवक द्वारा आत्महत्या करने की आशंका जाहिर की है। हालांकि पुलिस को कार के अंदर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि सुबह करीब 9:40 बजे कालकाजी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि नेहरू प्लेस में कार के अंदर एक युवक का शव पड़ा है। कार देविका टॉवर के पास खड़ी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कार अंदर से लाक थी। फिर पुलिस ने पीछे का शीशा तोड़कर कार को खोला तो चालक की सीट पर युवक का शव पड़ा था। पुलिस ने तुरंत मौके पर एंबुलेंस को बुलाया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मृतक की पहचान लाजपत नगर की दयानंद कालोनी निवासी 34 वर्षीय ध्रुव महाजन के रूप में हुई है।



**पहले खुद को आग लगाई, फिर नाक से हुआ रक्तस्राव:** पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें सामने आया कि ध्रुव तड़के 3:30 बजे अपनी कार से घटनास्थल पर आया था। यहां पर करीब सात मिनट बाद कार के अंदर तेज आग लगी। यह करीब एक मिनट के बाद बुझ गई। पुलिस उपायुक्त का कहना है कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि युवक ने खुद को आग लगाने की कोशिश की, लेकिन कार पूरी तरह से नहीं जल पाई। इसके बाद मृतक को हाइपोक्सिया तनाव के कारण नाक से खून बहने लगा। फिर कार के अंदर से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता लगाया जा सकेगा।

**भारी कर्ज में डूबा था मृतक, पत्नी से थी आखिरी बार बात:** पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक ने बुधवार रात को अंतिम बार अपनी पत्नी से बात की थी। उसका सात साल का एक बेटा है। बंगलुरू में रहने वाली ध्रुव की बहन पूर्वी महाजन ने पुलिस को बताया कि उसका भाई भारी कर्ज में डूबा था। इस वजह से तनाव में रहता था।

**मृतक का चेहरा, हाथ और जांघ झुलसी:** ध्रुव एक निजी कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत था। पुलिस उपायुक्त का कहना है कि जब ध्रुव का शव कार से निकाला गया तो चेहरा, जांघ और दोनों हाथों आग से झुलसे हुए थे।


## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई–कैटलॉग | रेलवे स्टेशन/खंड के नाम | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 55 स्थानों की 81 साईट पर होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा विज्ञापन का ठेका | UMBLCGate 012024 | CDG, SASN, LLKN, FGSB, NGWN खंड | 18.06.2024 को 10:00 बजे |
| 2 | 122 साईट पर होर्डिंग/युनिपोल द्वारा विज्ञापन का ठेका | UMBLCGate -02-24 | CDG, SIR, RPAR, SRE, DUI, PTA BTI, GDB खंड | 19.06.2024 को 15:00 बजे |
| 3 | 1 स्टेशन पर पार्सल पैकिंग का ठेका | UMBTWnOO PS0424 | अंबाला छावनी रेल्वे स्टेशन | 19.06.2024 को 10:00 बजे |

ई–नीलामी आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।
1862486/2024/O/o DCM2/UMB/NR 1699/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 60–65 साल, **कदः** 5'5", **लिंगः** पुरूष, **रंगः** सांवला, **शरीरः** पतला, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** सफेद कुर्ता धोती, **बरामदी स्थलः** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म नं. 1, पिलर नं. 17, पीजी साइड।

मृतक के शव को पहचान के लिए एलएचएमसी अस्पताल दिल्ली की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 53A U/s 174 Cr PC दिनांकः 28.05.2024 पुलिस स्टेशनः नई दिल्ली, रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशनः नई दिल्ली, रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली**
**मोबाइलः 8750871305**
**DP/6877/Rly/2024**


## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं.:** 3120242025 **दिनांक:** 04.06.2024

### ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर **दिनांक 25.06.2024** को **13:30 बजे** तक आंमत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार हैः-

**क्र.सं.:** 1 | **निविदा संख्याः** 77 | **अनुमानित मूल्य (रू.):** ₹ 20185000.00

**कार्य का विवरणः** सहायक मण्डल इंजीनियर/इटावा के अन्तर्गत वार्षिक पी0 वे0 जोन समयावधि 30.06.2025 तक का कार्य।

**अग्रिम धनराशि मूल्य (रू):** ₹ 250900.00, **कार्य समापन की अवधि :** 30.06.2025, **निविदा खुलने की तिथि :** 25.06.2024, **पात्रता मापदंड के अन्तर्गत सिमिलर कार्यः** पी0 वे0 कार्य।

**नोटः-** (1) उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर समय **13:30 बजे** तक निविदा खुलने की तिथि दिनांक 25.06.2024 तक उपलब्ध है। (2) उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नही की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act- 2000 के अन्तर्गत C. C. A द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है, तो उस पर विचार नही किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) सभी निविदादाता निविदा संख्या 77 जिसमें निविदा का मूल्य रू0 50 लाख से ज्यादा है के लिए Annexure-A & A(A) (Document Verification Certificate) की आवश्यकता है। माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। (5) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिये। (6) निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। (7) निविदा प्रपत्र की धरोहर राशि Online Internet Banking के Payment Gateway या Bank Guarantee Bond के द्वारा निविदा प्रपत्र के पैरा 12.0 के अनुसार जमा की जायेगी। (8) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। (9) आनलाइन निविदा **दिनांक 25.06.2024** को **13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। (10) निविदा प्रपत्र में दिये गये अन्य निर्देषों के साथ-साथ, निविदा दाता निविदा के साथ जमा किये जाने वाले प्रपत्रों हेतु निविदा प्रपत्र के पैरा 12.0 बयाने की राशि (Bid Security Deposit) पर विशेष ध्यान दें। (11) ई-टेण्डर फार्म सभी निविदाकारों का मुफ्त जारी किए जाएंगे। (12) **निविदा संख्या 77 के** लिए निविदा दाता को जी.सी.सी.-2022 (वर्क्स मामले भाग-1) के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में आवश्यक दस्तावेजों का निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। **975/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## उत्तर रेलवे
### निविदा आमंत्रित सूचना

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम और इसकी स्थितिः-** | 30-ELECT-27-T-2024-25-E3 विद्युत आपूर्ति वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं अन्य संबद्ध कार्यों के साथ सिग्नल वर्कशॉप डिपो गाजियाबाद के बुनियादी ढांचे में सुधार के संबंध में विद्युत कार्य। |
| **निविदा की अनुमानित लागत :-** | रु. 145.17 लाख |
| **कार्यालय का पता :-** | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| **बयाना राशि :-** | रु. 222600.00 |
| **निविदा निवेदन की दिनांक व समय :-** | 09.07.2024, 12.00 Hrs. |
| **निविदा खोलने की दिनांक व समयः-** | 09.07.2024, 12.00 Hrs. |
| **वेबसाइट व नोटिस बोर्डः-** | www.ireps.gov.in / वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1687/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### इ–निविदा (इ–प्रोक्यूरमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT-29 | **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता शामली के तहत SSE/W/SMQL के खंड में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन 2024–25 (समाप्त अवधि 30.06.2025)। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** IREPS पर NIT के अनुसार **बयाना राशि (रुपये)** IREPS पर NIT के अनुसार |
| NIT-30 | **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता शामली के तहत मेजर व माइनर ब्रिजों व FOB की मरम्मत के लिए वार्षिक जोन का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** IREPS पर NIT के अनुसार **बयाना राशि (रुपये)** IREPS पर NIT के अनुसार |
| NIT-32 | **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/W/MOZ के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टरों में फर्श की मरम्मत, प्लास्टरिंग, दरवाजे और खिड़की को बदलना। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** IREPS पर NIT के अनुसार **बयाना राशि (रुपये)** IREPS पर NIT के अनुसार |
| NIT-33 | **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता मेरठ के SSE/W/MTC के अनुभाग में PQY, MUT, DRLA, MUZ व MDNR में स्टाफ क्वार्टरों में फर्श, प्लास्टरिंग, दरवाजे और खिड़की की मरम्मत और स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवन में पुरानी और खराब पानी की आपूर्ति व्यवस्था को बदलना। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** IREPS पर NIT के अनुसार **बयाना राशि (रुपये)** IREPS पर NIT के अनुसार |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने की तिथि और समय | 18.06.2024 to 02.07.2024 at 15:00 Hrs. |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 02.07.2024 at 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: NIT-29, 30, 32 & 33-24-25-W-II दिनांकः 05.06.2024 1688/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## वसुंधरा में एसी फटने से फ्लैट में लगी आग

**गाजियाबाद :** गुरुवार तड़के एसी फटने से वसुंधरा सेक्टर एक के फ्लैट में आग लग गई। धमाके के साथ आग लगी, जिससे फ्लैट मालिक रणवीर सिंह परिवार सहित तुरंत घर से बाहर निकल गए। फ्लैट में आग की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया और आग की चपेट में दूसरे मकान को आने से बचा लिया। सीएफ ओ राहुल पाल ने बताया कि गुरुवार सुबह 5:30 बजे फायर स्टेशन वैशाली में रणवीर सिंह नए फोन पर सेक्टर 1 के फ्लैट नंबर-1009 में आग लगे की सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सहित दो फायर टैंडर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए।

## भाजपा और कांग्रेस में बंट गए बसपा का वोट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद लोकसभा सीट पर बसपा की हार कोई नई बात नहीं है। पहले भी हाथी मंजिल तक पहुंचने से पहले ही हांफता रहा है। फिर भी इस बार की हार में बसपा के लिए चुभन ज्यादा है, क्योंकि वोट बहुत कम मिले। बसपा के उम्मीदवार 1.93 लाख वोट तक पा चुके हैं जबकि इस बार चुनाव लड़े नंद किशोर पुंडीर को महज 75,525 वोट मिले हैं। साफ लग रहा है कि बसपा के बाकी वोट कांग्रेस और भाजपा में बंट गए।


## पूर्वोत्तर रेलवे
### खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:

**ई-निविदा संख्या :** NER-LJN-2024-89 (Two Packet System), **कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम/लखनऊ ज. के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर कैण्ट-गोण्डा ज. (अप एवं डाउन) कुल 37.106 ट्रैक कि.मी. एवं मनकापुर-अयोध्या (एकल लाइन) 35.744 ट्रैक कि.मी. कुल 72.85 ट्रैक कि.मी. आइ.एस.डी. का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 11,22,15,242.86, **अग्रिम धन :** रु. 7,11,100.00, **समापन अवधि :** 24 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-89 के लिए ई-निविदा दिनाक 03.09.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**
मुजाधि/डब्ल्यू-102
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें


## टेलीग्राम ग्रुप बनाकर हो रही साइबर ठगी

**नोएडा :** साइबर जालसाजों के लिए टेलीग्राम ग्रुप सबसे सुरक्षित ठिकाना बन गया है। टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़कर साइबर जालसाज एक तरफ ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं तो दूसरी तरफ लोगों का डाटा भी बेचा जा रहा है। यहां पार्ट टाइम नौकरी दिलाने से लेकर क्रिप्टो निवेश के नाम पर फ्रॉड हो रहा है। पिछले महीनों में टेलीग्राम पर गूगल रिव्यू व शेयर मार्केट में निवेश की सबसे अधिक साइबर ठगी हुई। पिछले दो महीने में 30 से अधिक बड़ी साइबर क्राइम की घटनाएं सामने आई हैं। इनमें 10 से अधिक मामले टेलीग्राम ग्रुप से जुड़े हैं। सोशल नेटवर्किंग एप व्हाट्सएप के बाद टेलीग्राम लोगों के बीच सबसे अधिक लोकप्रिय है। हाल के दिनों में टेलीग्राम एप पर पार्ट टाइम नौकरी, घर बैठे लाखों कमाने का झांसा देकर ठगी की घटनाएं हों या क्रिप्टो में निवेश कराने के मामले। इस तरह की घटनाएं बढ़ी हैं।

**टेलीग्राम पर डाटा बेचने की शिकायतें :** टेलीग्राम पर लोगों का प्राइवेट डाटा खुलेआम शेयर किया जा रहा है और ग्रुप पर बोली लगाई जा रही है। साइबर जालसाज लोगों के डाटा खरीद रहे हैं और उनके खाते में सेंधमारी कर रहे हैं। साइबर क्राइम एक्सपर्ट प्रो. त्रिवेणी सिंह का कहना है कि इस तरह के गिरोह सक्रिय हैं। पुलिस की टीम इसकी जांच कर रही है और सोर्स के बारे में पता लगा रही है।


## उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र

संदर्भः निविदा सूचना संख्या 103/2023–2024 दिनांक 20.03.2024, क्र.सं. 13 निविदा संख्या 77239072RGC खुलने की तिथि 06.06.2024
उपरोक्त संदर्भित निविदा की खुलने की तिथि 06.06.2024 से बढ़ाकर 27.06.2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
दिनांकः 06.06.2024 1686/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गुमशुदा की तलाश


निशा कुमारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **निशा कुमारी, पिताः राम जी चौधरी, पताः मकान नंबर RZE–31, गली नंबर 2, निहाल विहार, नांगलोई, दिल्ली जोकि दिनांक 28.05.2024 को सुबह 9.00 बजे से अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 94A, दिनांक 27.05.2024** पुलिस थाना निहाल विहारी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई हैः

**नामः निशा कुमारी, उम्रः 22 वर्ष, कदः 5'2", चेहराः लंबा, रंगः गेहुँआ, बनावटः मध्यम, पहनावाः नीले रंग की टी–शर्ट व लाइनिंग प्लाजो और पैरों में चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639**

**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली**
**फोनः 7065036129**
**DP/6442/OD/2024**

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक **अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्रः अज्ञात पताः अज्ञात, उम्रः** लगभग 60–65 साल **जोकि दिनांक 02.06.2024 को प्लेटफार्म नं. 2, पिलर नं. एल–31 के पास आनन्द विहार ट., दिल्ली** पर मृत पाया गया। इस बाबत **DD No. 03A, थानाः आनन्द विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है। इसके मृत शरीर को पहचान के लिए जीटीबी अस्पताल मोर्चरी, दिल्ली में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है। नीचे मृत व्यक्ति का शारीरिक विवरण दिया गया हैः

**उम्रः** 60–65 साल, **कदः** 5'7", **रंगः** गेहूँआ, **चेहराः** लम्बा, चेहरे पर सफेद दाढ़ी, **शरीरः** मध्यम, **पहनावाः** पीले रंग की शर्ट एवं पट्टेदार नेकर, अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/6765/Rly/2024**

**थानाध्यक्ष**
**थानाः आनन्द विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोनः 8750871314**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा अन्तर्गत 82(2) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रजनी पत्नी जोगिंदर निवासी, जी-3, लक्ष्मी पार्क, निहाल विहार, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No: 93/2011 U/s 33/38 DE Act** के तहत एक मामला **थाना निहाल विहार** में दर्ज किया और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रजनी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **रजनी** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **रजनी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**थाना भार्गव राव**
**एमएम कमरा नः 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/6816/OD/2024**

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 50 साल, **कदः** 5'6", **लिंगः** पुरुष, **रंगः** साँवला, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहचान चिन्हः** दाएँ हाथ पर टैटू का निशान, **पहनावाः** सफेद रंग की धारीदार कमीज और सफेद रंग की पैंट, **बरामदी स्थलः** जो नजफगढ़, दिल्ली स्थित छावला बस स्टैंड के पीछे एमसीडी पार्क में मृत अवस्था में पाया गया था। मृतक के शव को पहचान के लिए आरटीआरएम अस्पताल, जाफरपुर कलां, दिल्ली के शवगृह में संरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 124A, दिनांक 03.06.2024, पुलिस स्टेशनः नजफगढ़, नई दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशनः नजफगढ़, नई दिल्ली**
**फोनः 9643695472**
**DP/6943/DW/2024**


## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डर नं0:** पी0आर0वाई0जे0-सिग-405-2024-25 **दिनांकः** 04.06.2024

### ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता / समन्वय / उत्तर मध्य रेलवे / प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 26.06.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के बरहन-एटा में (05) और टूंडला-एत्मादपुर खंड में (01) ट्रेंस पास स्थानों पर सीमित ऊंचाई वाले सबवे के प्रावधान हेतु का एस एंड टी कार्य।

**अनुमानित मूल्य (रूपये में):** ₹ 1698590.04 (सोलह लाख अठ्ठानबे हज़ार पाँच सौ नब्बे रूपये और चार पैसा मात्र), **निविदा प्रतिभूति / धरोहर राशि (रूपये में):** ₹ 34000.00, **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह, **निविदा बन्द होने/खुलने की तिथिः** 26.06.2024

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जायेगी। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जायेगी। **निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **15.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी। **निविदा की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **967/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## SPLIT NAME

I, Durlabh Shah Bishnoi permanent R/o House no. 1227, Ward No. 19, Arjun Nagar, Opp. Bus Stand, Karnal, Haryana-132001 have split my daughter's name from Dyuti Shah given name and surname column blank as given in old passport bearing no. M8231476 to Dyuti as given name and Shah surname in her new passport bearing number X4331071.

## बेदखली सूचना

**मैं जो कि साधु राम पुत्र रामभज निवासी खेड़ी गुज्जर तहसील गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरे सगे पुत्र सागर व दीपक मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हु। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

हरियाणा सरकार

"हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (HAPPY) से लाखों परिवारों को सीधे लाभ पहुँचाने का यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह योजना गरीब परिवारों को मुफ्त यात्रा उपलब्ध करने के साथ ही उन्हें आवागमन में सहूलियत प्रदान कर रही है।"

-नायब सिंह



# हरियाणा सरकार द्वारा गरीब परिवारों के सभी सदस्यों को सरकारी बसों में

## प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक मुफ्त सफर की सुविधा




## हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना HAPPY



## आज से प्रदेश के सभी 36 डिपो/सब डिपो पर नए कार्ड का वितरण शुरू




नए कार्ड के वितरण हेतु

**राज्य स्तरीय समारोह**

मुख्य अतिथि

# श्री नायब सिंह

मुख्यमंत्री, हरियाणा

दिनांक - 7 जून, 2024 । समय - सायं 3 बजे

स्थान - मंगल सेन ऑडिटोरियम, नजदीक बस अड्डा, करनाल

नया कार्ड प्राप्त करने या आवेदन हेतु क्यू आर कोड स्कैन करें

हेल्पलाइन नं.
0172-5200600

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**वंचित को वरीयता**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# हरियाणा ने किए लू से निपटने के लिए व्यापक उपाय: मुख्य सचिव

## वभाग ने विशेष रूप से गर्मी से होने वाली बीमारियों के उपचार हेतु आपूर्ति के लिए 26.75 करोड़ रुपये आवंटित किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने लू के प्रभाव को कम करने और आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए व्यापक उपाय किए हैं। राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी उपायुक्तों और हितधारक विभागों के प्रशासनिक सचिवों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। इनमें लू से निपटने के लिए प्रभावी रणनीति की आवश्यकता और कार्यों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नामित करने पर बल दिया गया है। इसके अलावा, राज्य सरकार ने जलवायु परिवर्तन पर ड्राफ्ट एक्शन प्लान भी तैयार कर लिया है, जिसे शीघ्र ही केन्द्र सरकार को भेजा



जाएगा। इसके अलावा, जलाशयों की गाद निकालने के लिए जल्द ही एक कार्य-योजना लागू की जाएगी। श्री टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने यह बात आज केंद्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में नेशनल क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी (एन.सी.एम.सी.) की बैठक में भाग लेने के बाद कही। यह बैठक देश के कई हिस्सों में चल रही लू की स्थिति से निपटने के लिए की गई तैयारियों और प्रतिक्रिया उपायों की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। उन्होंने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। इनके माध्यम से फोन करने पर तुरंत पानी के टैंकर भेजे जाते हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि मई के मध्य से ही हरियाणा लगातार लू के कारण भीषण गर्मी की स्थिति से जूझ रहा है। कई क्षेत्रों में लोगों को लंबे समय से अत्यधिक गर्मी का

**बैठक**

**▶▶ स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रमुख स्थानों पर ओरल रिहाइड्रेशन कॉर्नर स्थापित किए गए हैं**


सामना करना पड़ रहा है और सिरसा में 28 मई को 50.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में आंधी-तूफान के कारण गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन जल्द ही तापमान में फिर से वृद्धि होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में भीषण लू के चलते स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने प्रभावी उपाय किए हैं। विभाग का लक्ष्य त्वरित चिकित्सा प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना और आमजन को इससे सुरक्षित रहने में सक्षम बनाना है।

**वित्तीय सहायता और चिकित्सा अवसंरचना :** विभाग ने विशेष रूप से गर्मी से होने वाली बीमारियों के उपचार हेतु आपूर्ति के लिए 26.75 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इससे प्रत्येक जिले में हीटस्ट्रोक और संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त, गर्मी से होने वाली थकावट या डी-हाइड्रेशन वाले लोगों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रमुख स्थानों पर ओरल रिहाइड्रेशन कॉर्नर स्थापित किए गए हैं। आपात स्थिति की संभावना के दृष्टिगत, एम्बुलेंस को हाई अलर्ट पर रखा गया हैं।

# नोटा ने हरियाणा में क्षेत्रीय दलों के विकेट उखाड़ दिए

**दावा**

**▶▶ कांग्रेस ओर भाजपा दोनो ही हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीट जीतने का दावा कर रही थी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में लोकसभा चुनाव परिणामो ने जहा भाजपा और कांग्रेस को उम्मीद के मुताबिक सीट न मिलने पर चौकाया वही क्षेत्रीय दलों को भी निराश किया। हरियाणा में क्षेत्रीय दल नोटा से भी कम वोट ले पाए। कांग्रेस ओर भाजपा दोनो ही हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीट जीतने का दावा कर रही थी।जहां कांग्रेस और बीजेपी को पांच-पांच सीटें मिली। वहीं क्षेत्रीय दलों को नोटा ने पीछे छोड़ दिया। इस बार प्रदेश में 43 हजार से ज्यादा लोगों ने नोटा बटन दबाया। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में नोटा को सबसे ज्यादा वोट किया गया।जननायक जनता पार्टी (जजपा) के उम्मीदवार अंबाला और फरीदाबाद में नोटा (उपरोक्त में कोई नहीं) से भी हार गए।

इसी तरह गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के उम्मीदवार सोराब खान नोटा से हार गए। प्रदेश में सभी दस लोकसभा सीटों पर कुल 223 प्रत्याशी मैदान में थे जिनमें से 168 (75 प्रतिशत) नोटा से हारे हैं। प्रदेश में कुल 43 हजार 539 लोगों ने नोटा का बटन दबाया। सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला रहा। हालांकि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता के साथ इनेलो के अभय चौटाला ने जरूर दमखम दिखाया, जबकि सिरसा में इनेलो प्रत्याशी संदीप लोट के खाते में अच्छी खासी वोट आई। बाकी अन्य सीटों पर इनेलो के साथ जजपा भी चुनावी रण में पिछड़ गई।

# फरीदाबाद में लकड़ी मिस्त्री की हत्या के आरोप में दो काबू



**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद: कार**पेंटर किशन की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नाजिम तथा कमल का नाम शामिल है। दोनों आरोपी पल्ला थाना एरिया में स्थित सूर्य विहार कॉलोनी के रहने वाले हैं। बीती 31 मई की रात आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी आरोपी प्रदीप के साथ मिलकर सूर्य विहार के ही रहने वाले कारपेंटर किशन की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। मृतक किशन का दोस्त राजू भी उसके साथ था जो जिसने उस रात वहां से भागकर अपनी जान बचाई थी। रात के समय किशन और राजू घर से बाहर गए हुए थे। जहां आरोपी

**काबू**

**▶▶ पुलिस को मिली सफलता, गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नाजिम तथा कमल का नाम शामिल है,**

नाजिम, कमल तथा प्रदीप भी आए हुए थे। सभी पांचों व्यक्ति एक ही कॉलोनी के रहने वाले हैं। दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और गुस्से में आकर नाजिम ने किशन के सिर पर कांच की बोतल दे मारी। किशन और राजू अपना मोटरसाइकिल छोडकर वहां से भाग गए लेकिन आरोपियों ने किशन को जान से मारने की नीयत से प्रदीप की मोटरसाइकिल पर उनका पीछा किया।

# गौशालाओं में रहने वाले पशुओं की तैयार होगी रिपोर्ट

**निर्देश दिए**

**▶▶ यह इंसान का कर्तव्य है कि अपने समकक्ष जीवन यापन करने वाले जानवरों का ध्यान रखें**



**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद: अतिरिक्त** उपायुक्त राहुल मोदी ने पशुपालन विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिए कि वे सभी गौशालाओं की सर्वे रिपोर्ट तैयार करें कि किस गौशाला में कितने पशु रह रहे हैं और उसमें कितना स्थान खाली है, इसकी विस्तृत रिपोर्ट पुलिस विभाग को भी दी जाए, ताकि पुलिस द्वारा अवैध तस्करी द्वारा पकड़े गए पशुओं को फोरी तौर पर इन गौशालाओं में रखा जा सके। उन्होंने कहा कि पशु क्रूरता बारे लोगों को भी जानकारी होनी चाहिए। पुलिस विभाग और समिति सदस्यों के लिए भी जागरूकता शिविर आयोजित किए जाए। एडीसी राहुल मोदी गुरुवार को अपने कार्यालय में पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक ले रहे थे। बैठक में बड़ोपल में बनाए जाने वाले पशु आश्रय (इनफर्मरी) के बजट बारे चर्चा हुई। इस पशु आश्रय के लिए सरकार से बजट मांगने पर विचार हुआ। उसके उपरांत उसमें किस प्रकार की सुविधाएं हो, इस पर विचार विमर्श किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारियों से यह भी कहा कि जिला में किसी भी प्रकार की पशु क्रूरता व तस्करी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जानवर अपनी भावनाओं को प्रकट करने में असमर्थ होते हैं, तो यह इंसान का कर्तव्य है कि अपने समकक्ष जीवन यापन करने वाले जानवरों का ध्यान रखें। बैठक में आवारा कुतों द्वारा वन्य जीवों को नुकसान पहुंचाए जाने पर भी विचार विमर्श हुआ।


# इग्नू की परीक्षाएं 7 जून से शुरू होंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा इग्नू की परीक्षाएं पुरे भारत वर्ष में 7 जून से शुरू होने जा रही हैं जो कि 13 जुलाई,2024 को समाप्त होंगी। इग्नू द्वारा पात्र विद्यार्थियों को हॉल टिकट जारी किये जा चुके हैं। हॉल टिकट इग्नू की वेबसाइट इग्नू.एसी.इन पर अपलोड किये जा चुके हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, सिरसा, सोनीपत, पानीपत, रोहतक और यमुनानगर जिलों में इग्नू द्वारा कुल 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए है, जिनमें से 9 परीक्षा केंद्र हरियाणा की विभिन्न जेलों में स्थापित किये गए हैं। जून माह में होने वाली परीक्षाओं में जिला करनाल के अंतर्गत कुल 5 परीक्षा केंद्र स्थापित किये हैं जिनमें से एक परीक्षा केंद्र करनाल जेल में है। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं बहुत व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित करवाने के लिए सभी इंतजाम कर लिए गए हैं। सभी परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र पर 30 मिनट पहले पहुंच जाएं।

# योग के माध्यम से ही जीवन का समग्र विकास संभव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के परिसर में गुरुवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के दौरान एक भव्य विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने की। डॉ. मनीष कुकरेजा ने योग में वर्णित आसनों व शुद्धि क्रियाओं और रोगोपचार में इसकी भूमिका पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



उन्होंने अपने शोध विषय को साझा करते हुए सभी से योग को नियमित जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अगर योग में आसन क्रिया को छोड़ दिया जाए तो प्रतिदिन मनुष्य योग करता है, उसके मार्ग अलग-अलग है जैसे ज्ञान योग, भक्ति योग और कर्मयोग, जो भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में कर्म को सर्वोपरी माना गया है।

# साइबर अपराध में संलिप्त एक लाख से अधिक मोबाइल नंबर हुए ब्लाक

**कार्रवाई**

**▶▶ अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर अब तक कुल 1 लाख 11 हजार 349 मोबाइल नंबर किए गए है ब्लॉक,**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध में संलिप्त मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करने में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर यह हरियाणा पुलिस की दूसरी बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के अनुसार 1 जनवरी 2024 से 31 अप्रैल, 2024 तक देश भर में साइबर अपराध में शामिल कुल 5 लाख 46 हजार मोबाइल नंबर ब्लॉक किए गए जिनमें से 1 लाख 11 हजार मोबाइल नंबर हरियाणा पुलिस द्वारा बंद करवाए गए। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा रोजाना नए-नए तरीके अपना कर लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाणा पुलिस द्वारा 1 जनवरी से 31 मई,2024 तक अलग-2 क्षेत्रों से 1668 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से लगभग 400 साइबर अपराधी हरियाणा राज्य से हैं जबकि लगभग 1200 साइबर अपराधियों को देशभर में साइबर अपराध के हॉटस्पॉट क्षेत्र जैसे असम, राजस्थान, झारखंड, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में रेड करके पकड़ा गया। हरियाणा पुलिस द्वारा देशभर में ऐसे 50 हॉटस्पॉट क्षेत्रों को सूचीबद्ध किया गया है।

**टेलीकॉम कंपनियों के साथ बनाई प्रभावी रणनीति:** श्री कपूर ने बताया कि साइबर अपराध में इस्तेमाल होने वाले मोबाइल नंबरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि साइबर अपराधियों द्वारा इन मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करते हुए लोगों के साथ साइबर ठगी की जाती है। साइबर अपराध में शामिल इन नंबरों को बंद करवाने के लिए प्रभावी योजना बनाई गई। इन मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करने को लेकर तीन प्रकार के एक्शन प्लान बनाए गए। हरियाणा पुलिस द्वारा टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई और संदिग्ध मोबाइल नंबरों को बंद करवाने की कार्ययोजना तैयार की गई और 1,11,349 मोबाइल नंबर को ब्लॉक करवाया गया जो कि देशभर में सबसे अधिक है।

**अकेले नूंह जिला में पकड़े 18 हजार 886 साइबर अपराधी:** हरियाणा में हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान करते हुए उन्हें सूचीबद्ध किया गया जहां से साइबर फ्रॉड के सबसे अधिक फोन किए जाते हैं। प्राप्त सूची का विश्लेषण करने पर पाया गया कि हरियाणा के जिला नूंह से इस प्रकार के मामले सबसे अधिक रिपोर्ट किए जा रहे हैं। जिला नूंह में सक्रिय साइबर अपराधियों द्वारा अन्य राज्यों से मोबाइल नंबर लाकर उनका इस्तेमाल साइबर फ्रॉड के लिए किया जा रहा है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सफलता का केंद्र बनेगा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुवि का महात्मा गांधी आईएएस कोचिंग संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक छात्रों के लिए पिछले कई वर्षो से सराहनीय कार्य कर रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रम संस्थान के द्वारा निरंतर आयोजित किए जाने चाहिए ताकि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को न केवल मार्गदर्शन मिले बल्कि उनको निरंतर प्रेरणा भी मिलती रहे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सफलता का केन्द्र बनेगा।



वे गुरुवार को सीनेट हॉल में महात्मा गांधी आईएएस कोचिंग संस्थान द्वारा 6 से 9 जून तक आयोजित एचसीएस - साक्षात्कार मार्गदर्शन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा राज्य की सबसे पुरानी व हरियाणा प्रदेश की पहली ए - प्लस - प्लस ग्रेड यूनिवर्सिटी है जहां 49 विभागों में 200 से अधिक शैक्षणिक प्रोग्राम पढ़ाए जा रहे हैं। देश में सबसे पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभी यूजी प्रोग्राम्स में सत्र 2022-23 से एनईपी - 2020 को लागू

**मार्गदर्शन**

**▶▶ आईएएस कोचिंग संस्थान द्वारा तीन दिवसीय एचसीएस साक्षात्कार मार्गदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ किया**

किया जा चुका है व सम्बन्धित महाविद्यालयों में सत्र 2023-24 से सभी प्रावधानों के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 को लागू किया गया है। विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा देने के लिए पेंटेट दर्ज करने के लिए इको सिस्टम विकसित किया गया है। शोध के क्षेत्र में केयू ने 60 से ज्यादा पेटेंट दर्ज किए हैं व 30 प्रकाशित भी किए जा चुके हैं। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि खेल के क्षेत्र में प्रख्यात माका ट्रॉफी में केयू ने लगातार दूसरे वर्ष तीसरा स्थान व 37वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में राजकीय विश्वविद्यालयों में प्रथम व ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है।

संस्थान के निदेशक प्रो. जोगिन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्रीमती सुमेधा कटारिया ने कहा कि साक्षात्कार के दौरान आप दबाव महसूस मत करें।

# फतेहाबाद में कोल्ड ड्रिंक के पैसे नहीं देने पर दो गुटों में खूनी संघर्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद: शहर** के नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी में बुधवार आधी रात को दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर थप्पड़-मुक्के चले, जिससे इमरजेंसी में हडकंप मच गया। डयूटी पर मौजूद डॉक्टर व स्टाफ ने अपना केबिन बंद कर लिया और छिपकर जान बचाई।

ढाणी माजरा में रात को कोल्ड ड्रिंक की बोतल को लेकर दुकान पर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग अस्पताल में उपचार करवाने के लिए पहुंचे और फिर यहां पर भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर हुई लड़ाई को लेकर

**हंगामा किया**

**▶▶ अस्पताल की इमरजेंसी में भी किया हंगामा, मचाई तोड़फोड़, कार्यक्रम का शुभारंभ**

डॉक्टर ने अस्पताल चौकी में सूचना दी लेकिन कोई नहीं पहुंचा। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई और एसएमओ डॉ.सुभाष को बताया गया। मौके पर पहुंची डायल 112 टीम के बाद दोनों पक्ष शांत हुए। मामले की वीडियो सामने आई जिसमें इमरजेंसी में दोनों पक्ष आपस में लड़ते हुए नजर आ रहे है। नागरिक अस्पताल में दाखिल ढाणी माजरा निवासी संदीप ने बताया कि उसकी गांव में ही किरयाणा की दुकान है। दुकान पर एक युवक कोल्ड ड्रिंक की बोतल लेने के लिए आया।

जब उसने रुपये मांगे तो देने से मना कर दिया और कहा कि जबरदस्ती लेकर जाएंगे। इसी बात को लेकर विवाद हो गया और 10 से 12 युवकों ने हमला कर दिया। मौके पर मौजूद राजेंद्र, रोबिन और सौरभ ने बचाने का प्रयास किया तो उन पर भी हमला किया गया। इसके बाद वह अस्पताल में आकर दाखिल हो गए।

# हरियाणा ने मांगी पद्म पुरस्कारों के लिए सिफारिशें

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/अंकुश जैन**

**हरियाणा** सरकार ने पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सहित प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की सिफारिशों के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शुमार इन पुरस्कारों की घोषणा 26 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद द्वारा ने राज्य के सभी प्रशासकीय सचिवों, मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों को लिखे एक पत्र में निर्देश दिए हैं कि पद्म पुरस्कारों के लिए सिफारिशें 15 अगस्त, 2024 तक भेजी जानी चाहिए। केवल ऑनलाइन भेजे गए नामांकनों पर विचार किया जाएगा और निर्धारित समय-सीमा के बाद




प्राप्त किसी भी नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। पद्म पुरस्कारों, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार माना जाता है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इन पुरस्कारों की घोषणा कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों और योगदान के दृष्टिगत की जाती है। ये पुरस्कार जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के आधार पर बिना किसी भेदभाव के सभी व्यक्तियों के लिए हैं। पुरस्कारों को शासित करने वाले

**आवेदन**

**▶▶ सम्मानों में शुमार इन पुरस्कारों की घोषणा 26 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी**

विस्तृत कानून और नियम आधिकारिक वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। विगत में, यह देखा गया है कि जब कई नामांकन प्राप्त होते हैं, तो ऐसे योग्य व्यक्ति भी हो सकते हैं, जिनके असाधारण योगदान को उनकी विनम्रता और सार्वजनिक ध्यान की कमी के कारण अनदेखा कर दिया गया हो। इसलिए, ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए, जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियाँ मान्यता योग्य हैं, और उनकी ओर से उपयुक्त नामांकन प्रस्तुत किए जाएं। इन योग्य व्यक्तियों की मान्यता से निस्संदेह पद्म पुरस्कारों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नामांकन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए, नामांकनों की पहचान करने, विचार विचार करने और सिफारिशों अंतिम रूप देने के लिए एक विशेष सर्च कमेटी का गठन किया जा सकता है। अनुशंसित व्यक्तियों ने असाधारण आजीवन उपलब्धियां हासिल की हों और उनमें एक्सीलेंस प्लस के मानदंडों का समावेश हो। इन पुरस्कारों के लिए व्यक्तियों की सिफारिश करते समय उच्चतम मानदंड लागू किए जाने चाहिए।

# नव निर्वाचित सांसद सतपाल ने जताया मतदाताओं का आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सांसद सतपाल** ब्रह्मचारी वीरवार सुबह कांग्रेस पार्टी के मुख्य चुनावी कार्यालय पालकी बैंक्वेट में पहुंचे जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना और चुनाव में सहयोग के लिए सबका धन्यवाद किया। इस अवसर पर सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सांसद का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि उनकी जीत सारी 36 बिरादरी और समाज के सभी वर्गों की जीत है। वो अपनी जीत का श्रेय पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सांसद राहुल गाँधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा सहित सभी स्थानीय विधायकों और नेताओं को देते है। साथ ही वो सोनीपत लोकसभा के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं का विशेष तौर से धन्यवाद करते हैं जिन्होने बेहद कम समय में दिन रात चुनाव प्रचार कर पार्टी को विजय दिलाई।



वो अपनी जीत पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित करते हैं। साथ ही शहरवासियों को भरोसा दिलाते हैं कि वो आम जन की सेवा के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि वो सोनीपत के विकास के लिए देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में बतौर सांसद क्षेत्र की आवाज मजबूती से बुलंद करेंगे। सोनीपत से अपराधियों का सफाया और बेरोजगारी दूर करना उनकी प्राथमिकता में रहेगा। दिल्ली से सोनीपत तक मेट्रो लाइन का विस्तार और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए ट्रामा सेंटर बनवाना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। सोनीपत को विकास पथ पर आगे बढ़ाना उनका एकमात्र लक्ष्य है। सोनीपत लोकसभा के मतदाताओं ने उन पर जो भरोसा जताया है वो उन सबकी आशाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली प्रचंड जीत इस बात का संकेत है कि आने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद बुजुर्गों को 6 हजार रु प्रतिमाह पेंशन ,गरीब लोगों को 100 -100 गज के मुफ्त प्लाट दिए जायेंगे और समाज कल्याण के सभी कार्य किये जायेंगे। प्रदेश में उद्योग धंधे लगवाकर बेरोजगारी को दूर किया जायेगा।

इस दौरान उनके साथ विधायक सुरेंद्र पवार,पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, मेयर निखिल मदान, अशोक सरोहा, मनोज रिढ़ाऊ, सुरेंद्र छिकारा, बिजेंद्र आंतिल,राजकुमार कटारिया,संजय खेवड़ा,भगत सिंह तुशीर, संजीव दहिया,जयवीर आंतिल, जयभगवान आंतिल,कुलदीप वत्स, सतीश कौशिक,राजेश कौशिक, ललित पवार,भलेराम जांगड़ा, कमल हसीजा, संजय बड़वासनी, संजय खत्री,रामकरण जांगड़ा, सतबीर निर्माण,राजकुमार गर्ग, पवन गर्ग,आशु गोयल,शमशेर शर्मा, राहुल शर्मा,मनीष सैनी,सुरेंद्र बैरागी, कुलबीर सरोहा, बिन्नी भारद्वाज, राकेश नरवाल,सतीश खटक, रवि मेहरा, सौरभ सचदेवा,प्रेम रेलन, नरेश अरोड़ा,पवन बंसल,रवि मेहरा, जयवीर छौकर ,रामफल सैनी, राजकुमार राई, हरीश त्यागी,गुलाब जोगी, पुष्पेंद्र योगी,अनुज जैन, सूरज जैन,
गौरव भारद्वाज,गौरव आंतिल,काला लहराडा,मेवा सिंह,राज सिंहमार,नरेंद्र पराशर,नरेंद्र गोयल, नीटू मलिक, राजेश दहिया,प्रवीण सैनी, संतोष गुलिया,संतोष कादियान,नीलम बाल्यान, शीला आंतिल,रीना मलिक,कमला मलिक,रीना राठी,पूनम खोखर,प्रोमिला मलिक,रेखा राना, कृष्णा प्रजापत,सोनू प्रजापति,वीरेंद्र पहल,वीरेंद्र प्रजापत,मीना धनखड़, सुषमा पार्षद,अंजू बाला खटक,रणबीर दहिया,सोनू सूद,सोनू शर्मा,कपिल जांगड़ा,राजबीर कश्यप,रीना राठी, कमलेश पंचाल,कलावती पांचाल, निर्मला, राजेश दहिया,पांचाल,बिमला मलिक, दिनेश हुडा,महावीर जांगड़ा, संजय चौहान,रणबीर महाशय, सुरेश जोगी,रवि इंदौरा,रवि कपूर, सुलोचना रुद्रा, नीतू दहिया,रामनिवास धीमान,प्रेम धानक,राजेंद्र जांगड़ा,राजेंद्र गौड़, सुरेश भारद्वाज, जोगेंद्र श्योराण, बंसी कुंडू, रणदीप दहिया, रवि दहिया, विकास मेहरा, जयसिंह बोहोत,कोमल मिस्त्रा जितेंद्र वर्मा,विक्की पहलवान, सतीश सिवाच,राजमल चहल,सुमेर प्रधान, लीलू तिहाड़ा,कृष्ण मलिक, सुरेश सेन, प्रेम गुप्ता, शंकर गुप्ता,जयभगवान वशिष्ठ सहित सोनीपत शहर के विभिन्न संगठनों के जनप्रतिनिधि,कांग्रेस पार्टी के सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पिस्तौल दिखाकर बदमाशों ने किसान की बाइक लूटी

**गन्नौर।** कैलाना गांव के पास खेत से घर लौट रहे किसान को पिस्तौल दिखा कर बदमाश उसकी बाइक लूट कर फरार हो गए। किसान ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में मोई गांव के किसान सतबीर ने बताया कि उसने कैलाना गांव में खेती के लिए जमीन दामों पर ले रखी है। बुधवार की शाम को वह खेत का काम खत्म करके घर लौट रहा था। इस दौरान बाइक पर तीन बदमाश उसके उसके पास आ कर रुके। उनमें से एक बदमाश ने पिस्तौल निकाली और उस पर तान कर उसकी बाइक की चाबी छीन ली। इसके बाद बदमाश उसे जान से मारने की धमकी देकर उसकी बाइक छीन ली और मौके से फरार हो गए। उसने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस जल्द ही बदमाशों का पता लगा कर उन्हें गिरफ्तार कर लेगी।

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड रोहतक के छात्रों ने नीट 2024 में रचा इतिहास

रोहतक। परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने रोहतक में अपने स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में प्रभावशाली स्कोर और ऑल इंडिया रैंक हासिल की है. प्रभावशाली अंक हासिल करने वाले छात्रों में प्रिया जागलान ने 710 अंक और एआईआर 443, पायल ने 710 अंक और एआईआर 518, खुशी ने 697 अंक और एआईआर 2405, अनवी ने 797 अंक और 2476 और प्रियांशी ने 695 अंक और 3310 एआईआर हासिल की है। वहीं रोहतक के कुल 60 छात्रों ने 650 व उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के परिणाम घोषित किए हैं।



स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है.
आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक परमेश्वर झा ने कहा, सभी स्टूडेंट्स को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई. "हमें अपने स्टूडेंट्स की उपलब्धि पर गर्व महसूस हो रहा है. उनका प्रभावशाली स्कोर हमारे छात्रों की क्षमता और हमारी शिक्षण पद्धतियों की प्रभावशीलता के चमकदार उदाहरण हैं. आकाश में, हम अपने छात्रों को उनके सपनों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इन स्टूडेंट्स की सफलता निसंदेह कई और छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी." नीट प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा उन छात्रों के लिए योग्यता परीक्षा के रूप में आयोजित किया जाता है जो भारत में सरकारी और निजी संस्थानों में स्नातक चिकित्सा (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा (बीडीएस) और आयुष (बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस, आदि) पाठ्यक्रम करना चाहते हैं। विदेश में प्राथमिक चिकित्सा योग्यता हासिल करने का इरादा रखने वालों के लिए.आकाश हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए कई पाठ्यक्रम प्रारूपों में नीट कोचिंग प्रदान करता है. हाल के दिनों में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है।

# सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया है फ्लड कंट्रोल रूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: सिंचाई** एवं जल संसाधन विभाग द्वारा फ्लड कंट्रोल रूम कैनाल कालोनी अम्बाला शहर में बनाया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए विभाग के कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार ने बताया कि इस कंट्रोल रूम का फोन नम्बर 0171-4023613 है, जिस पर 8-8 घंटे की शिफ्ट अनुसार कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि यह कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत है।



कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी द्वारा जिला अम्बाला से गुजरने वाली विभिन्न नदियों के पानी के स्तर गेज और डिस्चार्ज की जानकारी नदियों की विभिन्न साईट के सम्बन्धित कनिष्ठ अभियंताओ से सुबह 9 बजे और सांय 4 बजे ली जाती है। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि फ्लड कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी के पास जब वर्षा के दिनो में पानी के जमाव एवं बाढ़ जैसी स्थिति की जानकारी आयेगी तो उन्हें किस प्रकार से उस जानकारी को आगे पहुंचाना है तथा क्या काम करना है, इसके बारे में भी बता दिया गया है।

# सामान चोरी मामले में चोर गिरफ्तार

**पानीपत ,कमाल हुसैन**
**सीआईए टू पुलिस टीम** ने सेक्टर 25 पार्ट टू में स्थित इंस्टाकार्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से 6.50लाख रूपए कीमत के सामान चोरी मामले में एक और चोर व उससे चोरीशुदा मोबाइल खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी अनाज मंडी में चोरीशुदा मोबाइल फोन बेचने की फिराक में घूम रहे थे। सीआईए टू कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को बुधवार देर शाम गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के दो युवक अनाज मंडी में मोबाइल फोन बेचने की फिराक में घूम रहे है। फोन चोरी के होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान अनुप पुत्र अरविंद निवासी ज्ञान नगर सोनीपत व अंकुश पुत्र दिनेश निवासी खरखौदा के रूप में बताई। मोबाइल फोन बारे पूछताछ करने पर दोनों युवक बहाने बाजी करने लगे। गहनता से पूछताछ की तो आरोपी अनुप ने उक्त दोनों मोबाइल सेक्टर 25 पार्ट टू में स्थित इंस्टाकार्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से अक्तूबर 2023 में चोरी करने बारे स्वीकारा।



को पैसों की जरूरत पड़ने पर दोनों आरोपी चोरीशुदा मोबाइल को बेचने के लिए अनाज मंडी में ग्राहक की फिराक में घूम रहे थे। दोनोंआरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा 2 मोबाइल फोन बरामद कर

चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में नीरज पुत्र रमेश चंद्र निवासी सेक्टर 25 पार्ट टू की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ आरोपी अनुप ने चोरीशुदा एक मोबाइल साथी आरोपी अंकुश को कम कीमत में बेच दिया था। बुधवार पूछताछ के बाद पुलिस ने वीरवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। चोरी के उक्त मामले में दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**यह है मामला**
थाना चांदनी बाग में नीरज पुत्र रमेश चंद्र निवासी सेक्टर 25 पार्ट टू ने शिकायत देकर बताया था कि वह पानीपत सेक्टर 25 पार्ट टू में स्थित इंस्टाकार्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के आफिस में हब इंचार्ज कार्यरत है। कंपनी ने ग्राहक तक सामान पहुचाने के लिए दीपक पुत्र देवेंद्र निवासी संजय कॉलोनी, अंकित पुत्र सुनील व मानव पुत्र प्रेम निवासी रानी महल, तुषार पुत्र राजिंद्र निवासी कुटानी रोड़, हसन पुत्र हनीफ निवासी विद्यानंद कालोनी व अभिषेक पुत्र चरण सिंह निवासी बुच्चा खेड़ी शामली यूपी को डिलीवरी बॉय के रूप में काम पर रखा था।

30 अक्तूबर को सामान चौक करने पर 65 पार्सल कम मिले। जिनकी 6 लाख 63 हजार 903 रूपए कीमत है। उन्हे शक है कि उक्त लड़को ने सामान चोरी किया है। शिकायत पर थाना चांदनी बाग में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

# बाढ़ से बचाव की तैयारियों को लेकर डीसी ने ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: उपायुक्त डा. शालीन** ने कहा कि बाढ़ से बचाव हेतू जो भी जरूरी कदम हैं और व्यवस्थाएं की जानी हैं, वे सम्बन्धित विभाग समय रहते पूरी कर लें। उपायुक्त आज पंचायत भवन अम्बाला शहर में बाढ़ से बचाव की तैयारियों को लेकर जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस बैठक में एनएएचआई तथा रेलवे विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त डा. शालीन ने बाढ़ जैसी आपदा के दौरान किस प्रकार से सम्बन्धित विभागों द्वारा आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करना है इस बारे में उन्हें विस्तार से बताया।



उन्होंने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, बीडीपीओ एवं एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट की गाड़ी में पब्लिक एड्रस सिस्टम, टार्च तथा कम से कम 100 फीट लंबाई की रस्सी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के फ्लड कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करे, इसके लिए रोस्टर अनुसार कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाए।
बैठक में सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार ने उपायुक्त को बताया कि कंट्रोल रूम बना दिया गया है। जिस पर कर्मचारियों की डयूटी लगा दी गई है। कंट्रोल रूम का फोन नम्बर 0171-4023613 काम कर रहा है। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फ्लड से सम्बन्धित एक कम्यूनिकेशन प्लान भी तैयार किया जाए तथा जो कर्मचारी कंट्रोल रूम पर डयूटी पर रहेंगे, उनकी परोपर ट्रेनिंग करवाई जाए ताकि उन्हें पता हो कि फ्लड आने पर किस प्रकार से काम करते हुए जानकारी देनी है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग, नगर निगम, एचएसवीपी, पब्लिक हैल्थ, रेलवे सहित सम्बन्धित विभाग अपने-अपने क्षेत्र में नालों एवं ड्रेनों और सिवरेज की सुचारू रूप से सफाई करवाएं तथा नालों से निकलने वाली गाद आदि को वहां से उठवाएं जिससे कि बारीश के दिनों में बाढ़ जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े और निचले क्षेत्रों में पानी का जमाव न हो। उन्होने कहा कि पानी निकालने के लिए पम्प सैट तथा किश्ती/बोट की व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अम्बाला के तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे पंचकूला जिले के तहसीलदार के साथ तालमेल बनाएं कि जो नदियां पंचकूला जिला से होकर जिला अम्बाला में आती हैं, उनमें जब अधिक मात्रा में पानी आए तो वे इसकी जानकारी समय रहते दें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में कम्यूनिटी सैंटर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गुरूद्वारा साहिब तथा धर्मशालाओं में ऐसी व्यवस्था रखी जाए कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में यहां पर लोगों को ठहराने की आवश्यकता पड़े तो उन्हें प्रयोग में लाया जा सके।

# हीट वेव व लू से बचने के लिए नागरिक बरतें विशेष सावधानी: शांतनु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त शांतनु** शर्मा ने कहा कि तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है और हीट-वेव (लू) भी चल रही है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लू के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी होगी। छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल करें। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिन और अत्याधिक गर्मी होने व लू के चलने की संभावना जताई है। इस बारे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी की गई है, जिसके अनुसार नागरिकों को बचाव में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। नागरिकों को पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। वे उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। अगर बीमारी महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। लू से बचाव के लिए समय-समय पर पर्याप्त पानी पीयें, भले ही प्यास न लगी हो। इसके अलावा हल्के रंग के व ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो कड़ी मेहनत की गतिविधियों से बचें। उन्होंने कहा कि बिना कार्य के तपती दोपहरी में घर से बाहर निकलने से बचें। ओआरएस, घर पर बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को फिर से हाइड्रेट करने में मदद करता है।

# घर से लाखों रुपये की राशि व लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सिविल लाइन थाना** क्षेत्र के नरेंद्र नगर में घर से 15 लाख रुपये की राशि सहित सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गली नंबर-3 नरेंद्र नगर निवासी सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि गत 3 जून को अपने मकान पर ताला लगाकर नए मकान ओमेक्स सिटी में चला गया। सुबह आकर देखा तो घर के मैन गेट पर ताला कुंडी समेत काट रखा है। अंदर जाकर देखा तो कमरे के ताले तोड़कर कमरे में रखी लोहे की दो अलमारी से 15 लाख रुपये, दो सोने की चैन, दो सोने के टॉपस, सोने की अंगूठी, दो सोने के लोकेट गायब मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई दलजीत सिंह ने बताया कि मौके का मुआयना कर लिया है। चोरों की तलाश के प्रयास किए जा रहे है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का तपा लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# हत्या की वारदात में शामिल नाबालिग अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: मोहाना थाना पुलिस ने** गली के निर्माण को लेकर हुई कहासुनी में नंबरदार की पीट-पीटकर हत्या करने की वारदात में शामिल एक नाबालिग आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे बाल सुधार गृह में भेजा दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल दो महिलाओं व तीन आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।
गांव नैना ततारपुर निवासी अजमेर ने 2 जून को शिकायत देकर बताया कि उसके गांव में पंचायत की तरफ से गली का निर्माण किया जा रहा है। 31 मई को उसके बड़े भाई सुभाष (40) के साथ गली निर्माण को लेकर पड़ोसी ईश्वर ने झगड़ा कर दिया था। जिसमें उसी दिन आपस में राजीनामा भी हो गया था। जिससे उन्होंने इस बात को भूला दिया। 1 जून को रात करीब 10 बजे उनके भाई सुभाष खाना खाकर गली में घूमने के लिए निकले था। इसी दौरान एक दिन पहले हुए झगड़े की रंजिश में गांव के ईश्वर, उसके बेटे हिमांशु व हन्नी, पत्नी नीलम, भाई संजय व संजय की पत्नी बेबी, ईश्वर के दूसरे भाई बंटी और उसकी छोटी बहन ने उनके भाई पर हमला कर दिया। आरोपितों ने उनके भाई सुभाष पर लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से हमला किया। इतना ही नहीं वह उनके भाई को गली से घसीटकर अपने घर के अंदर ले गए। हमले का पता लगते ही अजमेर अपने भतीजे गौरव को साथ लेकर भाई सुभाष को छुड़वाने के लिए ईश्वर के घर में गए। उन्होंने देखा कि सुभाष जमीन पर पड़ा था और सभी उन्हें पीट रहे थे। जब वह सुभाष को छुड़वाने लगे तो आरोपितों ने गौरव के सिर व मुंह पर चोट मारी। जिससे वह भी घायल हो गए। उन्होंने इस पर शोर मचा दिया। उनका शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। जिसके बाद सुभाष व गौरव को उनके चंगुल से बचाकर वह अस्पताल लेकर पहुंचे। इस दौरान उन्हें मारने की धमकी दी गई। उन्होंने दोनों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उनके भाई सुभाष को मृत घोषित कर दिया था।

# सुनील की हत्या मामले में मास्टर माइंड सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानुपत/कमाल हुसैन**
**पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह** शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन पुलिस टीम ने उरलाना कला गांव निवासी सुनील (20) की हत्या की वारदात का महज 30 घंटे के दौरान पदार्फास कर वारदात के मास्टर माइंड सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान साहिल निवासी उरलाना कला, विपिन निवासी कैथ, रोनक निवासी शाहपुर, निशान निवासी अटावला, विक्की निवासी उरलाना कला व यश निवासी शाहपुर के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि थाना मतलौडा में दीपक पुत्र कृष्ण



निवासी उरलाना कला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह गांव अटावला में स्थित सीएनजी बायो गैस प्लांट में हैल्पर का काम करता है। उसका भतीजा सुनील निवासी उरलाना कला भी प्लांट में काम करता है। दोनों की डयूटी सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहती है। 4 जून को दोनों ड्यूटी पूरी कर दोपहर करीब 2 बजे सुनील की बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। जब वे अटावला से डुमियाना की और चले तो पेट्रोल पंप अटावला डुमियाना रोड से निकलते ही 100-150 मीटर आगे 4 युवक सड़क किनारे पहले से खड़े थे। उनमें दो लड़कों के हाथ में डंडे थे। एक लड़के ने बाइक चला रहे सुनील के सिर में डंडे से सीधा वार किया। जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वे दोनों कुछ दूर खेतों में जा गिरे। गिरने के बाद दूसरा लड़का हाथ में डंडा लिये दोड़कर उनके पास आया और हाथ पर चोट मारी। इसके बाद चारों आरोपी कुछ दूरी पर खड़ी बाइक पर सवार होकर अटावला गांव की तरफ भाग गए। सुनील को डंडा लगने से काफी गहरी चोट लगी थी। उसने दोस्त सावन व सुरजभान को फोन कर मौके पर बुलाया। दोनों दोस्त कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गए और सुनील को इलाज के लिए नजदीक अहर गांव में स्थित एक डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने चोट ज्यादा होने कारण सिविल अस्पताल में ले जाने के लिए कहा। तभी सुनील के परिजन भी अहर गांव में डाक्टर के पास पहुंच गए। जिसके बाद वे सभी सुनील को सिविल अस्पताल में ले गए। जहा इलाज के दौरान सुनील की हालत ज्यादा गंभीर होने के चलते उसे रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान सुनील की मौत हो गई। दीपक की शिकायत पर थाना मतलौडा में हत्या की धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# शेयर बाजार में रुपये लगाने का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठे

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिले में साइबर ठगी** के मामले कम होने का नाम नहीं ले रही है। अलग-अलग मामलों में लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। साइबर थाना पुलिस व संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच शुरू कर रही है।

**पहला मामला-शेयर बाजार में मुनाफा का लालच देकर 54.50 लाख की ठगी**
बहालगढ़ क्षेत्र निवासी प्रमोद ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि उन्हें शेयर बाजार में रुपये लगाने का झांसा देकर उनसे 54.50 लाख रुपये ठगे गए हैं। उनके पास मैसेज भेजकर खुद को बहुउद्देशीय कंपनी जनूस हैंडरसन इनवेस्टर कंपनी का कर्मी बनकर झांसे में लिया। उन्हें शेयर बाजार में रुपये लगाने से पहले ट्रेनिंग दी गई। बाद में ए स्टॉक एनालिसिस वीआईपी ग्रुप में जोड़ा गया। उन्हें कंपनी के आईपीओ में पैसे लगाने पर 20 से 30 फीसदी का मुनाफा होने का झांस देकर 54.50 लाख रुपये उनके दिए खातों में डलवा लिए। उन्हें बताया कि शेयरखान कंपनी में रुपये लगाने पर नुकसान कंपनी को होगा। बाद में पता लगा कि फर्जी कंपनी बनाई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**दूसरा मामला-महिला से टास्क पूरा करने का झांसा देकर 23.36 लाख**
शहर की रहने वाली रंजना ने पुलिस को बताया कि उन्हें टास्क पूरा करने के नाम पर 23.36 लाख रुपये की ठगी की गई है।
रंजना ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि उनके पास 4 नवंबर, 2023 को मैसेज आया था। उन्हें वीडियो लाइक करने के नाम पर 20 रुपये देने की बात कही गई थी। उनसे एक हजार रुपये जमा कराकर 13 सौ रुपये दिए गए। तीन हजार देने पर 48 सौ रुपये दिए गए।

# संपादकीय

## इस बार जनादेश के मायने

**अठारहवीं लोकस**भा के चुनाव परिणाम ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि मतदाता के मन को समझना इतना आसान नहीं हैं। इसी तरह से एग्जिट पोल के परिणामों और धरातलीय परिणामों में अंतर से साफ हो जाता है कि मतदाता खुलता भी नहीं है तो किसके पक्ष में मतदान करके आया है उसे वह मुखर होकर बताता भी नहीं है। चुनाव परिणामों से सट्टा बाजार की भी पोल खुल कर रह गई है। ऐसे में सवाल यह हो जाता है कि मतदाता इस जनादेश के माध्यम से आखिर संदेश क्या देना चाहते है? लोकसभा चुनाव परिणाम से यह तो साफ हो गया है कि मतदाता ने एनडीए को तीसरी बार सरकार चलाने का अवसर दे दिया है। बहुमत के 272 की तुलना में एनडीए को 293 सीटें मिली हैं। यह अलग बात है कि पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भाजपा अकेले स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई। बावजूद इसके वह लोकसभा में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। देखा जाए तो 10 साल बाद किसी भी एक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। इससे यह भी तो स्पष्ट हो जाता है कि सत्ता विरोधी लहर उतनी नहीं रही जितनी दस साल के शासन के बाद सामान्यतः आ जाती है पर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा आदि के माध्यम से मतदाता ने अपनी नाराजगी जाहिर करने में किसी तरह का संकोच भी नहीं किया है। दरअसल जनआकांक्षाओं और सरकार की परफारमेंस के बीच अंतर को पाटने में सरकार पूरी तरह से सफल नहीं रही। हालांकि परफारमेंस के पैरामीटर्स या यूं कहें कि मापदण्ड बदलते रहते हैं। एक बात यह भी स्पष्ट हो जाना चाहिए कि यह मेंडेंट ने केन्द्र सरकार की वर्तमान नीतियों का नकारा नहीं है। दरअसल जनता कहीं न कहीं संतुलन चाहती हैं। सरकारों को जहां एग्रेसिव होना अच्छा लगता हैं वहीं जनता कहीं न कहीं डिलीवरी सिस्टम को लेकर भी चिंतित रहती है। केवल उज्जवल और एग्रेसिव छवि, सफल विदेश नीति, राष्ट्रीयता और राष्ट्रवाद, धर्म, आर्थिक विकास या यूं कहें कि इकोनॉमिक ग्रोथ के साथ ही बहुत से ऐसे कारक है जिन्हें नकारा नहीं जा सकता। इसमें कोई दोराय नहीं कि दुनिया का सबस बड़ा और सफलतम लोकतंत्र हमारे यहां है। लोकतांत्रिक देशों में सर्वाधिक राजनीतिक दलों वाला भी हमारा ही देश है। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था व चुनाव व्यवस्था की सारी दुनिया कायल है। पर इसके साथ ही अब आमजन का मनोभाव यह है कि राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए ना कि मंडी बाजार जैसी एक-दूसरे पर छींटाकशी। वास्तविकता तो यह है कि अब प्रमुख राजनीतिक दलों का काम आरोप-प्रत्यारोप लगाने तक सीमित हो गया है। दूसरी बात धर्म की करें तो उत्तर प्रदेश में अयोध्या की सीट पर भाजपा की हार ने पार्टी को निराश किया है। साफ संकेत हैं कि केवल श्रीराम लला या धर्म के नाम पर ज्यादा दिन नहीं चला जा सकता। एक अन्य बिंदु आर्थिक एजेंडा को लेकर है। कहीं भी मतदाता ने आर्थिक एजेंडे को नकारा नहीं हैं। पर लोग अब महंगाई से त्रस्त हो रहे हैं तो बाजार पर सरकार का नियंत्रण कम होने से परेशान है। जनमानस जहां आर्थिक क्षेत्र में हाई ग्रोथ चाहने लगा है तो सबसे बड़ी समस्या रोजगार के अवसरों को लेकर है। पक्ष व विपक्ष सभी का प्रिय मुद्दा नौकरियां है। सरकार जहां कहती है कि लाखों की संख्या में नौकरी के अवसर विकसित किए हैं वहीं विपक्ष नौकरियां नहीं मिलने की बात करता रहा है।

# ऐतिहासिक चुनाव और परिणाम भी रहे ऐतिहासिक

मृत्युंजय दीक्षित

> “संतोष की बात यह रही कि कम मतदान प्रतिशत और उत्तर पदेश और महाराष्ट्र जैसे बड़े प्रान्तों में अपेक्षित सफलता न मिलने के बाद भी राजग गठबंधन को सामान्य बहुमत के साथ सरकार बनाने का अवसर मिल गया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित विजय कार्यक्रम में अपनी भावी सरकार की रूपरेखा व गारंटियों का एजेंडा भी प्रस्तुत कर दिया। नरेंद्र मोदी जी रहते यह विश्वास बना रहेगा कि भारत सुरक्षित हाथों में है। भाजपा की सीटें कम होने के संभावित कारण- प्रधानमंत्री मोदी को कमजोर करने के लिए अनेकानेक अभियान चलाये गये, षड्यंत्र रचे गए जिसके कारण भाजपा की अपनी सीटों की संख्या कम हो गई”

**वर्ष**- 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम आ चुके हैं। देश के इतिहास में 1962 के बाद पहली बार किसी दल या गठबंधन को लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहा है । इन लोकसभा चुनावों में भीषण गर्मी के बाद भी मतदाता ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में भी रिकॉर्ड वोटिंग हुई । लगभग ढाई महीने लम्बी चली चुनाव प्रक्रिया में प्रारंभ में मतदान का प्रतिशत कुछ कम रहा जिसके कारण सभी राजनैतिक दलों के माथे पर चिंता की रेखाएं भी दिखाई पड़ीं, भारत में माना जाता रहा है कि अगर कम मतदान होता है तो सरकार बदल जाती है किंतु इस बार ऐसा नहीं हुआ है यद्यपि इस बार भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र व हरियाणा के कारण अकेले दम पर बहुमत नहीं मिल सका। पश्चिम बंगाल को छोड़कर चुनाव से लेकर मतगणना तक शांतिपूर्वक संपन्न हो गई । इन लोकसभा चुनावों में भारत की जनता ने यह बता दिया है कि लोकतंत्र में वही सबसे बड़ी भविष्यवक्ता है। अबकी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी गठबंधन ने 400 पार का नारा दिया था वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन कह रहा थ कि वह मोदी जी को किसी भी कीमत पर 400पार जाने से रोकेंगे। जनता ने भाजपा गठबंधन को 292 सीटें देकर सरकार तो बनवा दी है किंतु विपक्ष को भी मजबूत कर दिया है । 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम राजनैतिक उथल- पुथल के पुराने समय की आशंका भी उत्पन्न करते हैं जब गठबंधन सरकारें हुआ करती थीं, संतोष ये है कि इस समय गठबंधन का नेतृत्व मोदी जी के सबल हाथों में है । 024 लोकसभा चुनावों के साथ सपन्न हुए चार प्रान्तों के विधान सभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी या उसके गठबंधन की ऐतिहासिक जीत हुई, जिसमें ओडिशा में पहली बार भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है ,वहीं आंध्र प्रदेश में तेलुगूदेशम के साथ सरकर बनेगी जबकि अरुणांचल प्रदेश में भी भाजपा लगातार तीसरी बार अपनी सरकार बनाने जा रही है। राजग गठबंधन की यह सफलता ऐसी है कि वह जीत कर भी उदास है और वहीं विपक्ष ऐसे हल्ला मचा



रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का जादू उतर गया है जैसे उसे बहुमत मिल गया हो जबकि वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का प्रभाव है कि उनके नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जादू के ही कारण आज भाजपा का परचम लहरा रहा है और उसे मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान से लेकर हिमांचल प्रदेश, उत्तराखंड, दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर राज्यों में अच्छी सफलता प्राप्त हुई है । केरल जैसे राज्य में भाजपा का पहली बार खाता खुल गया है। वहीं तमिलनाडु में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ गया है और उसके 10 प्रत्याशी दुसरे स्थान पर रहे हैं। ये सभी भाजपा के लिए शुभ संकेत हैं। बंगाल अवश्य भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बन रहा है क्योंकि वहां पर भाजपा ने संदेशखाली में महिलाओं पर अमानवीय अत्याचारों का मुद्दा उठाया था, जिससे अपेक्षा थी कि बंगाल में भाजपा की सीटें बढेंगी किंतु वहां पर बढ़ने की बजाय घट गई हैं। बंगाल के लिए आगामी दिनों भारतीय जनता पार्टी को विशेष ध्यान देना होगा। बंगाल में जब तक हिंसा होती रहेगी तब तक भाजपा का बंगाल जीतना बहुत कठिन है। तुष्टिकरण के दम पर ममता ने वहां अच्छी पकड़ बना ली है। सबसे बड़ी निराशा- भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा झटका उप्र में लगा है और सबसे दुखद क्षण अयोध्या (फैजाबाद) संसदीय सीट में भारी पराजय रही।यहाँ की पराजय ने विजय के स्वाद को कसैला कर दिया है जहां भव्य राम मंदिर, एयरपोर्ट, मेडिकल कालेज, नए बस व रेल स्टेशन बनने तथा वंदेभारत ट्रेन की सौगात देने के बाद भी भाजपा हार गई । फैजाबाद में हिन्दुत्व के अश्वमेध के घोड़े को जातिवाद के समीकरणों व तुष्टिकरण की राजनीति ने रोक दिया है। फैजाबाद की पराजय एक बहुत बड़ा सबक व संदेश है हिंदू समाज के लिए। प्रदेश में योगी सरकारआते ही अयोध्या का कायाकल्प आरम्भ हो गया, दीपोत्सव के साथ ही नगर की आभा लौटने लगी, उपेक्षित पड़े क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा में लाया गया। स्वयं मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की देखभाल की, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2024 और उससे पूर्व तथा फिर चुनाव के मध्य भी अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किये तथा भव्य रोड शो निकाला। सब कुछ करने के बाद भी भाजपा का हार जाना दुखद है । संतोष की बात यह रही कि कम मतदान प्रतिशत और उत्तर पदेश और महाराष्ट्र जैसे बड़े प्रान्तों में अपेक्षित सफलता न मिलने के बाद भी राजग गठबंधन को सामान्य बहुमत के साथ सरकार बनाने का अवसर मिल गया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित विजय कार्यक्रम में अपनी भावी सरकार की रूपरेखा व गारंटियों का एजेंडा भी प्रस्तुत कर दिया। नरेंद्र मोदी जी रहते यह विश्वास बना रहेगा कि भारत सुरक्षित हाथों में है। भाजपा की सीटें कम होने के संभावित कारण- प्रधानमंत्री मोदी को कमजोर करने के लिए अनेकानेक अभियान चलाये गये, षड्यंत्र रचे गए जिसके कारण भाजपा की अपनी सीटों की संख्या कम हो गई। विपक्ष ने उत्तर प्रदेश में अनेक अफवाहें फैलाई थीं जिसमें सबसे बड़ी अफवाह यह थी कि मोदी जी प्रधानमंत्री बन जाएंगे तो वह दो महीने बाद योगी जी को मुख्यमंत्री पद से हटा देंगे भाजपा के कार्यकर्ता इस अफवाह पर नियंत्रण नही कर पाये जिसका असर उत्तर प्रदेश व राजस्थान में कई क्षेत्रों में देखा गया। इसी तरह गृहमंत्री जी के भाषण का ए.आई. की सहायता से सम्पादित आरक्षण सम्बन्धी वीडियो भी बड़ा खेल कर गया, जब तक भाजपा कुछ समझ पाती खेल हो चुका था। इन चुनावों में तथाकथित खान मार्केट गैंग ने भी भाजपा को नुकसान पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है।नई दिल्ली से न्यूयॉर्क तक फैले इस गैंग ने संविधान बचाने तथा आरक्षण को लेकर लगातार फेक नैरेटिव चलाये जिसका असर भी चुनाव परिणामों पर दिख रहा है। आरक्षण और संविधान बचाने के नाम पर मुस्लिम व दलित एक साथ हो गये तथा जिन इलाकों में मुस्लिम मतदाता चुनावों को प्रभावित रखने की क्षमता रखता है वहां पर उसने भाजपा को हराने के लिए एकमुश्त मतदान किया है। उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश का बाराबंकी एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर मुस्लिम आबादी बहुत अधिक संख्या में हैं वहां पर उसने भाजपा को हराने के लिए वोट किया है जबकि आम हिंदू मतदाता अपने घरों में बैठा रहा और वह पिकनिक मनाने के लिए निकल गया। कुछ सीटों पर हिंदू मतदाता भाजपा की ओर से अच्छा उम्मीदवार न होने के कारण भी शांत हो गया। लेकिन ये बात शायद कहीं गंभीर है और गहन विवेचना मांगती है क्योंकि राजनाथ सिंह और मोदी जी को भी अपनी अपनी सीटों पर संघर्ष करना पड़ा। अंतिम सत्य यही है कि मतदाता ने एक बार फिर भाजपा गठबंधन को सरकार बनाने व पांच साल सरकार चलाने का सुनहरा अवसर दिया है। यह भाजपा और नरेंद्र मोदी जी के लिए स्वर्णिम अवसर है। मतदाता ने आज भी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने, गगन यान जैसी वैज्ञानिक पहलों और राष्ट्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपना विश्वास केवल और केवल मोदी पर व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही अपने वचनों की गारंटी ले चुके हैं अतः अब हमें भी आने वाले पांच वर्षों की तरह देखना चाहिए ।

# कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## रोकनी होगी भोजन की बर्बादी

रमेश सर्राफ धमोरा

**रोटी, कपड़ा** और मकान मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं मानी जाती है। जिसके बिना मनुष्य का जीवन बहुत मुश्किल है। इसमें रोटी सबसे महत्वपूर्ण है। क्योंकि रोटी के बिना तो मनुष्य जिन्दा भी नहीं रह सकता है। खाद्य सुरक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित किया जाना है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिल सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में हर दस में से एक व्यक्ति दूषित भोजन का सेवन करने से बीमार पड़ जाता है। जो कि सेहत के लिए एक बड़ा खतरा है। कोरोना महामारी के संक्रमण को देखते हुए इस बार विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस संक्षिप्त रूप में मनाया जाएगा। जिसमें लोगों को सेहत से जुड़े मुद्दों पर ऑनलाइन एक-दूसरे के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा। इस बार हम छठवां विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मना रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इससे खाद्य सुरक्षा लेकर लोगों में जागरूकता फैलाई जा सकती है और विश्व स्तर पर खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों को भी ध्यान में लाया जा सकता है। इस दिन को मनाने के पीछे खाद्य सुरक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने का उद्देश्य था। जो खराब भोजन का सेवन करने की वजह से गंभीर रोगों के शिकार बन जाते हैं। भोजन की कमी व दूषित भोजन खाने से प्रतिवर्ष हजारों लोगों की जान चली जाती है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और खाद्य और कृषि संगठन को दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों का नेतृत्व करने और पौष्टिक खाने के प्रति लोगों को जागरुक करने की जिम्मेदारी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 2018 में पहली बार खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया था। इसके बाद पहली बार 7 जून 2019 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूर्व में अपने मन की बात कार्यक्रम में देश की जनता से बात करते हुए लोगों से खाने की बबार्दी रोकने की अपील की थी। उन्होने कहा कि ऐसा करना गरीबों के साथ अन्याय व समाजद्रोह है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि आपने कभी सोचा है कि हम जो जूठन छोड़ देते हैं। उससे हम कितने गरीबों का पेट भर सकते है? उन्होने कहा था कि इस पर सामाजिक जागरूकता बढनी चाहिए। भारत में अनाज को अन्नदेव का दर्जा प्राप्त है। यही कारण है कि हमारे देश में भोजन झूठा छोडना या उसका अनादर करना पाप माना जाता है। मगर आधुनिकता के चक्कर में हम अपने पुराने संस्कार भूल गए हैं। हमारे यहां शादियों, उत्सवों या त्यौहारो में होने वाली भोजन की बबार्दी से हम सब वाकिफ हैं। इसके उपरांत भी हम इन अवसरों पर ढेर सारा खाना कचरे में फेंक है। कई बार तो घरों के आसपास फेंके गए भोजन से उठने वाली दुर्गंध एवं सड़ांध वहां रहने वालों के लिए परेशानी खड़ी कर देती हैं।

# विचार

## नागरिकों में राष्ट्रवादी चरित्र आवश्यक

संजीव

**राष्ट्रीय** चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य परंपरा के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है' राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण नागरिकों के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है' स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न द्रष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे'
वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है' इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है' वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं' आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है' आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं' यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है।
वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार ,लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# व्यंग्य

## सरकारी बाटी नेता जी खाए

रामविलास जांगिड़

**बाटी** चूरमा की उत्पत्ति राजस्थान में मेवाड़ साम्राज्य के संस्थापक बप्पा रावल के शासन में हुई। मैं उस टाइम पर नहीं था, वरना मुझ पर ही बाटी आविष्कार का आरोप लगता। जब मैं बाटी खाता हूं तो क्षेत्र के सारे हाथी आकर मुझे देखने लग जाते हैं। आज घर में कितनी ही जंग हो आटे को रेत में दबाए जाना सख्त मना है। घर में ऐसा कर दिया तो परम शांति काल में भी जंग मच जाता है। जब सैनिक जंग से लौटते तब तक सूरज की चिलचिलाती धूप से रेत में रखे आटे के गोले पककर तैयार मिलते थे। आजकल ऐसा नहीं होता है। पति-पत्नी दोनों नौकरी शुदा होते हैं। तब ऐसी बाटी खाने के लिए उनको बाजार का रास्ता देखना पड़ता है या फिर किसी ओवन में बाटी पकाने का जतन करना पड़ता है। इसके बाद वे सैनिक इन पकी हुई बाटियों को खोदकर निकालते थे और घी मलकर खाते थे। इधर घी मलने के लिए मात्र दलाल और चमचे ही उपलब्ध हैं। इधर बाटी खाने के कुछ रूल्स रेगुलेशन है। एक आचार संहिता, नियम, कायदा है। जैसे भ्रष्टाचार भक्षण के रूल्स रेगुलेशन बने हुए हैं। बाटी-खोरों को एक बड़ा सा कटोरा दिया जाता है। साथ ही उसे भाटे की एक लोडी दी जाती है। इससे बाटी को फोड़ा-कुचला जाता है। उसका कचूमर किया जाता है जैसे मंत्री जी जनता को कुचलते हैं। जब बाटी को इत्मीनान से कुचल दिया जाता है, तो फिर इसमें घी डालने का क्रियाकर्म किया जाता है। शास्त्रों में कहा गया की बाटी खाते समय ऐसे ढीले-ढाले कपड़े पहनें, जैसे कोई आदमी हॉस्पिटल में गहरी बीमारी लेकर भरती होता है।

बाटी खाते समय टाइट जींस अगर किसी जातक ने पहन ली, तो उस जींस का फटना तय है। उसके बाद में जो भी रील बनेगी, वो जाने कितने सोशल मीडिया पर वायरल होगी। टाइट जींस तो सर्वथा वर्जित रहेगी। बाटी-खोर को जमीन पर ही बैठना चाहिए। आलथी-पालथी मार कर बैठते हुए दाएं-बाएं दो व्यक्तियों को बिठा लें, जो आपको लुढ़कने से बचा सकते हैं। इधर हमारे यहां एक बाटी-खोर दिखाई दिया। वह बाटियों को इतनी बेदर्दी से खाता कि अच्छे-अच्छे गधे भी उसके सामने गश खाकर पड़ जाते। बाटी लेता। दाल में मिला नींबू निचोड़ता।

## सब बोलने की बातें हैं

डॉ. सुरेश कुमार

**एक समय था** जब झूठ बोलने पर कौवा काटता था। हो न हो यह कौआ अवश्य महात्मा गांधी जी का होगा। वरना इंसान को काटने की हिम्मत किसमें है। वैसे पर्यावरण परिवर्तन के चलते महात्मा गांधी वाले कौए तो कब के लुप्त हो गए। अब जो बचे हैं वे झूठ बोलने पर नहीं सच बोलने पर काटते हैं। इसीलिए लोग सच बोलने से डरते हैं। सच बोलकर कौन मूर्ख बेमतलब का टिटिम्मा पालेगा। सच बोलकर दूसरों को दूर करने से अच्छा है झूठ बोलकर उनके गले काटना। इस तरह गला काटने पर खून का रंग लाल हो न हो लेकिन स्वाद मीठा होता है। यदि ऐसा न होता तो आए दिन इतने गले कट रहे हैं, क्या वह बिना स्वार्थ वाले मीठे स्वाद का होता। आइंस्टीन ने महात्मा गांधी को हांड-मांस का चलता हुआ क्रांतिकारी महापुरुष बताया। उनकी बात मुझे तब सच लगी जब मैंने मुन्ना भाई एमबीबीएस और मुन्ना भाई लगे रहो में गांधीगिरी को देखा। गांधीगिरी के नाम पर टिकट खिड़कियों पर इतनी भीड़ उमड़ी कि एक बार के लिए लगा हो न हो गांधी जी फिर से वापस आ गए हैं। दो फिल्मों को छह घंटे देखकर छह सेकंड में गांधी जी को भुला देने वाली पब्लिक उनके सिद्धांतों को पुड़िया बनाकर पैरों तले कुचलने में आज की दुनियादारी समझती है। क्या होता अगर सच में गांधी जी के सिद्धांतों पर यह देश काम करता? इसमें सोचने वाली बात क्या है। स्वतंत्रता 1947 में मिली। हम वहीं के वहीं रहते। वह तो शुक्र मनाओ कि गांधी जी 30 जनवरी 1948 को जबरन इस दुनिया से चल बसे। तभी तो हम उनकी याद में असत्य, अहिंसा, अधर्म, अन्याय का सफलतापूर्वक पालन करते हुए यहाँ तक पहुँचे हैं। सच बोलने वाले, धर्म का पालन करने वाले, न्याय का पक्ष धरने वाले, अहिंसा की बातें करने वाले आदमखोर शेर से भी खतरनाक माने जाते हैं। इसीलिए इन्हें जेल में बंद कर दिया जाता है या फिर राष्ट्रविरोधी कहकर उन पर गद्दार का ठप्पा लगा दिया जाता है। अब तो हर जगह झूठ का बोलबाला है साहब। पैंतीस-चालीस रुपए में पेट्रोल देने के नाम पर सरकार बनाने वाले सौ रुपए में पेट्रोल बेचते हैं। कभी गैस सिलेंडर इतने महंगे थे कि एक महान संस्कृति की पक्षधर अम्मा संसद के सामने गलाफाड़ गृहिणी के रूप में सरकार को हिला देती थीं।

## न्यूज फ्लैश

### एईएसएल अंबाला के छात्रों ने नीट 2024 में रचा इतिहास, 18 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 650 व उससे अधिक मार्क्स

**अंबाला ।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अंबाला में अपने 18 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में 720 अंकों में 650 व उससे अधिक अंक हासिल किए हैं।




प्रभावशाली अंक हासिल करने वाले छात्रों में अलिना गर्ग ने 694 अंक, हर्षप्रीत कौर ने 690 अंक, कुशा लांबा ने 687 अंक, अक्ष और कनिका ने 685 अंक हासिल किए हैं। वहीं अंबाला के कुल 18 स्टूडेंट्स ने 650 व उससे अथिक अंक हासिल किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के परिणाम घोषित किए हैं। स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है।

उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है. आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक परमेश्वर झा ने कहा, सभी स्टूडेंट्स को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई. "हमें अपने स्टूडेंट्स की उपलब्धि पर गर्व महसूस हो रहा है. उनका प्रभावशाली स्कोर हमारे छात्रों की क्षमता और हमारी शिक्षण पद्धतियों की प्रभावशीलता के चमकदार उदाहरण हैं. आकाश में, हम अपने छात्रों को उनके सपनों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इन स्टूडेंट्स की सफलता निसंदेह कई और छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी."

### Dynamo is Dead',, 7 जून को History TV18 पर

**नई दिल्ली।**
दुनिया भर में मशहूर जादूगर Dynamo को एक नए अवतार में देखने के लिए तैयार हो जाएं, इस बहुप्रतीक्षित स्पेशल - Dynamo is Dead में। इसका प्रीमियर केवल History TV18 पर शुक्रवार, 7 जून 2024 को रात 9:00 बजे होगा। इस कार्यक्रम में Dynamo के व्यक्तिगत संघर्ष और जीत की कहानी दिखाई जाएगी, जिसमें उनका सबसे खतरनाक करतब शामिल है: जिंदा दफन होना। यह विशेष कार्यक्रम Dynamo के जीवन के अनदेखे पहलुओं को सामने लाएगा। इस दो घंटे की फिल्म में, Dynamo अपने विशाल लगने वाले भ्रम से हटकर आत्म-खोज की यात्रा पर निकलते हैं। अपनी भावनात्मक चुनौतियों का सामना करते हुए और अपनी पहचान पर सवाल उठाते हुए, वे कई उल्लेखनीय व्यक्तित्वों से बुद्धिमत्ता प्राप्त करते हैं, जिनके व्यक्तिगत संघर्ष उनकी सार्वजनिक सफलताओं के पीछे की अनदेखी लड़ाइयों को उजागर करते हैं। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह पूरा होने के ठीक बाद आ रहा यह शो Coldplay और Demi Lovato जैसे संगीतकारों, हेवीवेट बॉक्सिंग चैंपियन Tyson Fury, , और अभिनेत्रियों Cara Delevingne और KÔte Kate Beckinsale सहित कई प्रेरणादायक हस्तियों के साथ स्पष्ट बातचीत दिखाता है, जिन्होंने उनके साथ अपने जीवन की जटिलताओं को समझने के अनुभव बांटे हैं। उनके शक्तिशाली अनुभवों में शामिल हैं नशे से लड़ाई, असफलताओं से मुकाबला और मृत्यु से जूझना भी।




# प्रदेश के लगभग एक लाख लाभार्थियों को मिलेंगे हैप्पी कार्ड

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज करनाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अतिरिक्त** उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी स्कीम) के तहत प्रदेश के लगभग एक लाख लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम 7 जून को सायं 4 बजे करनाल के डा. मंगल सैन ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इस अवसर पर परिवहन मंत्री असीम गोयल भी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। अहम पहलू है कि इस कार्यक्रम के साथ प्रदेश के विभिन्न जिले भी ऑनलाईन प्रणाली से जुड़ेंगे।



एडीसी अखिल पिलानी वीरवार को डॉ. मंगल सैन ऑडिटोरियम हॉल में 7 जून को सायं 4 बजे परिवहन विभाग हरियाणा की तरफ से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां समय रहते पूरा करें। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग के स्तर पर तैयारियां पूरी करेंगे ताकि किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। इस कार्यक्रम में जीएम रोडवेज सभी लाभार्थियों को बुलाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि हैप्पी कार्ड योजना का शुभारंभ 7 मार्च 2024 को किया गया था। इस योजना के तहत 57 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब सरकार ने लगभग एक लाख लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए करनाल के डॉ. मंगल सैन ऑडिटोरियम हॉल में 7 जून को सायं 4 बजे परिवहन विभाग की ओर से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम के साथ कैथल, हिसार, जींद, फतेहाबाद, सिरसा, करनाल, भिवानी और कुरूक्षेत्र के लगभग 23 डिपो और 13 सब डिपो जुड़ेंगे और प्रत्येक डिपो पर 25 लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित किए जाएंगे। यह सभी जिले करनाल के साथ ऑनलाईन प्रणाली से जुड़ेंगे। एडीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अंत्योदय परिवारों के लिए एक विशिष्ट कार्यक्रम बनाया है।

## विधानसभा चुनाव में हरियाणा में फिर बनेगी भाजपा सरकार: योगेन्द्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। असंध के जुंडला** मंडल के गांव जानी में आज किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन जानी के निवास पर जुंडला मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नरवाल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की करनाल लोकसभा में भारी जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को देते हुए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने उन्नति एवं विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हरियाणा राज्य के जागरूक मतदाताओं का लोकसभा चुनाव में भागीदारी निभाने पर आभार जताकर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास और उम्मीद है कि विश्व के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने से लेकर आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाने का संकल्प हरियाणा की जनता ने ले लिया है। इस दौरान किसान मोर्चा जुंडला मंडल की कार्यकारिणी को भी घोषित किया जुंडला मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नरवाल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विनय संधू, जुंडला मंडल महामंत्री सुशील कुमार, सुभाष राणा, सुरेंद्र जानी, संदीप शाहपुर, खेम सिंह फौजी, रमेश मंजूरा, वरिष्ठ कार्यकत्रा सतपाल जैन, सोशल मीडिया प्रमुख बाबू राम जानी, जसबीर हथलाना, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष शमशेर सरपंच, जीत सिंह पिचोलिया, रमेश चंद्र, मंडल उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमन जानी, दीपक जानी, राजकुमार जानी, जसमेर जानी, जसवंत जानी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक को अमेरिका की जगह भेजा कजाकिस्तान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के** एक युवक के साथ अमेरिका भेजने के नाम पर साढ़े 13 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। आरोप है कि एजेंट ने कजाकिस्तान में युवक के अंगों का सौदा कर दिया और युवक के घर वालों को ब्लैकमेल करता रहा। घर वालों ने अपना घर गिरवी रखकर और गहने बेचकर एजेंट को पैसे दिए। किसी तरह से युवक घर लौटा, लेकिन उसके शरीर पर जख्मों के निशान मिले। इसके बाद परिजन एजेंट के पास पहुंचे और पैसे वापिस देने की मांग की, लेकिन एजेंट ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

## निगम डिस्पोजल व आई.पी.एस. पर लगाएगा स्काडा सिस्टम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नगर निगम क्षेत्र** में बरसाती पानी निकासी के लिए स्थापित डिस्पोजल व इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन (आई.पी.एस.) पर स्काडा सिस्टम लगेगा। अगले 2 महीनों में इस पर काम शुरू होगा। इसकी लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट यानि डी.पी.आर. तैयार की जा रही है। डी.पी.आर. की अंतिम रूपरेखा तैयार करने के लिए नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने कार्यकारी अभियंताओं तथा डीपीआर तैयार कर रही एजेंसी यूनिटेक वाटर सोल्यूशन के प्रतिनिधियों के साथ गुरूवार को एक बैठक की। बैठक में निगमायुक्त ने निगम अभियंताओं व एजेंसी से भिन्न-भिन्न सम्पवेल की गहराई, बरसाती नालों का



इनलेट व आउटलेट, कर्ण (मुगल) कैनाल व राम नगर जैसे बड़े नाले व ड्रेन किस लेवल पर बह रहे हैं तथा किस क्षेत्र से कितना बरसाती पानी आ रहा है इत्यादि बिन्दूओं की जानकारी ली। उन्होंने निगम इंजीनियरों को निर्देश दिए कि वे एक बार पुनः अच्छे से डी.पी.आर. देख लें। अगर इसमें किसी प्रकार की कमी है, तो उसे समय रहते ठीक कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारे पास सटीक डाटा उपलब्ध होना चाहिए, ताकि भविष्य में अगर किसी नाले की क्षमता को बढ़ाया जाना होगा, तो उस कार्य में डाटा ही हमारे काम आएगा। बैठक में उन्होंने डाटा विशरेषण करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट की पूरी योजना बनाकर इस काम को शुरू किया जाए, ताकि अगले वर्ष बरसाती सीजन में इसे अच्छे से चलाया जा सके। उन्होंने अभियंताओं से कहा कि वे इस परियोजना में उत्कृष्द्द वैज्ञानिकता का उदाहरण पेश करें। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना में उपयोग होने वाले सभी उपकरण अच्छी कम्पनी के होने चाहिएं और वह सरकार द्वारा अनुमोदित किए गए हों। उन्होंने डी.पी.आर. में 5 वर्ष का संचालन और रख-रखाव भी जोडने को कहा। निर्माण एजेंसी स्काडा सिस्टम को चलाने का प्रशिक्षण निगम कर्मचारियों को देगी।

## आग लगने से घर का सारा सामान जलकर हुआ राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कस्बा तरावड़ी** में एक विधवा ने पडोस के लोगों पर ही घर में आग लगाने के आरोप लगाए हैं। महिला अपने बच्चों के साथ दवा दिलाने के लिए घर बाहर गई थी। बाद में जब वह वापस आई तो घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। महिला ने कहा कि एक दिन पहले ही आरोपियों ने पुलिस थाने में बच्चों व उसे जान से मारने की धमकी दी थी। महिला ने मामले की शिकायत तरावड़ी थाना पुलिस को दी है। तरावड़ी निवासी विधवा महिला पूजा ने बताया कि दो साल पहले ही उसके पति की मौत हो गई थी। उसके पास तीन बच्चे हैं, जिनका पालन पोषण वह खुद कर रही है। आज जब वह लडके को दवा दिलाकर घर वापस आई तो उसके मकान का ताला टूटा हुआ था। कमरे में जो भी सामान रखा था, वह पूरी तरह से जलकर राख हो गया था। घर में लगी आग को देखकर आसपास के लोगों ने आग पर काबू किया, लेकिन तब तक उसका सारा सामान जलकर राख हो गया। पूजा ने बताया कि तीन दिन पहले ही उनके पड़ोस में ही दो परिवार के बीच लड़ाई हुई थी। इस दौरान वह भी मौके पर ही थी। इसके बाद जो सच्चाई थी, वह पुलिस को उसने बताई थी। इसके बाद पुलिस द्वारा थाने में उसे बुलाया गया था, जहां आरोपी परिवार के लोगों ने उसे कहा कि अगर पुलिस को उनके खिलाफ गवाही देगी तो उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। इक्कीस जून** को आयोजित किये जाने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आज यहां जिला सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बिजली, पानी, परिवहन, एंबूलेंस सेवा आदि को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि मुख्य आयोजन 21 जून



को अनाज मंडी में होगा। इससे पहले 19 को योग-मैराथन और पायलट रिहर्सल आयोजित की जायेगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मैट, पानी, बिजली, अल्पाहार आदि की समुचित व्यवस्था करने और एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि 21 जून को मुख्य कार्यक्रम सुबह सात से आठ बजे के बीच आयोजित किया जायेगा। इसमें स्कूल-कालेज के विद्यर्थियों के अलावा योग संस्थाओं से जुड़े सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एंबूलेंस आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। पिलानी ने कहा कि मुख्य कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था योजनाबद्ध तरीके से और वीआईपी के लिये अलग से शौचालयों का इंतजाम होना चाहिये। पीने के पानी की कोई कमी नहीं होनी चाहिये। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी बच्चों के लिये टी-शर्ट की व्यवस्था एक दिन पहले कर दी जायेगी। श्री पिलानी के अनुसार 19 को पायलट रिहर्सल अनाज मंडी में सुबह सात से आठ और योग मैराथन सुबह छह बजे एनडीआरआई चौक से गीता द्वार होते हुये
इसी रास्ते वापसी एनडीआरआई चौक पर आयोजित की जायेगी। बैठक में जिला आयुर्वेद अधिकारी सतपाल ने बताया कि 10 से 12 जून तक खंड स्तर पर कर्मचारियों-अधिकारियों, पंच-सरपंचों आदि को योग प्रोटोकोल की ट्रेनिंग योग संस्थाओं के प्रशिक्षकों और आयुर्वेद विभाग के योग सहायकों द्वारा दी जायेगी।

## तीन नए कानूनों के संबंध में पुलिस अधिकारियों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। आज पुलिस** अधीक्षक दीपक सहारन द्वारा मंगलसेन आडिटोरियम में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जहां पर जिला पुलिस के सभी अनुसंधान अधिकारियों ने 1 जुलाई से लागू होने वाले तीनों कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त किया। सेमिनार में प्रशिक्षण देने का कार्य नवनियुक्त पीएसआई पवन कुमार थाना सिविल लाइन व पीएसआई रणदीप सिंह थाना सैक्टर 32-



33 द्वारा किया गया। इनके द्वारा भादंसं, दंप्रसं और भासा अधिनियम में किए गए परिवर्तनों बारे विस्तार से बताया गया। पीएसआई पवन कुमार ने बताया कि भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से व दण्ड प्रक्रिया संहिता को अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नाम से जाना जाएगा।

## सभी पैंडिंग प्रार्थना पत्रों का करें अतिशीघ्र निपटान : अखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अतिरिक्त** उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में जिला के सभी बैंको की उपलब्धियों की समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी बैंको को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अन्त्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत प्राप्त सभी पैंडिंग प्रार्थना पत्रों का निपटान अतिशीघ्र करें और पोर्टल पर अपडेट करवाएं। उन्होंने डीसीओ को निर्देश दिए कि वह अपने अधीन समस्त बैंक



शाखाओं को निर्देश देकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत प्राप्त सभी पैंडिंग प्रार्थना पत्रों का निपटान अतिशीघ्र करवाएं और पोर्टल पर अपडेट करवाएं। पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य रेहड़ी, ठेले वालों को 10 हजार से 50 हजार रुपए तक का ऋण दिया जाता है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि प्रधान मंत्री विश्वकर्मा पोर्टल पर आये लाभार्थियों के प्रार्थना पत्रों को जल्द वेरीफाई करवाएं। अग्रणी जिला प्रबंधक सुशील कुमार हन्दुजा ने बैठक में सभी बैंक अधिकारियों को सुझाव देते हुए कहा कि बिना वजह ऋण आवेदन पत्र को लंबित न करें, इससे बैंक की छवि खराब होती है। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों व शाखा प्रबंधको को कहा कि सोशल सिक्योरिटी के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को पंजीकृत किया जाए, जिससे कि उनको इसका लाभ मिल सके। पहले भी सभी डीसीओ को निर्देश दिया गया है कि वह सभी अपने बैंकों का शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला करनाल को 100 प्रतिशत डिजिटलाइज्ड करने कि सरकार द्वारा घोषणा कि जा चुकी है। अब एक जून से सोशल सिक्योरिटी स्कीम के तहत लोगों को सोशल सिक्योरिटी स्कीम और जीवन ज्योति बीमा के तहत रजिस्टर करें, साथ ही अटल पेंशन योजना में भी एनरोल किया जाए। उन्होंने सभी डीसीओ से अनुरोध करते हुए कहा कि वह सभी अपने बैंक की शाखाओं द्वारा ग्राहकों को नकदी रहित करने के लिए विभिन्न कैम्पों के माध्यम से जागरूक करें। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि एलडीओ कँवल किशन और डीडीएम नाबार्ड से हिमांशु खत्री सहित विभिन्न बैंकों से आए हुए डीसीओ एवं सरकारी विभाग के नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा राज्य बाल** संरक्षण अधिकार आयोग की एक बैठक वीरवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल स्थित सभागार में आयोग के सदस्य गणेश कुमार व सुमन राणा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में बाल श्रम को रोकने के लिए अभी तक की गई कार्यवाही के बारे में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। बाल श्रम को रोकने और इसके बारे में लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में आयोग के सदस्य गणेश कुमार ने बच्चों के शिक्षा के अधिकार, खेल के अधिकार, सुरक्षा के अधिकार व पोषण के सन्दर्भ में भी अधिकारियों से बात की। उन्होंने कहा







कि सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र में चल रही फैक्ट्रीयों में जाकर निरीक्षण करना होगा व यह सुनिश्चित करना होगा कि किस स्तर पर यहां बाल अधिकारों का हनन को नही किया जा रहा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि जो बच्चे किसी कारणवश स्कूल नही जा पाए उन्हें लाने के लिए प्रयास किए जाएं। आयोग की सदस्य सुमन राणा ने पिछले दिनों महेन्द्रगढ़ में घटी घटना को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा जिला में की गई कार्यवाही की जानकारी भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों से ली। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा ने बताया कि बच्चों को स्कूल में लाने को लेकर शिक्षा रथ की शुरूआत की गई जिसमें उन्हें अच्छी कामयाबी हासिल हुई है जिसमें 600 बच्चे स्कूल में शिक्षा के लिए जुड़े हैं। इस मौके पर महिला संरक्षण अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि समय-समय पर सरकार की योजनाओं को बताकर अभिभावकों को जहां जागरूक किया जा रहा है वहीं बच्चों के अधिकारों के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## खेल महाकुंभ-2024 के खेलों में खिलाडियों के चयन के लिए ट्रायल 8 जून से

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला खेल** अधिकारी सुधा भसीन ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन (पुरुष व महिला) ओपन कैटेगरी के 24 खेलों में करवाने का निर्णय लिया गया है। इस खेल महाकुंभ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 8 जून से निम्न स्थानों पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी प्रशिक्षक ट्रायल के उपरांत जिन खिलाड़ियों का चयन होगा वे उनकीसूची निर्धारित प्रोफॉर्मा अनुसार 10 जून को प्रातः10 बजे कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को खेल स्पर्धा में भाग लेने के लिए मूल दस्तावेज जैसे-आधार कार्ड, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, शिक्षण संस्थान प्रमाण पत्र, सरकारी कर्मचारी आईडीकार्ड व फोटो इत्यादि जमा करवाने होंगे।

**खेल महाकुंभ में ये खेल रहेंगे शामिल**

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में जिमनास्टिक, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, एथलिटिक्स, स्विमिंग, फूटबॉल, साइकिलिंग, वॉलीबॉल, जूडो, टेबल टेनिस, वेट लिफ्टिंग, बास्केट बॉल, कबड्डी, ताइक्वॉंडो, हॉकी, हैंड बॉल, तीरंदाजी, कैनोइंग और रोइंग, रेसलिंग, फैंसिंग, शूटिंग, क्रिकेट आदि खेल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 8 जून को पुरुष व 9 जून को महिला खिलाड़ियों का प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक कर्ण स्टेडियम करनाल में ट्रायल होगा।

इन खेलों में जिमनास्टिक, बॉक्सिंग, लॉन टेनिस, स्विमिंग, फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, वेट लिफ्टिंग, बास्केट बॉल, कबड्डी, ताइक्वॉंडो, हॉकी, तीरंदाजी, रेसलिंग, फैंसिंग शामिल हैं।

## न्यूज फ्लैश

### शनि देव जैसा कर्म वैसा फल देने वाले न्याय के देवता है: राजीव जैन



**सोनीपत:** शनि देव जैसा कर्म वैसा फल देने वाले न्याय के देवता है, शनि देव प्रसन्न हो तो इंसान जीवन में सर्वोच्च शिखर तक पहुंच कर धन-धान्य एवं अन्य सुखों से भरपूर हो जाता है, यदि रुष्ट हो जाए तो इंसान अर्श से फर्श पर आ जाता है उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पुरखास रोड बड़ा शनि मंदिर तथा इंदिरा कॉलोनी सिथित शिव मंदिर में शनि जयंती के अवसर पर आयोजित यज्ञ एवं भंडारे के कार्यक्रमों में भाग लेते हुए श्रधालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इंद्रा कॉलोनी में पार्षद इन्दु वलेचा एवं संजीव वलेचा द्वारा आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने भी कुरुक्षेत्र की धरती पर यही संदेश दिया था कि कर्म करते रहो फल की इच्छा मत करो जो शनि देव की न्याय प्रियता का ही सिद्धांत है। राजीव जैन ने शनिदेव की मूर्ति पर तेल अर्पित करते हुए सर्व समाज के कल्याण की कामना की। राजीव जैन ने कहा कि शनि देव की वक्र दृष्टि से सूर्य जैसे बलशाली देवता भी नहीं बच सके तो कलयुग मे पाप या बुरे कर्म करने वाला व्यक्ति कैसे बच सकता है। उन्होंने कहा कि जो सच्चे मन से शनिदेव के दरबार में जाता है उसे कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ती बल्कि स्वयं शनिदेव उसके मन के भावों को पढ़कर मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। कार्यकर्म में जोगिंद्र गोयल, सोनू कालरा, मुकेश बत्रा, सुनील, अजय, शील मल्होत्रा, प्रमोद शर्मा, कुसुम गोयल, आचार्य लक्ष्मी नारायण शुक्ल, धर्मचंद, सतीश गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, लछमन दास ठाकुर, हिरा लाल, कृष्ण, करमचंद, कालूराम एवं अनेकों शनि देव के भक्त उपस्थित रहे।

### नौकरी लगवाने का झांसा देकर रुपये ठगने की आरोपित महिला सहित दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सदर** थाना सोनीपत पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की राशि ठगने की वारदात में शामिल आरोपित महिला सहित दो आरोपितो गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित निवासी महलाना व उत्तम नगर दिल्ली निवासी एक लड़की है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितो से पूछताछ की जा रही है। शिकायतकर्ता अंकित ने 1 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उससे जून 2022 में विनय नाम का युवक लाइब्रेरी में आकर मिलता था। अमित ने बताया कि अमित बार-बार उसे एसएससी में एक्साइज इंस्पेक्टर के पद पर सरकारी नौकरी लगवाने को लेकर कोचिंग दिलवाने की बात करता था। उसने बताया कि उसके कुछ दोस्त वर्ष यादव व राहुल दिल्ली निवासी एसएससी में सीजीएल में इंस्पेक्टर व सीएचएसएसल में क्लर्क पद के लिए कोचिंग करवाते है। सभी दोस्तों को उसने वर्षा यादव से रिजनल पासपोर्ट आफिस में मिला। वर्षा यादव ने खुद को एक अधिकारी के पद पर होना बताया। उसने कहा कि उसका सगा भाई राहुल एसएससी में इंस्पेक्टर व क्लर्क के पद पर बिना कोई पेपर दिए केवल साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती करवाते है। वर्षा यादव ने बताया कि मेरे भाई राहुल यादव ने मुझे भी इसी प्रकार सिफारिश लगवाकर बिना कोई पेपर दिये भर्ती करवाया है। मेरा भाई इसरो में बहुत उंचे पद पर कार्यरत है और मेरे भाई के एसएससी अधिकारियो से बहुत अच्छे संबंध है। वर्षा यादव ने अपने फोन से अपने भाई राहुल यादव से हमारी बात करवाई। जिसने ठग्गी की नियत रखते हुए हम सब को एसएससी में इंस्पेक्टर व क्लर्क के पद पर लगवाने का आश्वासन दिया।

# शैलजा की रिकार्ड जीत से बदलेगी राजनीति: लक्ष्मी कान्त शर्मा

### शैलजा सहित हरियाणा में पांच लोकसभा तथा देश में इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों की जीत का लड्डू बाँट कर मनाया जश्न

**जश्न**

▶▶ कांग्रेसजनो तथा आमजन में जीत को लेकर भारी उत्साह था। सभी एक दूसरे को लड्डू खिला कर बधाई दे रहे



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव बहन कुमारी शैलजा की सिरसा लोकसभा में रिकार्ड जीत से हरियाणा की राजनीति में बड़ा बदलाव आएगा। यह शब्द प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता लक्ष्मी कान्त शर्मा ने अपने कार्यालय पर बहन शैलजा की जीत के साथ हरियाणा में कांग्रेस के पांच लोकसभा सीटें जीतने तथा देश में इंडिया गठबंधन के बेहतरीन प्रदर्शन पर आयोजित कार्यक्रम में कहे। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनो तथा आमजन में जीत को लेकर भारी उत्साह था। सभी एक दूसरे को लड्डू खिला कर बधाई दे रहे थे। कांग्रेस के पूर्व महासचिव एडवोकेट बलजीत सिंह, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुलख राज अरोड़ा ने सर्वप्रथम लक्ष्मी कान्त शर्मा का मुँह मीठा करवा बहन शैलजा की जीत पर बधाई दी। फिर लक्ष्मी कान्त शर्मा ने कांग्रेस नेताओं को लड्डू खिलाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की जनता ने नरेंद्र मोदी के कुशाशन के खिलाफ वोट किया है। केंद्र में बनने वाली भाजपा सरकार स्थिर नही होगी क्योंकि भाजपा के पास अकेले बहुमत नही और ये सरकार जल्द अपने बोझ से गिर जाएगी। कांग्रेस नेता बलजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही कांग्रेस की सरकार बनना तय है। लोगों में आज बहुत उत्साह है। उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने इंडिया गठबंधन की जीत का बड़ा श्रेय राहुल गाँधी तथा प्रियंका गाँधी के जज्बे को दिया।

जीत का जोश इस कदर था कि शैलजा सहित, सोनिया गाँधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल, प्रियंका जिंदाबाद के नारों से माहौल गूँज उठा। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस महासचिव बलजीत सिंह एडवोकेट, पूर्व उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस संतोष पंचाल, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुलख राज अरोड़ा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष निशि गुप्ता, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवेश राणा, विश्विधालय कर्मचारी संघ के पूर्व नेता सुरेंदर नागवान, कुटिया महासचिव रविंदर तोमर, गुरचरण रतगल एडवोकेट, कश्मीर तंवर, रविदास सभा के अध्यक्ष सूरजभान नरवाल, शिव कुमार प्राशर, लाल मणि, जयनारायण शर्मा, महेन्द्र शर्मा रिटायर्ड तहसीलदार, युवा कांग्रेस नेता सन्नी बेदी, सारांश रॉयल, रमेश शर्मा, सतपाल चोचड़ा, सेवा सिंह, दलिप शर्मा, देविचंद, जयप्रकाश जे पी, सतपाल, पवन बाना, राजकुमार, सुभाष कसान, रामकुमार कसान, देवदत्त, ताराचंद, रूपचंद, सुरेश वर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, राजेंदर सिंह, यशपाल राणा, सतनारायण शर्मा, पुष्पेंदर सिंह, राधेश्याम, रामफल, रजनीश, सत्यप्रकाश, शिवचंद, सुरेंदर सिंह, ऋषिपाल सिंह, मुकेश कुमार मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया ने स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय जागरूकता अभियान निरंतर जारी रखते हुए विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया। इस मौके पर जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने अन्य संस्थाओं के साथ शिक्षक वर्ग का भी सहयोग लिया। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति बार बार सचेत करती है कि हमें पर्यावरण के प्रति सजग रहते हुए वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए तभी मानव जीवन स्वस्थ रह

**पौधारोपण**

▶▶ सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया निरंतर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान चलाता रहता है

सकता है। सभी लोग अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाएं तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया निरंतर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान चलाता रहता है।

## बीड़ बबरान धाम में 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में हर रोज होगा संकीर्तन

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** ऐतिहासिक बीड़ बबरान धाम में 7 जून से आयोजित होने वाले 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचेंगे। 18 जून तक चलने वाले इस अनुष्ठान के दौरान बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा लगातार अपने हाथ पर बाबा की ज्योति जागृत करेंगे। हर रोज रात को श्याम बाबा के संकीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि धाम के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। इसलिए जनकल्याण के निमित और भक्तों के कष्टों के निवारण हेतु महंत महाराज विनोद शर्मा अपनी हथेली पर 11 दिनों तक ज्योत जगाएंगे। इस ज्योत के दर्शन श्रद्धालु किसी भी समय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे विधि-विधान से श्याम बाबा की आराधना करते हुए 7 जून को प्रातः ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। 11 दिनों तक हर रोज रात्रि को संकीर्तन का आयोजन करके श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

## स्वदेशी जागरण मंच ने शुरू किया वृक्षारोपण अभियान

**अभियान**

▶▶ स्वदेशी जागरण मंच वृक्षारोपण अभियान के तहत हिसार के विभिन्न क्षेत्रों में करेगा पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** हिसार को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वदेशी जागरण मंच ने वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है। इस अभियान की शुरूआत ठंडी सडक स्थित महिला आईटीआई से की गई। आईटीआई परिसर में 50 से अधिक पौधे लगाए गए। इस अवसर पर आईटीआई की प्रधानाचार्या राजरानी, प्राचार्य रामकरण, सुदेश रानी, रेनू बाला, शैलेंद्र सिंह, विजय सिंह, स्टाफ सदस्य एवं 200 से अधिक छात्राएं उपस्थित रही। अभियान के दौरान स्वदेशी हिसार के जिला संयोजक संजीव शर्मा, प्रांतीय प्रचार प्रमुख अनिल गोयल, सह संयोजक मोना जैन, ममता शर्मा, सोनिया शोदान, स्नेहलता, ऋतुराज, लक्ष्य गोयल व सनी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय प्रचार प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि पेड़ों की लगातार कटाई व बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण को क्षति पहुंच रही है। इन कारणों से ग्लेशियर पिघल रहे हैं। कहीं अचानक बाढ़ आ जाती है तो कहीं सूखा पड़ जाता है। इन समस्याओं के निदान के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की क्षति के कारण तापमान में भी लगातार वृद्धि हो रही है। गर्मी में तो बाहर निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इन्हीं तथ्यों के मद्देनजर हिसार को हरा-भरा बनाने के लिए स्वदेशी जागरण मंच ने विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत हिसार के विभिन्न शिक्षण संस्थानों व अन्य क्षेत्रों में पौधे लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आईटीआई में चलाए गए वृक्षारोपण अभियान के दौरान छात्राओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया।

## जीवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** 5 जून 2024 नव पंख फाउंडेशन संस्था द्वारा स्थानीय जीवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया ।कार्य की शुरूआत सुबह 9:00 बजे हुई और कार्यक्रम में डॉक्टर सुनील वर्मा ,डॉ मीनू गबरानी डॉक्टर सपना तथा श्री सुनील मुसाफिर ने शिरकत की ।कार्यक्रम के आरंभ में संस्था के संस्थापक सुश्री गीतांजलि ने



**बधाई दी**

▶▶ सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए सभी को उनकी की गई सेवाओं के लिए प्रमाण पत्र तथा गमले भेंट किए गए

स्कूल प्रबंधन व प्राचार्य को धन्यवाद करते हुए सभी का स्वागत किया। हेल्थ चेकअप को स्थानीय 30 स्कूलों से आए 100 से अधिक अध्यापकों ने भाग लिया ,और अपने स्वास्थ्य जांच कराई। कार्यक्रम के अंत में नव पंख फाउंडेशन ने सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए सभी को उनकी की गई सेवाओं के लिए प्रमाण पत्र तथा गमले भेंट किए गए। इस मौके पर डॉ शकुंतला ,डॉ कविता ,श्री दिनेश कालरा, श्री राकेश कालरा ,सुरभि ,दर्शना,लक्ष्य खुशी , रिया और संस्था के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुवि की नई टीम ने संभाला विभिन्न विभागों का कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार आईआईएचएस के प्रो. महासिंह पूनिया ने लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक व आईआईएचएस की डॉ. जिम्मी शर्मा ने लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने इस जिम्मेवारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करने की बात कही।वहीं सोशल वर्क विभाग के प्रो. रमेश कुमार भारद्वाज ने प्रॉक्टर का कार्यभार गुरुवार को संभाला व विश्वविद्यालय में अनुशासन व विद्यार्थियों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।आईआईएचएस के प्रो. विवेक चावला ने गुरुवार को युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक का कार्यभार संभालते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को लोककला एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अग्रणी बनाने की बात कही।

## कृषि विभाग द्वारा चलाया गया स्पेशल अभियान

**सोनीपत: जिले** में किसानों को अच्छी क्वालिटी के बीज उपलब्ध हो इसके लिए अब कृषि एवं किसान कल्याण विभाग एक्शन में नजर आ रहा है। विभागीय अधिकारियों ने ढैंचा और मूंग बीजों के सैंपल लेने की प्रक्रिया तेज की गई है। टीमों ने अलग-अगल स्थानों पर स्थित दुकानों से 16 सैंपल लिए है। विभाग की तरफ से सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. पवन शर्मा ने बताया कि मुंग और ढांचे का बीज एचएचडीसी के काउंटर पर सब्सिडी पर किसानों को उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## संगत ने जून 1984 के शहीदों को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री अकाल तखत साहिब अमृतसर के आदेशानुसार यहां के एतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में जून 1984 के छोटे कल्लूकारे के शहीदों को भारी गिनती में संगत ने नमन किया। शहीदों की याद में गुरुद्वारा साहिब में 4 जून को आरंभ किए गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के श्री अखंड पाठ साहिब के आज भोग उपरांत कीर्तन दरबार में भी संगत ने वैरागमयी शबद कीर्तन श्रवण किया। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, संस्था के चीफ सैकेटरी



जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, नरेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, कुलदीप सिंह भानोखेड़ी, उप सचिव रूपिंदर सिंह, निरीक्षण शाखा के चीफ जज सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, खजानची सुखविंदर सिंह सहित, कथावाचक एवं हैड ग्रंथी भाई सिमरनजीत सिंह, भाई गुरदास सिंह, संस्था के हैड ऑफिस का समूह स्टाफ एवं भारी तदाद में संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया। गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी भाई मलिंदर सिंह व भाई बलजिंदर सिंह ने वैरागमयी कीर्तन कर शहीदों को नमन किया। हरियाणा कमेटी के स्पोकसमैन

**याद किया**

▶▶ सिखों की धार्मिक व राजनीतिक जायज मांगों को दबाने के लिए रचा गया था षड्यंत्र : कवलजीत सिंह अजराना

कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सिखों के लिए आस्था के केंद्र श्री अकाल तखत साहिब एवं श्री हरमंदिर साहिब श्री दरबार साहिब अमृतसर पर हमला किया। इस हमले में भारी गिनती में सिख पुरुष-महिलाएं एवं बच्चों ने शहीदी प्राप्त हुई।

## योग के माध्यम से ही जीवन का समग्र विकास संभवः कुलपति

### अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के परिसर में गुरुवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के 15 दिन शेष रहने पर एक भव्य विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने की। कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। डॉ. मनीष कुकरेजा ने योग में वर्णित आसनों व शुद्धि क्रियाओं का रोगोपचार में क्या भूमिका है इस विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने शोध




विषय को साझा करते हुए सभी से योग को नियमित जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि अगर योग में आसन क्रिया को छोड़ दिया जाए, प्रतिदिन मनुष्य योग करता है, उसके मार्ग अलग-अलग है जैसे ज्ञान योग, भक्ति योग और कर्मयोग, जो भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करते हैं। चित्त का जो आत्मा के साथ संयोग होता है उसका नाम ज्ञानयोग है, उसका बाहरी वस्तुओं के साथ सहयोग होगा तो उसे क्रिया योग कहा जाएगे। इसके साथ ही

**संगोष्ठी**

▶▶ नियमित जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि अगर योग में आसन क्रिया को छोड़ दिया जाए

भगवान के साथ आत्मा की एकता की भावना को भक्ति योग माना गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में कर्म को सर्वोपरी माना गया है, इसलिए उसका प्रतिपादन बहुत जरूरी है क्योंकि कर्मों से ही भक्ति उत्पन्न होती है भक्ति से ज्ञान और ज्ञान से मनुष्य को इस जीवन में मुक्ति मिलती है। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में केवल योग के माध्यम से ही हमारे जीवन का समग्र विकास संभव है। बात चाहे तनाव मुक्त जीवन की हो, शारीरिक थकान दूर करने की हो, रोग मुक्त शरीर की हो या वजन पर काबू पाने की योग इन सबमें महत्वपूर्ण रोल अदा करता है और मनुष्य को सदैव आनंदित एवं प्रसन्नचित रहता है।

कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने कार्यक्रम के अन्त में कहा कि रोगोपचार में योग कारगर तो है ही इसके साथ आज बहुत से युवा योग को कैरियर के रूप में अपना रहे है। अगर आप योग विद्या में दक्ष है और शास्त्रों अनुसार योग के माध्यम से कैसे रोगी को ठीक किया जा सकता है।

## नालों की सफाई पर डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने निगम को चेताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला में नालों की सफाई न शुरू होने को लेकर अंबाला शहर नगर निगम डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने नगर निगम को फिर से चेताया है। डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा पिछले साल 19 जून को नालों को सफाई शुरू हुई थी। जो कि बहुत देरी से थी जिसके कारण अंबाला को बाढ़ का सामना करना पड़ा था और अंबाला की जनता,अंबाला के व्यापारी सभी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। अब 6 जून हो चुकी है अभी तक सफाई शुरू नही हुई। वो 10 दिन पहले ही इस मुद्दे को उठा चुके है लेकिन अधिकारियों ने कोई



गौर नही किया अभी तक सफाई शुरू नहीं नही हुई। राजेश मेहता ने कहा जो नारियल फोड़वाना चाहते हैं पहले ही फोड़वा लें जनता का नुकसान न करें। डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा इस बार टेंडर बड़े नालों का दिया गया है जिसका वर्क ऑर्डर भी हो चुका है। इसमे छोटे नालों की कोई सार नही ली जा रही। जिससे अंदेशा है कि अंबाला को इसका नुकसान झेलना पड़ सकता है। राजेश मेहता ने कहा बड़े नालों के साथ छोटे नालों की सफाई भी होनी चाहिए। छोटे नालों की सफाई का बोझ नगर निगम कर्मचारियों पर डाला जा रहा है जबकि कर्मचारियों की संख्या पहले ही बहुत कम है। कर्मचारियों के पास काम ज्यादा है इसलिए कर्मचारियों पर अतिरिक्त बोझ डालकर जनता को संकट में न डाला जाए। डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने सख्त लिहाजे में नगर निगम और सरकार इस कोताही पर चेताया और कहा यह लापरवाही कभी बर्दाश्त नही की जायेगी।

# नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर बनाएँगे नया रिकॉर्ड: दुष्यंत भट्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**नरेंद्र मोदी के तीसरी** बार प्रधानमंत्री बनने के लिए बहुमत दल का नेता चुने जाने और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मिली शानदार जीत का जश्न जहां जिले में विभिन्न स्थानों पर मनाया जा रहा है, वहीं भाजपा जिला कार्यालय में वीरवार को भी बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके कार्यालय में आकर मुंह मीठा करवा कर बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व नगर निगम पार्षद अशोक कटारिया ने कहा कि यूं तो मोदी मैजिक पूरे भारत में चला है लेकिन



तीसरी बार किसी भी पार्टी का सत्ता में आना आसान नहीं था। ऐसे समय में भाजपा जिला अध्यक्ष की कमान सामान्य परिवार में जन्मे दुष्यंत भट्ट ने संभाली और उनके राजनीतिक कौशल, चुनाव प्रबंधन और मिलनसार सरल स्वभाव का परिणाम यह हुआ कि करनाल लोकसभा क्षेत्र में पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र प्रथम स्थान पर रहा जबकि पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र दूसरे नंबर पर रहा और बाकी दोनों विधानसभा क्षेत्रों में भी मतदाताओं का मनोहर लाल को सांसद बनाने में बड़ा योगदान रहा।

**नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर बनाएँगे नया रिकॉर्ड**

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश में नया रिकॉर्ड बनाएंगे पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को रिकार्ड मतों से जीत दिलाने में पानीपत के प्रत्येक कार्यकर्ता ने दिन-रात मेहनत की कार्यकताओं को जिला भाजपा कार्यालय से भी पूर्ण सहयोग मिला और हमें यह सुख की अनुभूति प्राप्त हुई। यही नहीं आजादी के 62 वर्षों के बाद यह अद्भुत अवसर मिला है कि नरेंद्र मोदी को हम तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनते देख पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा देशभक्त, राष्ट्रवादी पार्टी है जो विकास के साथ-साथ भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति और पुनः जगतगुरु बनते देखना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष ने जनता के साथ कभी न पूरे होने वाले झूठे वायदे किऐ साथ ही संविधान को बदलने का भी भ्रामक प्रचार किया` यही नही परिवार की महिला सदस्य को 1 लाख रुपए वार्षिक देने का झूठा वादा भी करते रहे लेकिन जनता सब जानती है

और भविष्य में अब कभी भी ऐसे झूठे वायदों के बहकावे में नहीं आएगी। भारत की नई सरकार जनता को गरीबी के दायरे से बाहर निकालने के निरंतर प्रयास करती रहेगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण एवं प्रतियोगिताएं

**पानीपत , कमाल हुसैन**

**"विश्व पर्यावरण दिवस"** के अवसर पर श्री सीमेन्ट, पानीपत द्वारा अपने प्रांगण में पौधारोपण एवं पर्यावरण की जागरूकता के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। श्री देवेन्द्र माथुर, उप महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया की हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी "विश्व पर्यावरण दिवस" के अवसर पर श्री सीमेन्ट द्वारा पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्य को ध्यान में रखते हुए स्लोग्न "भूमि बहाली, मरूस्थलीकरण और सूखा लचीलापन" की महत्व के साथ वृक्षारोपण के तहद विभिन्न प्रकार के पेडों एवं फलदार पौधों का पौधारोपण किया एवं पर्यावरण की जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसेकि कविता लेखन, पर्यावरण क्वीज एवं पोस्टर



मेकिंग-विषय 'पर्यावरण संरक्षण' आदि का आयोजन किया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में जल संरक्षण, वनीकरण, प्रदूषण नियंत्रण और उर्जा दक्षता जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों को दशार्या गया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए विजेता कर्मचरियों एवं कामगारो पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। संस्थान के अधिकारी रवि द्वारा "विश्व पर्यावरण दिवस" के महत्व एवं उसके प्रभाव के बारे में बताया। संस्थान के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कामगार भाईयों द्वारा अतिउत्साह के साथ उपरोक्त कार्यक्रमों में भाग लिया एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्वता व्सक्त की।

## न्यूज फ्लैश

### 6 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म, दो युवकों पर केस

**गन्नौरः बड़ी थाना क्षेत्र** के एक गांव में छह वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित बच्चे की मां ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में बड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसका छह वर्षीय लड़का गांव के ही दो युवकों के साथ गांव में एक ट्यूबवैल पर पर नहाने के लिए गया था। गांव के ही एक अन्य युवक उन्हें आकर इस बारे में बताया तो वह ट्यूबवैल पर अपने बेटे को लेने के लिए पहुंची। उसने वहां देखा कि उसका बेटा नग्न अवस्था में रो रहा था। जब उसने अपने बेटे से रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके साथ नहा रहे दोनों युवकों ने उसके साथ गलत काम किया है। इसके बाद ट्यूबवैल पर मौजूद दोनों लड़के उसे देख कर मौके से भाग गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर गांव के दोनों युवकों के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बड़ी थाना पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की ईएसआई डिस्पेंसरी का सफाई कर्मचारी लापता

**गन्नौर। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र** की ईएसआई डिस्पेंसरी में ड्यूटी पर गए सफाई कर्मचारी लापता हो गया। लापता होने की शिकायत कर्मचारी की पत्नी ने गन्नौर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लापता कर्मचारियों की तलाश शुरू कर दी । पुलिस को दी शिकायत में लापता कर्मचारी प्रदीप की पत्नी कृष्णा यादव निवासी सुरजबलि , जिला गौंडा उत्तर प्रदेश हाल किराएदार शिव मन्दिर के पास त्यागी मोहल्ला ने बताया कि मेरे पति पिछले 3 साल से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में ईएसआई डिस्पेंसरी में सफाई का काम करता था। मेरा पति प्रदीप 1 जून की शाम को अपनी मोटर साईकिल होन्डा शाइन से सोनीपत जाने के लिए कहकर गया था। लेकिन वह वापस नहीं आया इसके बाद प्रदीप की हमने आसपास से रिश्तेदारियों में तलाश की। जब कोई पता नहीं चला तो पुलिस में लापता का मामला दर्ज करवाया । पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### धनखड़ कोम्पलेक्स के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी करके गए दुकानदार की मोटरसाइकिल चोरी

**गन्नौर। रेलवे स्टेशन के** पास धनखड़ कोम्पलेक्स के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी करके अपनी दुकान पर गए दुकानदार की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। दुकानदार ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी। गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में पुरखास राठी गांव के रहने वाले बलजीत सिंह ने बताया मेरी दुकान जतिन कम्पयूटर के नाम से रेलवे स्टेशन गन्नौर धनखड़ कोम्पलेक्स के पास है । गत 4 जून की सुबह मोटरसाइकिल को कोम्पलेक्स के बाहर रोड पर बाहर खड़ी करके अपनी दुकान पर अंदर चला गया था , जब वापस आया तो वहां मोटरसाइकिल नहीं मिली। उसके बाद अपनी मोटरसाइकिल की आसपास तलाश की । जब मोटरसाइकिल का कहीं पता नहीं चला तो पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया । पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### चुलकाना जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ऑटो को मारी टक्कर, 17 वर्षीय युवक की मौत

**गन्नौर। बुधवार देर रात** को दिल्ली से चुलकाना धाम जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ऑटो को तेज रफ्तार केंटर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक महिला व 17 वर्षीय युवक घायल हो गए। घायलों को खानपुर मेडिकल में दाखिला कराया। इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि महिला दिल्ली के निजी हॉस्पिटल मेंउपचारधीन है। मृतक के भाई ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में दक्षिणपुरी, दिल्ली निवासी हर्ष ने बताया कि वह सोमवार रात को अपनी चाची गीता, बहन प्रियंका, मोहिनी व भाई लक्ष्य के साथ दिल्ली से ऑटो कर चुलकाना धाम के लिए निकले थे। जब वह बड़ी उद्योगिक क्षेत्र के पास पहुचे तो उनके ऑटो को तेज रफ्तार केंटर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई लक्ष्य सड़क पर गिर कर घायल हो गए, जबकि उसकी चाची ऑटो के अंदर फस गई। लोगो की मद्दत से महिला को बाहर निकाला ओर हॉस्पिटल में दाखिल कराया।

# खेल स्कूल ने देश को दिये हैं बहुत से अधिकारी

## कर्नल मोर के प्रयास से पहली बार पासिंग आउट परेड में पहुँचे छात्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राईः मोतीलाल नेहरू खेल** स्कूल राई से छात्र- छात्राओं का एक दल आईएमए देहरादून की पासिंग आउट परेड देखने के लिए पहुँचे। स्कूल निदेशक कर्नल अशोक मोर का कहना है कि खेल स्कूल ने देश को बहुत से अधिकारी दिये हैं। खेल स्कूल राई से तीन लेफ्टिनेंट जनरल जो देश के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं और देश के साथ साथ खेल स्कूल राई का नाम भी रोशन कर रहे हैं), मेजर जनरल,ब्रिगेडियर, कर्नल समेत सैंकड़ों अधिकारी सेना में सेवाए दे रहे हैं। इसी वर्ष आईएमए देहरादून से खेल स्कूल राई के भी



दो पूर्व छात्र सौरभ गोयत और निष्कर्ष राठी लेफ्टिनेंट बनकर पासिंग आउट परेड का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सौरभ गोयत मोतीलाल नेहरू स्कूल में भी अपना लोहा मनवा चुके हैं । सौरभ गोयत खेल स्कूल में 2019 बैच सोम सदन के छात्र हैं और खेल स्कूल राई के स्कूल कैप्टेन की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। ऐसे ही निष्कर्ष राठी भी खेल स्कूल राई के 2019 बैच के इन्द्र सदन के छात्र हैं। ऐसे में बच्चों के जीवन में जोश और अनुशासन लाने के लिए खेल स्कूल राई के बच्चों को आईएमए देहरादून की कमांडेंट पासिंग आउट परेड की रिहर्सल देखने के लिए भेजा जा रहा है। आईएमए पहुँचने पर सेना की यूनिट द्वारा खेल स्कूल राई के बच्चों का भव्य स्वागत किया गया।

# सुख-शांति के लिए 41 दिन पंच धुनें की अग्नि तपस्या कर रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**चुलकाना** रोड पर पूनी वाली कुटी मे बाबा मोनी दास कुटिया में समालखा नगर खेड़े की सुखशांति के लिए भीषण गर्मी के चलते 41 दिन पंच धुनें की अग्नि तप्पस्या कर रहे है। यह तपस्या दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक की जाती है। इस दौरान कुटिया में श्रद्धालुओं की भीड लगी रहती है । बाबा मोनी दास ने बताया कि बाबा भाने नाथ के आशीर्वाद से गोबर के उपलों के धुनें के बीच जलती अग्नि के पास तप करने के दौरान पूरी तरह मौन धारण किए होते है। 41 दिन की तपस्या पूरी



होने पर विश्वकल्याण की मंगल कामना को लेकर पूणार्हुति उपरांत 27 जून को विशाल भंडारा आयोजित होगा। तपस्या में लीन मोनी बाबा के दर्शनों के लिए कुटिया में श्रद्धालुओं का आवा गमन जारी है।

# सभी स्कूलों में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः**

**जिला आयुर्वेदिक** अधिकारी डॉ बलविंद्र ने बताया कि महानिदेशक आयुष हरियाणा पंचकूला के जारी दिशा-निदेर्शानुसार आयुष विभाग सोनीपत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के




सफल आयोजन हेतु जिला सोनीपत के सभी स्कूलों में 05 जून से 07 जून 2024 तक तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग, योग सहायकों द्वारा सोनीपत जिले के सभी ब्लॉक के व्यायाम शालाओं में बच्चों को 05 जून से 07 जून 2024 तक प्रातः 6 बजे से प्रातः 7:30 बजे तक योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा / पीटीआई व डीपीआई तथा खेल विभाग के योगा ट्रेनर व पुलिस विभाग के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा योग प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# बच्चों को योग से होने वाले फायदे से अवगत करवाया

## राजकीय व निजी स्कूलों में तीन दिन तक छात्रों को योगा करवाया गया : बीईओ

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस** 21 जून की तैयारियों को लेकर योग आयोग द्वारा सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में शारीरिक शिक्षकों व गांवों में तैनात योग सहायकों के द्वारा योग प्रशिक्षण शिविर तीन दिन लगाया गया। तीसरें दिन वीरवार को गन्नौर के स्वामी चेतना स्कूल में बच्चों को योग सिखाया। कार्यक्रम की शुरूआत ऊं व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। उसके बाद योग का एक सामूहिक सत्र प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा, शिक्षक ममता शर्मा, पूनम, किरण, कीर्ति, सीमा, सुरेन्द्र, मार्गदर्शन में हुआ। शारीरिक शिक्षक प्रवीन कुमार ने



छात्रों को बताया कि यदि कोई नियमित योग करें, तो वह बीमारियों से दूर रहेगा। प्राणायाम और योग द्वारा दिनभर स्फूर्ति रहती है एवं बीमारियों से बचा जा सकता है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। हमें प्रतिदिन समय निकाल कर योग करना चाहिए। योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं। टीम ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने भी बच्चों को योग के बारे में विस्तार से बताया तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाया।

**तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सभी स्कूलों में लगाया : बीईओ**

बीईओ ने बताया कि योग दिवस की तैयारियों को लेकर 5 जून से 7 जून तक गन्नौर के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में योग शिक्षकों द्वारा सुबह 6 से 7 बजकर 30 मिनट तक गांव व शहर के स्कूलों में लगाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर था।

# विकास कार्यः सनपेड़ा रोड रिपेयरिंग का काम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः पिछले कई वर्षों से** जर्जर अवस्था में पड़े सनपेड़ा रोड की रिपेयरिंग का कार्य आखिरकार शुरू कर दिया गया है। जीटी रोड से रामनगर वाया सनपेड़ा सड़क मार्ग पर 3 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च किए जाने है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क की रिपेयरिंग का टेंडर भी लगा दिया गया था। अब सड़कों की रिपेयरिंग का काम शुरू किया जाएगा। जिससे ग्रामीणों के साथ-साथ यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को राहत मिलेगी। गुरुवार को गांव के सरपंच प्रदीप ढाका ने संजय, सुरेंद्र रोहिल्ला, डा. जितेंद्र, सोनू, संदीप, कर्मजीत, करतार सिंह के सहयोग से नारियल तोड़ कर सड़क रिपेयरिंग के कार्य का शुभारंभ किया। जीटी रोड से लेकर



गांव सनपेड़ा व रामनगर तक की करीब 6 किलोमीटर सड़क की हालत बहुत ही जर्जर है। कई जगह पर तो तीन-चार फुट गहरे गड्ढे हैं, जिस कारण सड़क मार्ग पर वाहन चालकों को वहां से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क इतनी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि वाहनों को रेंग-रेंग कर चलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड पर रामनगर तक करीब 70 से 80 फैक्ट्रियां लगी हुई है। जिनमें सामान लाने व ले जाने में ट्रक चालकों को बहुत ही दिक्कत आ रही है।

बरसात के मौसम में तो सड़क मार्ग पर बने गड्ढों में पानी भर जाता है। जिस कारण वहां से गुजरने पर कई वाहन चालक गिर कर चोटिल भी हो चुके थे।

**आचार संहिता के कारण अटक गया था काम**

कई वर्षों से सनपेड़ा सड़क की हालत दयनीय है। दो महीने पहले सरकार द्वारा निर्माण की स्वीकृति दी गई जिसके बाद विभाग द्वारा टेंडर लगा दिया गया था। इस बीच आचार संहिता की वजह से काम अटक गया था। जिसे अब शुरू कर दिया गया है।

**पहले चरण का काम शुरू**

इस बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई विकास ने बताया कि पहले चरण में जीटी रोड सनपेड़ा रोड से हनुमान धर्म कांटा तक सड़क की रिपेयरिंग का काम किया जाएगा।

# किरयाना स्टोर संचालक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना पुराना औद्योगिक** पुलिस ने सौंदापुर गांव में किरयाना स्टोर संचालक नाहर सिंह की हत्या मामले में आरोपी को बुधवार को सिविल अस्पताल परिसर से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रिंकू निवासी सतकरतार कॉलोनी के रूप में हुई। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि पूछताछ में आरोपी रिंकू ने पुलिस को बताया उसकी सतकरतार कॉलोनी में बर्तनों की दुकान है। नाहर सिंह कुछ दिन पहले उसकी दुकान से उधार में बर्तन लेकर गया था। 2 जून रविवार को देर शाम वह नाहर सिंह से उधार के 900 रुपए लेने के लिए उसकी दुकान पर गया तो पैसों को लेकर दोनों के बीच कहासुनी व मार पीट हो गई थी। बाद में नाहर सिंह की मौत हो गई। इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया की पूछताछ के बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में आशीष पुत्र नाहर सिंह निवासी आर.के पुरम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके पिता ने सौंदापुर गांव में करियाना की दुकान की हुई है। 2 जून की देर शाम उसके पास किरायेदार फुलचंद ने फोन कर बताया कि तुम्हारे पिता के साथ दुकान पर सतकरतार कॉलोनी निवासी रिंकू पुत्र शीशपाल ने मारपीट की है।

# नीट में पास होने पर छात्र शिवम और स्वीटी को विद्यालय ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य बाल भारती स्कूल** परिसर में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष महताब मलिक रहे। प्राचार्य सत्यवान आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से हुआ और शांति पाठ के साथ समारोह संपन्न हो गया। समारोह को संबोधित करते हुए महताब आर्य ने कहा कि खुशनसीब हैं वह मां-बाप जिन्होंने शिवम और स्वीटी जैसे बच्चों को जन्म दियो शिवम ने नीट की परीक्षा में 720 में से 641 अंक और स्वीटी ने 658 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। गाँव बड़ौली निवासी शिवम के पिता संजय शर्मा श्रमिक हैं



और आमदनी कम होने के बावजूद उन्होंने अपने तीन बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाने के सभी प्रयास किए। शिवम की बड़ी बहन गुरुकुल मोर माजरा में एमए अंतिम वर्ष की छात्रा हैं और हमेशा मेरिट में रही है। शिवम की दूसरी बहन भी मेरिट में रही हैं और अब बीए अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है शिवम का जन्म 27 जून 2005 को हुआ था अपने परिवार में वह सबसे छोटा है इसलिए उसे परिवार का खूब समय भी मिलता है ।शिवम ने बताया कि यूं तो वह बचपन से ही डॉक्टर बनना चाहता था लेकिन जब कोरोना काल में जिस प्रकार चिकित्सक वर्ग ने मरीजों की सेवा की लोगों ने उन्हें भगवान की तरह सम्मान दिया, इसे देखकर डॉक्टर बनने का मेरा इरादा और मजबूत हो गया। इसके अलावा आर्य समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, विद्यालय के विज्ञान प्रवक्ता प्रशांत कुमार और प्राचार्य सत्यवान आर्य द्वारा मंच से चिकित्सा विज्ञान के पक्ष में दिए गए भाषण से भी मैं काफी प्रभावित हुआ हूँ उन्होंने कहा कि वह भविष्य में भी समाज के साधनहीन परिवारों के लोगों की सेवा करने का पूरा प्रयास करेंगे। शिवम ने छात्रों से अनुरोध किया कि वह रोजगारपरक शिक्षा पर और अधिक ध्यान दें।

**ज्ञान की देवी मां सरस्वती को पैसा नहीं परिश्रम चाहिए –**

देशराज कॉलोनी की स्वीटी शर्मा ने बताया कि उनके पिता सुग्रीव राय ने सीमित आय में भी शिक्षा दिलवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने ही मुझे एमबीबीएस करने के लिए प्रेरित किया और मैंने भी सभी प्रयास करते हुए प्रतिदिन 12 घंटे पढ़ाई की जिससे मुझे नीट में सफलता मिली। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सत्यवान आर्य ने कहा कि विद्या वह धन है जिसको प्राप्त करके मनुष्य शिखर तक पहुंच सकता है उन्होंने कहा कि ज्ञान की देवी मां सरस्वती को पैसा नहीं परिश्रम चाहिऐ इसलिए साधनहीन परिवारों के होनहार छात्रों को शिवम से प्रेरणा लेनी चाहिए और उच्च प्रतिभाशाली छात्रों की सहायता के लिए आर्य बाल भारती प्रबंधन समिति के द्वार हमेशा खुले रहेंगे।

# 2.5 एकड़ जमीन में मिट्टी की सड़के, बाउण्डरी वाल, 7 डीपीसी को गिराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राईः जिला नगर योजनाकार**, सोनीपत की ईन्फोरसमैन्ट टीम द्वारा गांव अकबरपुर बरोटा से गांव बाजिदपुर सबौली रोड़ पर गॉव अकबरपुर बरोटा की राजस्व सम्पदा में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई। टीम ने अकबरपुर बरोटा से गांव बाजिदपुर सबौली रोड़ पर गॉव अकबरपुर बरोटा की राजस्व सम्पदा लगभग 2.5 एकड़ जमीन में मिट्टी की सडके़, बाउण्ड़री वाल, 7 डीपीसी बनाकर विकसित हो रही अवैध कालोनी पर तोड़फोड़



की कार्यवाही अमल में लाई गई। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध निर्माण करके अपनी मेहनत की कमाई को बरर्बाद ना होने दें। कोई भी अवैध निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है।

# नरेला: सुंदरकांड पाठ व श्याम संकीर्तन का हुआ भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी उत्तरी दिल्ली** के नरेला में मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से 167वें मासिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं श्याम संकीर्तन श्री श्याम संकीर्तन का बड़े ही धूमधाम से आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान श्री श्याम संकीर्तन में भजन गायको ने एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला में झंडा चौक स्थित







नारायण मंदिर में श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से मासिक 167वें सुंदरकांड पाठ एवं श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। रिंकू शर्मा (रसिक) ने संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ किया, जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। सुंदरकांड की संपूर्णता उपरांत उन्होंने हनुमान जी पर आधारित भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं को सुंदरकांड पाठ का महत्व बताते हुए रिंकू शर्मा (रसिक) ने कहा कि सुंदरकांड का जीवन में विशेष महत्व है। हनुमान जी से हमें बेहतर प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। जो भी भक्तजन उनकी शरण में जाता है, उन पर भगवान श्री राम की कृपा खुद-ब-खुद हो जाती है। साथ ही हनुमान जी की भक्ति करने वाले भक्तजन सभी प्रकार के दुःखो से छुटकारा पा जाते हैं। श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति के प्रधान विकास बंसल ने बताया कि समिति की ओर से हर महीने के पहले मंगलवार को मासिक सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है। समिति द्वारा पिछले 14 साल से निरंतर सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन पश्चात विशाल भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। सुंदरकांड पाठ में प्रधान विकास बंसल, दिनेश बंसल, पवन गोयल, अजय शर्मा, मनोज शर्मा, संजय, लता, सुजाता भारद्वाज, पंकज गुप्ता, सुनील गर्ग, माया देवी सहित सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी लोग मौजूद रहे।



चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल चुनाव जीतने के बाद विकट्री का साईन दिखाते हुए साथ में है पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, निगम पार्षद सुशील जोंटी, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा व अन्य।

## शपथ लेने की अनुमति देने की मांग पर एनआईए को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली की पटियाला** हाउस कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और हालिया लोकसभा चुनाव में निर्वाचित हुए सांसद राशिद इंजीनियर को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की अनुमति देने की मांग पर एनआईए को नोटिस जारी किया है।

एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने एनआईए को कल यानि 7 जून तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

राशिद इंजीनियर ने लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की है। राशिद इंजीनियर फिलहाल दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद है। राशिद इंजीनियर को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। बतादें कि पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 मार्च 2022 को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत आलम, राशिद इंजीनियर, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट ऊर्फ पीर सैफुल्ला समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था।

## शनि जयंती पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: शनि** जयंती के अवसर पर कृष्णा नगर में 'एक शाम -यमुना के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 'श्री प्रीतम धाम दशमेश घाट चेरिटेबल ट्रस्ट' की ओर से बाबा हरिदास जी महाराज के सानिध्य में किया गया था। इस अवसर पर जाने-माने कथा वाचक आचार्य गौरव दुबे द्वारा शनि पूजन किया गया। इसके बाद सुन्दर कांड और यमुना पूजन का भी आयोजन किया गया। ट्रस्ट के प्रमुख बाबा हरिदास जी महाराज ने बताया कि ज्येष्ठ मास की आमावश्य को शनि जयंती मनाई जाती है। शनि न्याय के देवता है, शनि कर्म फल दाता है। शनि शत्रु नहीं मित्र है। उन्होंने कहा कि सुंदर कांड से जीवन की विघ्न



बाधाओं को दूर करना संभव है। आचार्य गौरव दुबे ने कहा कि यमुना पूजन का उद्देश्य यह है कि दिल्ली के लोगों की प्यास बुझाने वाली यमुना नदी को सभी मिलकर प्रदूषण मुक्त करें। यमुना जी में किसी भी प्रकार की सामग्री न डाली जाए। इस अवसर पर लोगों से अपील की गई कि वह यमुना नदी को स्वच्छ, निर्मल और प्रदूषण मुक्त बनाये जाने का प्रण ले। कार्यक्रम में डा. आरपी सिंह, अमित कुमार, समाजसेवी सुरेश अरोड़ा, जवाहर सिंह, रवि अग्रवाल, ओम नारायण, हरिनारायण तिवारी, जगबीर, असीम आहूजा, श्रवण शर्मा, प्रीति जैन, परविंदर बिन्द्रा, उदित नारायण मिश्र आदि मौजूद थे।

# नांगलोई विधानसभा क्षेत्र: सड़कों पर ई-रिक्शा चालकों की मनमानी लोगों के लिए बनी खतरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सड़कों पर** ई-रिक्शा चालकों की बढ़ती हुई मनमानी व लापरवाही लोगों के लिए खतरा बन चुकी है। ई-रिक्शा में बैठने वाली सवारियां ही नहीं सड़क पर चलने वाले अन्य यात्री भी इस खतरे से अछूते नहीं हैं। यहां पर हम बात कर रहें है नांगलोई क्षेत्र की जहां पर मेन सडकों पर ही इन रिक्शे वालों का जमावडा ऐसा लगा रहता है जिससे न केवल यातायात बाधित हो रहा बल्कि पैदल आने-जाने वाले लोगों को भी खासा परेशानी में डाल रखा है।

**थाने के सामने ही बाधित ट्रैफिक:** बतादें कि नांगलोई को छोटा सदर बाजार भी कहा जाता है, इसलिए आस-पास के क्षेत्रों से







अधिक ज्यादा भीडभाड व व्यस्तम इलाका भी है, इसलिए यहां हमेशा ही भीड रहती है, इसके साथ ही नांगलोई-नजफ़गढ चौराहा ही इसलिए आस-पास के गांव, देहात जाने आने के लिए बसे भी खडी रहती है दूसरी तरफ इन ई-रिक्शा वालों का भी जमावडा लगा रहता है जिसके चलते घंटो तक न खुलने वाला जाम मिंटो मे ही लग जाता है। मामले में सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात यह है कि नांगलोई मैन रोड पर ही पुलिस थाना मौजूद है, जिसके सामने ही ई-रिक्शा का जमावडा लगा रहता है। अब यहां पर सवाल यह खडा होता है कि मामले में संबंधित थाना व ट्रैफिक पुलिस इन लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने से क्यों गुरेज कर रही है।

**सत्येंद्र गोस्वामी, स्थानीय निवासी:** ई-रिक्शा ज्यादातर बस स्टैंड और मेट्रो स्टेशनों के पास खड़े रहते हैं और सवारियों से पूरी तरह भर जाने तक नहीं चलते। इस वजह से सड़क पर अवरोध उत्पन्न होता है। ई-रिक्शा में बैठने वाली सवारियां ही नहीं सड़क पर चलने वाले अन्य यात्री भी इस खतरे से अछूते नहीं हैं। ई-रिक्शा का गैर-लाइसेंसधारी, अप्रशिक्षित, कम उम्र के चालकों द्वारा संचालन इन्हें बेहद खतरनाक बना देता है। ई-रिक्शा में बैठे यात्री भी असुरक्षित होते हैं।



## नांगलोई: सभी को करना चाहिए पौधारोपण: थान सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: गांव नांगलोई** सईदान पश्चिम विहार के साथ डीडीए के सुंदर विहार डिस्ट्रिक्ट पार्क में डीडीए उद्यान खंड 3 जनकपुरी द्वारा वृक्षारोपण शुरू किया गया। इसमें मुख्य रूप से दिल्ली 360 गांव पंचायत की दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव, डीडीए के आर के मीणा उपनिदेशक, एसपी सिंह सहायक उपनिदेशक, एस.ओ. मनोज रोनालिया और पार्क विकास समिति के चौधरी भगवान सिंह, दयानंद, ओम प्रकाश राजोरिया, टेकराम शर्मा आदि प्रमुख उपस्थित रहे। इस मौके पर पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली को प्रदूषण,गर्मी, दिल्ली को गैस चैंबर




बनने से बचाना है तो वृक्षारोपण करना जरूरी है। इसमें भी ऐसे पौधे रोपे जो वातावरण को ज्यादा शुद्ध व ऑक्सीजन देने का काम करें। उन्होंने दिल्ली देहात, गांव ग्रामीणों से भी आवाह्न किया कि इस ऋतु में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें। इस मौके पर उपनिदेशक आर के मीणा ने कहा कि हमारा सबसे ज्यादा ध्यान हमारे पार्कों में अच्छे व सुंदर वर्षों का रोपण हो और पार्क सुंदर बने। जिसमें बेजुबान पक्षियों को भी रहने का स्थान मिलें।

जिससे हमारा वातावरण शुद्ध रहे। चौधरी भगवान सिंह ने कहा कि हमने वर्षों से इस पार्क को विकसित करने में डीडीए अधिकारियों के साथ मिलकर पार्क को विकसित व सुंदर बनाने में लगातार सहयोग किया है, और हम सब मिलकर इस पर काम करते हैं।

## पुलिसकर्मियों को भुगतान करने के आदेश की मांग वाली याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली में आयोजित आईपीएल मैचों के सुरक्षा इंतजामों के लिए दिल्ली पुलिस के जवानों को भुगतान करने का आदेश देने की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है।

कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ये नीतिगत मसला है एवं कोर्ट इस संबंध में आदेश नहीं दे सकती है।

याचिका सामाजिक कार्यकर्ता हैदर अली ने दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील अली मोहम्मद माज ने कहा था।

## भाजपा की प्रचंड जीत का पूर्ण श्रेय सिर्फ़ मोदी जी को: खुराना

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**
**नई दिल्ली: देश के** महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 का परिणाम घोषित होनें के बाद किसी राज्य में खुशी का महौल है तो किसी राज्य की सरकार के खैमें में सीट गंवाने के बाद मातम पसरा हुआ है। इस बार भी दिल्ली की सातों लोकसभा सीटे भाजपा के पाले में आकर गिरी है, जिसको लेकर दिल्ली में भाजपाइयों में खुशी का माहौल है, तो दूसरी ओर उत्तर प्रदेश से बुरी तरह से हारने का भी दर्द भी चेहरे से साफ झलक रहा है।





**कांग्रेस 3 तीन में न 13 में:** दिल्ली में सातों लोकसभा सीटें जीतने के बाद मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुजरांवाला टाउन पार्ट दो में रहने वाले भाजपा के पूर्व निगम पार्षद राज खुराना ने दिल्ली वालों को बधाई देते हुए कहा है कि यह चुनाव भाजपा नहीं सच और झूठ की लडाई थी जिसमें दिल्ली की जनता जर्नादन ने सच का साथ देते हुए इंडिया गठबंधन बुरी तरह से खदेड कर बाहर का रास्ता दिखाया है। वहीं खुराना ने यह भी कहा कि कांग्रेस तो पहले से ही ब्लैकलिस्टेड पार्टी है और वैसे भी कांग्रेस न तीन में न तेरह में। वार्तालाप के दौरान जब राज खुराना से पूछा गया कि दिल्ली की जनता ने पीएम मोदी पर भरोसा दिखाते हुए भाजपा के सातो प्रत्याशियों को प्रचंड जीत दिलवाई तो फिर उत्तर प्रदेश की जनता का भरोसा मोदी सरकार से उठ गया था क्या जो इस बार हार का मुहं देखना पडा, इस पर खुराना ने कहा कि जनता बिना सोचे समझे कोई निर्णय नहीं लेती है, जनता जर्नादन हमारे लिए भगवान का ही स्वरूप है।

**राम मंदिर बनने के बाद भी हारनी पड़ी अयोध्या:** राम मंदिर बनने के बाद से देश में मोदी लहर की सुनामी चलने लगी थी, जिसके बाद से ही भाजपा ने इस बार चार सौ पार के नारे भी जमकर लगाए थे, लेकिन भाजपा बहुमत के आंकडे को भी नहीं छू पाई।

इस पर राज खुराना ने कहा कि देश में अब तीसरी बार भी एनडीए की सरकार बनने जा रही है जिसके बाद इस बार भी विकास, विश्वास और सबको साथ लेकर चलने के लिए भाजपा संकल्पबद्व है और रही बात अयोध्या से हारने की तो वहां के लोगों में भाजपा के खिलाफ कोई रोष नहीं है और न ही राम से नाराजगी है बल्कि वहां के प्रत्याशी से नाराजगी होगी जिसके कारण अयोध्या सीट हारनी पडी।

वहीं खुराना ने कहा कि अभी तो यह लोकसभा चुनाव पीएम मोदी और भाजपा का था, लेकिन अगले साल दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव वह दिल्ली की जनता का चुनाव होगा। इसके साथ ही खुराना ने यह भी कहा कि इस लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने जैसे आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के मिले-जूले इंडिया गठबंधन को दिल्ली की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है ठीक इसी प्रकार आने वाले विधानसभा से दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने वाली है।

## शिवाजी कॉलेज में 'शिवराज 350' कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: शिवाजी** कॉलेज छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक और हिंदवी स्वराज की स्थापना के 350 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में साल भर 'शिवराज 350' का समापन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं रंगारंग गतिविधियाँ पूरे साल आयोजित होती रहीं। जिसमें शिवाजी कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस आयोजन को सफल एवं सार्थक बनाया। प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में शिवाजी कॉलेज शिवाजी और हिंदवी स्वराज की विरासत को आगे ले जाने में अग्रणी भूमिका निभाता रहा






है। शिवराज 350 की उत्सवधर्मिता को राष्ट्रीय स्तर पर मनाते हुए 28 अक्टूबर, 2023 को 'शिवाजी भोंसले वार्षिक हिंदी संसदीय बहस' का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रंगारंग गतिविधियों की कड़ियां जुड़ती चली गईं। नवंबर, 2023 में सांस्कृतिक उत्सव, 19 फरवरी 'शिवाजी जयंती' की महत्वपूर्ण तिथि को वैश्विक स्तर पर धूमधाम से मनाया गया। जिसके अंतर्गत शिवाजी कॉलेज के विभिन्न विभागों ने अपने विषय से जोड़ते हुए शिवाजी महाराज के इतिहास, राजनीति, कला, साहित्य और विज्ञान एवं कूटनीति को वर्तमान संदर्भों में समझने का प्रयास किया। शिवराज 350 एवं शिवाजी राज्याभिषेक महोत्सव', के रूप में वर्षभर चलने वाले इस आयोजन का समापन 6 जून, 2024 को शिवाजी कॉलेज में संपन्न हुआ। इसी दिन छत्रपति शिवाजी महाराज की 'हिंदवी स्वराज' के राजा के रूप ताजपोशी की गई थी।

प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज ने शिवाजी के पराक्रम और वीरता का बखान करते हुए शिवाजी के निर्माण में माता जीजाबाई की भूमिका को इंगित किया और आज की युवा पीढ़ी को महाराज छत्रपति शिवाजी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को तय करने की सीख दी।

# रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ ने जीएम को सौंपा मांगों व समस्याओं का ज्ञापन

**ज्ञापन**

**▶▶महाप्रबंधक ने संगठन से बातचीत करते हुए समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया है।**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ ने रोडवेज महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के हल की मांग की है। महाप्रबंधक ने संगठन से बातचीत करते हुए समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक डिपो प्रधान अजय दुहन की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर विचार करते हुए इनका हल करने की मांग की गई। बैठक में कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का 17 सूत्रीय मांग पत्र तैयार करके महाप्रबंधक को सौंपा गया।

डिपो प्रधान अजय दुहन ने बताया कि एसपीएल चालकों की बकाया एलटीसी का भुगतान किया जाए, चालकों एवं परिचालकों को लोकल रूटों पर भी ओवरटाइम दिया जाए, रूटों का सर्वे करवाकर किलोमीटर की सही जांच करवाएं, वाया किलोमीटर जोड़े जाएं व एसी बसों पर पर्दे लगवाए जाएं।

हिसार डिपो सचिव सलीम सरसौद ने कर्मशाला के कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि डी-ग्रुप के कमार्चारियों का चार साल से बकाया धुलाई भत्ता एरियर दिया जाए, गर्मी को देखते हुए कर्मशाला कर्मचारियों के सभी ग्रुप में छप्पर लगाए जाएं एवं सभी कर्मचारियों की बकाया प्रथम, द्वितीय व तृतीय एसीपी लगाई जाए।

हांसी सब डिपो प्रधान सोनू मोर ने भी कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि परिचालकों के लिए खुले सिक्कों की व्यवस्था करायी जाए, 2014, 2018 के चालकों- परिचालकों एवं 2019 के कर्मशाला कर्मचारियों को कंफर्म किया जाए। संगठन के अनुसार महाप्रबंधक डा. मंगल सेन ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्दी पूरा करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर राज्य कैशियर सुभाष बिश्नोई, पूर्व डिपो प्रधान रामसिंह बिश्नोई, राज्य सचिव सुभाष ढिल्लो, संदीप सैनी, दर्शन जांगडा, अनिल सुलखनी, नागेंद्र जांगडा आदि शामिल थे।

# हकृवि के सामुदायिक विज्ञान विभाग द्वारा पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पारिवारिक संसाधन प्रबंधन व परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना ह्यकृषि में महिलाएंह्न के तहत विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपरोक्त महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव उपस्थित रही। महाविद्यालय की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पुराने वस्त्रों से थैले व बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्यातिथि डॉ. बीना यादव ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हमें पॉलिथीन का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसके अलावा पराली को भी नहीं जलाना चाहिए ताकि पर्यावरण प्रदूषण की समस्याएं उत्पन्न न हो।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। मुख्यातिथि ने उपस्थित महिलाओं को दैनिक जीवन में पॉलिथीन का उपयोग न करने की शपथ भी दिलाई। प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के उप विभागीय अधिकारी डॉ. सुनील श्योराण ने बताया कि पर्यावरण का संरक्षण करना अति आवश्यक है। डॉ. किरण सिंह ने बताया कि पॉलिथीन बैग का इस्तेमाल हमारी भूमि की उर्वरता को कम करता है। डॉ. नीलम ने पर्यावरण दिवस को मनाने के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# लोस चुनाव में भाजपा को ट्रेलर दिखाने वाली जनता विस चुनाव में पूरी पिक्चर दिखाएगी: सैलजा

**बयान**

**▶▶कहा- इस चुनाव में कार्यकताओं द्वारा की गई मेहनत विधानसभा चुनाव में काम आएगी**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की विजयी सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा चुनाव के नतीजों से साफ हो गया है कि राज्य में अगली सरकार कांग्रेस ही बनाएगी। सत्ताधारी भाजपा से जनता का पूरी तरह से मोहभंग हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में इंडिया गठबंधन को 6192627 वोट मिले जो भाजपा से 196114 वोट अधिक है।

मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा है कि हरियाणा में कांग्रेस की जीत को लेकर कार्यकताओं में जोश का संचार हुआ है, हर कार्यकर्ता उत्साहित है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक जोश के साथ सफलता का एक और नया इतिहास लिखेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का भाजपा से मोह भंग हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चा पर विफल साबित हुई है, हरियाणा बेरोजगारी, नशा, अपराध में नंबर वन है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव अक्टूबर 2024 को या उससे पहले आयोजित होने वाला है। विधानसभा का कार्यकाल 03 नवंबर 2024 को समाप्त होने वाला है। पिछला विधानसभा चुनाव अक्टूबर 2019 में हुआ था। इस समय विधानसभा चुनाव की बिसात बिछ चुकी है, कांग्रेस का हर कार्यकर्ता चुनावी जंग के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं द्वारा की गई मेहनत विधानसभा चुनाव में काम आएगी। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा को 5996464 वोट, कांग्रेस को 5679473 वोट, आम आदमी पार्टी को 513154 वोट मिले यानि इंडिया गठबंधन को 6192627 वोट मिले जो भाजपा से 196114 वोट अधिक है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार से प्रदेश का हर व्यक्ति, किसान, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर्स, कर्मचारी, युवा और महिलाएं सब परेशान है। उन्होंने कहा कि किसानों की आज भी हक के लिए जंग जारी है, युवा रोजगार के लिए भटक रहा है, नशा युवाओं को लील रहा है, महिलाएं महंगाई से परेशान है, कर्मचारी मांगों को लेकर धरनारत है। ऐसी सरकार से जनता छुटकारा चाहती है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने मोदी मैजिक की हवा निकालकर रख दी है। दस की दस सीटों पर जीत का सपना देखने वालों की जनता ने आंखें खोलकर उन्हें सच का आइना दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के झूठ और जुमलों से जनता परेशान थी, आज प्रदेश में बदलाव की बयार तेजी से बह रही है, जनता झूठी सरकार को विधानसभा चुनाव में बाहर का रास्ता दिखाएगी। जनता मान चुकी है कि कांग्रेस ही उनका भला कर सकती है क्योंकि कांग्रेस जो वायदा करती है उसे पूरा जरूर करती है जबकि भाजपा एमएसपी के नाम पर आज तक किसानों को गुमराह करती आ रही है, किसानों ने इस चुनाव में भाजपा को आइना दिखाने का काम किया है। प्रदेश की जनता की जुबान पर एक ही नारा है, प्रदेश में इस बार कांग्रेस की सरकार। प्रदेश की जनता लोकसभा चुनाव में भाजपा को ट्रेलर दिखा चुकी है विधानसभा चुनाव में पूरी पिक्चर ही देखा देगी।

# एचएसवीपी सेक्टर में प्लॉट दिलाने के नाम पर 23 लाख हड़पे

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

हरियाणा विधानसभा में उच्च पद पर खुद को तैनात बताकर करनाल के राजेश कौशिक ने हुडा सेक्टरों में प्लॉट अलॉट कराने के नाम पर आठ लोगों से 23 लाख 52 हजार रुपये लेकर हड़प लिए। गुरुवार को पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ जांच शुरू की। जगाधरी की जैन एवेन्यू कॉलोनी निवासी हाकम सिंह ने गुरुवार को जगाधरी के सेक्टर 17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सेक्टर 32 करनाल निवासी राजेश ने अपने आप को विधानसभा में उच्च पद पर तैनात बताकर उसका मकान किराये पर लिया था।

# चंडीगढ़ में निरंकारी बाल समागम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

सन्त निरंकारी सत्संग भवन सैक्टर 15 चंडीगढ़ में निरंकारी बाल समागम आयोजन किया गया ।

इस बाल समागम की अध्यक्षता करते हुए श्री ओ पी निरंकारी जी जोनल इंचार्ज चंडीगढ़ ने कहा कि दिखने में तो बच्चे ही थे पर जो संदेश इन्होने दिया वह बहुत बड़ा था। बच्चों ने कई प्रकार की कलाओं का सहारा लेते हुए यह बताने का प्रयास किया कि मयार्दा व अनुशासन में रहकर जीवन व्यतित करना चाहिए । उन्होंने निरंकारी सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं का जिकर करते हुए बताया कि मानुष जन्म बहुत ही अनमोल है हमें व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए बल्कि सत्संग-सेवा-सिमरन में लगाना चाहिए।




उन्होने बच्चों द्वारा पेश की गई हर आईटम की सराहना की और कहा बच्चों के मन निर्मल होते हैं यदि बचपन से ही इनमें जात-पात, भाषा, रहन-सहन आदि के आधार पर किसी से वैर-नफरत का भाव पैदा न होने दिया जाए तो बड़े होकर ये बच्चे समाज व देश के लिए वरदान साबित हो सकते हैं और फिर देश में अनेकता होते हुए भी एकता स्थापित करना सम्भव हो सकेगा। इन नन्हे मुन्ने बच्चों से यह आशा की जाती है कि वे सोशल मीडिया की और कम ध्यान दें तथा अपनी पड़ाई के विषयों एवं खेल कूद पर विशेष ध्यान देंगे। अपने माता पिता एवं अध्यापकों का सत्कार करें तथा उनकी आज्ञा का पालन करें। आज के बच्चे देश का भविष्य हैं अतः परम पिता परमात्मा से अरदास है कि वह इन बच्चों को सदबुद्धि प्रदान करें ताकि ये अपने माता पिता एवं देश का नाम रोशन कर सकें।

# गुरुग्राम: महिलाओं को दिए मेंस्ट्रूअल कप

**टीम एक्शन इंडिया/ गुरुग्राम**

प्योर हाट्र्स के एक प्रयास से 11,000 से अधिक महिलाएं अब तक मेंस्ट्रूअल कप अपना चुकी हैं। इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देने वाली इन महिलाओं के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर प्योर हाट्र्स संस्था द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।



प्योर हाट्र्स संस्था और गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर पर्यावरण दिवस के मौके पर फर्रुखनगर स्थित सरकारी अस्पताल में महिलाओं के लिए महिलाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. जे. पी. राजलीवाला ने शिरकत की। डा. वीरेंद्र यादव ने कहा कि प्योर हाट्र्स मेरी पहचान द्वारा 11 हजार महिलाएं जुड़ी हैं, जोकि बहुत खुशी की बात है। आगे भी और महिलाएं जुड़ेंगी, उसकी उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूरी मदद की जाएगी। यह हमारे पर्यवारण के लिए अभी बेहत जरूरी है। आगे भी विभाग की ओर से पूरी मदद की जाएगी।

कार्यक्रम में मेहंदी आर्ट से लेकर तंबोला समेत कई गेम्स व अलग-अलग फूड स्टॉल भी लगाए गए। पर्यावरण दिवस के मौके पर यहां पर मौजूद फर्रुखनगर की ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ-साथ आशा वर्कर व अन्य फ्रंटलाइन महिलाएं भी मौजूद रहीं। उनके लिए

# अयोध्यावासियों को इलेक्ट्रोनिक मिडिया पर गद्दार कहा जा रहा है कानून सोया पड़ा है: हरीश आजाद



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

समाजसेवी हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि आजकल देश में कानून व्यवस्था बिल्कुल नहीं है भाजपा के अंधभक्त सरेआम इलेक्ट्रोनिक मिडिया पर अयोध्या वासियों को गद्दार कह रहे हैं आजकल फेसबुक व व्हाट्सअप भरा पड़ा है लेकिन देश के कानून तक यह बात नहीं पहुंच रही है। कहाँ जा रही है हमारी संस्कृति। जब से भाजपा सत्ता में आई है तब से लगातार इलेक्ट्रोनिक मिडिया पर अंधभक्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को गाली दे रहे हैं, नेहरू-गांधी खानदान को गाली दे रहे हैं और भाजपा का उम्मीदवार अयोध्या से हारने पर लगातार इलेक्ट्रोनिक मिडिया पर भरा पड़ा है अयोध्या वासियों को गद्दार लिखकर और तो और उनके पुर्वजों तक को गद्दार कहा जा रहा है। जिस पार्टी का मुखिया सरेआम देश की बहू को 50 करोड़ की विधवा कहकर संबोधन करता हो उस पार्टी के अंधभक्तों से संस्कारों की उम्मीद की भी कैसे जा सकती है। इसके लिये हमारे देश के कानून को आगे आना चाहिये और सभी फेसबुक व व्हाट्सअप चेक करके उन लोगों को कानून के तहत सजा देनी चाहिये।

हरीश आजाद ने कहा क्या कसूर किया है अयोध्या वासियों ने आजाद भारत के आजाद सविधान के तहत अपना मत स्वतंत्र होकर ही तो डाला है। क्या अब इस देश में स्वतंत्र वोट डालने का अधिकार भी किसी के पास नही रहा, क्या भाजपा को वोट न देने वाले सभी मुस्लमान हैं क्योंकि उन्हे सरेआम अंधभक्त ऐसा ही कह रहे हैं। अगर ऐसी बातों का अंकुश न लगाया गया तो इस देश में राजनिति के चलते भाई-भाई का दुश्मन बन जायेगा इसलिये इसके लिये सभी सामाजिक संस्थाओं को ओर शासन-प्रशासन को आगे आना चाहिये अगर इस जहर को अब न रोका गया तो यह आने वाले समय में हिन्दुस्तान में ग्रहयुद्व का रूप ले लेगा, लोग सरेआम अपने विपरीत विचारधारा के व्यक्ति से लड? लगेगें। अभी तो यह सब इलेक्ट्रोनिक मिडिया पर हो रहा है फिर यह सरेआम सडकों पर होगा इसलिये कानून को इसके लिये ठोस कदम उठाने चाहियें।

आजाद ने कहा कि जनता को यह समझना चाहिये कि चुनाव खत्म हो चुके है देशवासियों ने जनमत दे दिया है अब बाकी काम राजनितिक पार्टियों को करने दिजिये इनके लिये आपसी संबध न बिगाड़े क्योंकि यह राजनितिक पार्टियाँ अपने फायदे के लिये किसी भी विचारधारा वाली पार्टी से समर्थन ले लेती है और हमें लड़ाती रहती हैं।

# रात की बरसात से भोर हुई सुहानी

**टीम एक्शन इंडिया/ कैथल**

जिले में बुधवार देर सायं मौसम एकदम बदला और तेज आंधी के साथ बरसात हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। रात को हुई बरसात का असर सुबह पर भी पड़ा। गुरुवार की सुबह ठंडी हवाएं चलने से सुहावनी हो गई। बरसात के बाद तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग की माने तो अगले दो दिनों तक कैथल और उसके आसपास तेज हवाएं चलने और बारिश की संभावना है। रात को हुई बरसात के बाद सुबह तक जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। सड़कों पर बोर्ड और खंबे गिरे हुए दिखाई दिए। नौतपा के बाद भी तेज लू चलने के कारण लोगों ने मौसम के इस बदले मिजाज का खूब आनंद लिया।

गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहने की संभावना है। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा सुबह 6 बजे जारी बुलेटिन के अनुसार अगले 3 घंटे में हरियाणा में हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, करनाल, यमुनानगर, सोनीपत, जींद, पानीपत, कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला व पंचकुला में जिलों में तेज हवाएं चलने और हल्की बरसात की संभावना जताई है।

केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल (सीएसएसआरआई) की जिला मौसम वेधशाला ने भीगरज चमक के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी और हल्की बरसात की चेतावनी दी है।

# कहीं आप पेरेंटल बर्नआऊट के शिकार तो नहीं हो रहे?

**"पेरेंटल बर्नआऊट"**

**▶▶बच्चों को ऑलराउंडर बनाने के चक्कर में माता-पिता पैरेंटल बर्नआउट का शिकार हो रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/ हिसार:** "पेरेंटल बर्नआऊट" एक तरह की शारीरिक मानसिक और भावनात्मक थकावट है जोकि आजकल की भाग दौड़ वाली जिंदगी और लाइफस्टाइल में बच्चों की लगातार देखभाल के चलते उत्पन्न तनाव और थकान की वजह से होती है........... आजकल अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को हर फील्ड में "परफेक्ट "बनाना चाहते हैं और इस परफेक्ट अभिभावक का दबाव आज के समय में कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। सभी चाहते हैं कि उनका बच्चा स्मार्ट बने, उसमें कई तरह के कौशल हो, वह पढ़ाई के साथ-साथ ड्राइंग, पेंटिंग, डांस सिंगिंग, क्राफ्ट आदि में भी सबसे आगे रहे....। बच्चों को ऑलराउंडर बनाने के चक्कर में माता-पिता पैरेंटल बर्नआउट का शिकार हो रहे हैं जिसका असर न केवल पेरेंट्स बल्कि बच्चों पर भी पड़ रहा है जैसे जल्दी गुस्सा आना, बार-बार चिडचिड़ाना, अपनी बात मनवाने के लिए जिद्द करना, किसी भी काम में अच्छा न कर पाने या असफल होने पर निराशा से भर जाना आदि लक्षण देखने को मिल रहे हैं.....।

पेरेंटिंग एक बड़ी जिम्मेदारी है, अगर आपको अपने काम के लिए सरहाना , मान्यता और समर्थन नहीं मिलता तो आप थक जाते हैं। तब आप बर्नआउट के शिकार हो जाते हैं और ऐसा बच्चों के साथ भी होता है...... पैरेंटल बर्नआऊट के लक्षण-1.शारीरिक या भावनात्मक थकावट का अनुभव करना। माता-पिता होने की भूमिका से परेशान होना। बच्चों से रिश्ते की बॉन्डिंग या मजबूती में कमी आना और खासकर शर्मिंदगी महसूस करना, यह सोचना कि हम इतने अच्छे माता-पिता नहीं हैं जितने कि हमसे बेहतर अभिभावक दूसरे हैं ......... पेरेंटल बर्नआउट के कारण: 1. काम का बोझ 2.स्पोर्ट ना मिलना 3.तारीफ न मिलना.... इस थकावट से निपटने के तरीके:- 1. खुद के लिए समय निकालें। बच्चों की परवरिश में खुद को न भुला दें। अपने लिए थोड़ा समय निकाले...। हर रोज कोई ऐसा काम करना जिससे कि आपको खुशी मिले। 2. सुपर मॉम बनने की कोशिश न करें। मदद मांगने से न हिचकिचाये....। 3. अपनी जिम्मेदारियां को बांटे। परवरिश की जिम्मेदारी केवल मां की नहीं होती, इस बात को घर के लोगों और आपके पार्टनर को समझना जरूरी है। बेशक मां की जिम्मेदारी थोड़ी ज्यादा होती है लेकिन आप पैरेंटल बर्नआउट का शिकार नहीं होना चाहती तो अपनी जिम्मेदारियां को आधा-आधा बांट लें.....। 4. बच्चों पर अपनी मर्जी न डालें।

# नवीन जिंदल को अपना थोड़ा सा समय कुरुक्षेत्र पर लगाना चाहिए: सुशील गुप्ता

**प्रेसवार्ता**

**▶▶मुझे किसी नेता के कार्य पर कोई आपत्ति नहीं, सभी ने पूरे मन से काम किया : डॉ. सुशील गुप्ता**

**टीम एक्शन इंडिया/ कुरुक्षेत्र/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने गुरुवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के एक एक कार्यकर्ता ने मन से काम किया। लेकिन मैं 29000 वोटों से रह गया। मुझे वोटों का अच्छा प्रतिशत मिला, यदि 15000 वोट और मिल जाती तो मैं भी जीत जाता। मैं कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। हम चार विधानसभा में जीते भी हैं, लेकिन शहरी क्षेत्र में हम थोड़ा पीछे रहे। मुझे कुरुक्षेत्र की जनता का इतना आशीर्वाद मिला है कि मैं आगे भी इनकी सेवा में लगा रहूंगा।

उन्होंने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि मुझे किसी नेता के कार्य पर आपत्ति नहीं है। मुझे लगता है कि सभी ने पूरे मन से काम किया। इस चुनाव में 5 लाख से ज्यादा लोगों ने झाड़ू के निशान पर वोट दिया, इसलिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। यदि हम आकलन करें तो पूरे देश में इंडिया गठबंधन के साथ ग्रामीण



वोटर के मुकाबले शहरी वोटर कम था। आने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है और गठबंधन का फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव में बीजेपी का घमंड टूटा है। नरेंद्र मोदी बार बार बीजेपी बोलते थे आज वो एनडीए बोलने पर मजबूर हैं। जनता ने उनको सबक सिखाने का काम किया है। कुरुक्षेत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर का धार्मिक स्थल बनना चाहिए ताकि यहां के लोगों को रोजगार मिल सके। आज तक कुरुक्षेत्र जिले में लड़कों के लिए एक भी सरकारी कॉलेज नहीं है। इसलिए नए सांसद नवीन जिंदल को अपना थोड़ा सा समय व्यापार से कम करके कुरुक्षेत्र की जनता पर लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा हम प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में मंथन करेंगे कि हम थोड़ी सी वोटों से रहे तो इसमें क्या कमी रही। कुरुक्षेत्र से हार के बाद लगातार लोग मुझसे मिल रहे और उन्हें इस हार से बहुत दुख है। मैं आगे भी कुरुक्षेत्र में रहूंगा और जो जीते हैं उनसे ज्यादा रहूंगा व जनता के लिए काम करूंगा।उन्होंने कहा कि परिवर्तन का समय शुरू हो चुका है, इसलिए कार्यकर्ता डटे रहें। आज पूरा देश इस परिवर्तन को देख रहा है और बीजेपी कमजोर हो चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव से हरियाणा से बीजेपी का सफाया निश्चित है।

# पंचकूला व कालका विधानसभा में मिली जीत पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/ पंचकूला**

लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद अब भाजपा में मंथन का दौर जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ चुनाव परिणामों पर मंथन किया। इस दौरान दीपक शर्मा ने कार्यकताओं का धन्यवाद किया जिन्होंने तपती गर्मी में कड़ी मेहनत की। साथ ही जिला अध्यक्ष ने पंचकूला विधानसभा और कालका विधानसभा की जनता का भी आभार जताया। श्री शर्मा ने कहा कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से दोनो विधानसभाओं में भाजपा को जीत मिली है। इस बैठक में जिला के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष ने कार्यकताओं और पदाधिकारियों से बारी-बारी चुनाव संबंधी दिए गए कार्यों के बारे में पूछा। सभी पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष को विस्तार पूर्वक सभी जानकारी दी। पदाधिकारियों से मिली रिपोर्ट पर जिला अध्यक्ष ने पीठ थपथपाई और कहा कि पंचकूला जिला की कालका और पंचकूला दोनों विधानसभाओं में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमें अब यहीं नहीं रूकना है। हर बूथ पर अब जीत के मार्जिन को और अधिक बढ़ाना है। श्री शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अब बिना थके और बिना रूके दिन रात मेहनत करें।



# यूपी में 851 में से 682 की जमानत जब्त

## 82 अपनी जमानत बचा पाने में विफल रहे, मुख्य मुकाबला बीजेपी और इंडी गठबंधन के बीच रहा

**जनता का मत**

▸▸ 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों पर कुल 979 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक उप्र की 80 लोकसभा सीटों के लिए कुल 851 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। इनमें से 682 अपनी जमानत बचा पाने में विफल रहे। मुख्य मुकाबला बीजेपी और इंडी गठबंधन के बीच रहा। प्रमुख दलों में बीएसपी के प्रत्याशी ज्यादातर सीटों पर अपनी जमानत गवां बैठे। उल्लेखनीय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों पर कुल 979 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे, जिसमें से 819 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गयी थी।

**सबसे ज्यादा प्रत्याशी घोसी, सबसे कम कैसरगंज में:** 2024 के आम चुनाव में यूपी की 80 सीटों पर कुल 851 प्रत्याशी मैदान में थे। इसमें 80 महिलाएं शामिल थी। सबसे ज्यादा 28 उम्मीदवार पूर्वांचल की घोसी संसदीय सीट से मैदान में उतरे। वहीं सबसे कम 04 प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से मैदान में थे।

**घोसी में 28 में से 25 की जमानत जब्तः** घोसी सीट से सपा के राजीव राय जीते हैं। इस सीट से कुल 28 प्रत्याशी मैदान में थे। राजीव राय को 503,131 (43.73 प्रतिशत) वोट मिले। दूसरे नंबर पर रहे एनडीए में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के डॉ. अरविन्द राजभर के खाते में 340,188 (29.57 प्रतिशत) वोट आए। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) बालकृष्ण चौहान को 209,404 (18.2 प्रतिशत) वोट मिले। सपा, सुभासपा और बीएसपी के प्रत्याशियों के अलावा शेष 25 प्रत्याशी अपनी जमानत गंवा बैठे। जमानत गंवाने वालों में चार प्रत्याशी ही नोटा (नन ऑफ द एबव) से ज्यादा वोट हासिल कर सके।

**किन हालातों में वापस हो जाती है जमानत राशि?**

- उम्मीदवार को जब 1/6 से ज्यादा वोट हासिल होते हैं तो उसकी जमानत राशि लौटा दी जाती है।
- जीतने वाले उम्मीदवार को भी उसकी रकम वापस कर दी जाती है, भले ही उसे 1/6 से कम वोट मिले हों।
- वोटिंग शुरू होने से पहले अगर किसी उम्मीदवार की मौत हो जाती है, तो उसके परिजनों को रकम लौटा दी जाती है।
- उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने या फिर नामांकन वापस लेने की स्थिति में जमानत राशि वापस कर दी जाती है।

**यूपी में जमानत जब्त का रिकार्ड :** 2019 के लोकसभा चुनाव में 979 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे,जिसमें से 819 प्रत्याशी यानी 83.65 प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए थे।

इसी प्रकार से 2014 के चुनाव में 1288 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे जिसमें से 1087 प्रत्याशियों 84.39 प्रतिशत की जमानत जब्त हो गयी थी। ऐसे ही 2009 के चुनाव में 1368 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे, जिसमें से 1155 प्रत्याशी 84.42 प्रतिशत नेता चुनाव में अपनी जमानत नहीं बचा पाए। जबकि 2004 के लोकसभा चुनाव में 1138 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे जिसमें से 907 प्रत्याशी 79.70 प्रतिशत उम्मीदवार चुनाव हार गए थे।

**क्यों होती है जमानत जब्त ?** निर्वाचन आयोग के मुताबिक अगर प्रत्याशी को कुल वोटों का छठा हिस्सा यानी 16.66 प्रतिशत मत नहीं मिलता है तो उसकी जमानत जब्त हो जाती है।

लोकसभा चुनाव में जमानत जब्त राशि 25 हजार रुपये जनरल के लिए व एससी व एसटी के लिए साढ़े बारह हजार होती है, जो पहले ही प्रत्याशी को जमा करनी होती है।

# सुक्खू नैतिकता के आधार पर सीएम पद से दें इस्तीफा : जयराम ठाकुर



**साधा निशाना**

▸▸ सीएम सुक्खू के सभी मंत्री भी अपने-अपने क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों को बढ़त नहीं दे पाए

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः कांग्रेस पार्टी** इस लोकसभा चुनाव में हिमाचल के 68 में से 61 विधानसभा हलकों पर भारी मतों से पिछड़ी। यहां तक कि मुख्यमंत्री के गृह हल्के नादौन से कांग्रेस प्रत्याशी 2143 मतों से पीछे रहे। सीएम सुक्खू के सभी मंत्री भी अपने-अपने क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों को बढ़त नहीं दे पाए। इस जनादेश से साफ दिखता है कि पूरे प्रदेश में बहुमत का ढँडोरा पीटने वालों को जनता ने कड़ा जवाब दिया है। ऐसे में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने गुरूवार को शिमला में पत्रकार वार्ता में कही। जयराम ने कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार जनादेश खो चुकी है, इससे पूर्व राज्यसभा के चुनाव में विधायकों का बहुमत खोया था और अब जनता जनार्दन के बीच लोकप्रियता भी खो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस कांग्रेस सरकार को प्रदेश के विकास की चिंता नहीं है केवल एक ही चिंता है कि सरकार कैसे बचानी है और मुख्यमंत्री को केवल कुर्सी को बचाने की चिंता है। इन लोक सभा चुनावों में पूरे प्रदेश में इन्होंने केवल मात्र सरकार को बचाने का जश्न मनाया और कुछ नहीं किया। जयराम ठाकुर ने सुखविंदर सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसी क्या नौबत आ गई थी कि तीन निर्दलीयों का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया, अगर उस समय इस्तीफा स्वीकार कर लिया होता तो चुनाव साथ हो जाते। सुक्खू को सत्ता गवाने का डर सता रहा था, तभी लोकसभा के परिणाम आने से एक दिन पहले इन्होंने इस्तीफा स्वीकार किया और इसका पूरा खर्च सरकार पर डाल दिया। अब इन चुनावों पर 35 करोड़ का अतिरिक्त खर्च आएगा इसके लिए मुख्यमंत्री जी आप जिम्मेवार है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा की चुनावी हार के बाद कांग्रेस का हाई कमान संज्ञान लेने वाला है, इससे पहले वह संज्ञान ले मुख्यमंत्री को सम्मानजनक रूप से मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। मुख्यमंत्री जनमत को चुके है।

# विपक्ष की भूमिका अदा करूंगाः चंद्रशेखर



**भूमिका**

▸▸ आजाद समाज पार्टी (आसपा) प्रमुख चंद्रशेखर ने साफ कर दिया है कि वह विपक्ष की भूमिका अदा करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**सहारनपुरः** नगीना सुरक्षित सीट से सांसद बने आजाद समाज पार्टी (आसपा) प्रमुख चंद्रशेखर ने साफ कर दिया है कि वह विपक्ष की भूमिका अदा करेंगे और जनता की लड़ाई लड़ेंगे। कहा कि भाजपा को रोकने के लिए जो कर सकते थे, वह मजबूती से किया। इतना जरूर है कि नगीना में जो गठजोड़ बनाया है, उसे अब पूरे प्रदेश तक ले जाना है। चुनाव जीतने के बाद पहली बार छुटमलपुर स्थित अपने घर पहुंचे आसपा प्रमुख चंद्रशेखर ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि समाज ने कहा था कि 2022 में वह बहनजी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। 2022 के बाद वह उनके साथ खड़े रहे। खतौली और घोसी उपचुनाव में उन्होंने भाजपा को रोककर यह साबित भी किया। बोले, वह चाहते थे कि भाजपा सबक सीखे और तानाशाही का दौर फिर न आए। भाजपा को रोकने के लिए जो कर सकते थे, वह पूरी दमदारी से किया है। चंद्रशेखर ने दावा किया कि प्रदेश में करीब 20 सीटों पर जनता ने उनके इशारे पर भाजपा का विजय रथ रोकने में मदद की है। दलित, मुस्लिम, पिछड़े, किसान वर्ग ने उन पर जो भरोसा किया है, उसे टूटने नहीं देंगे। कमजोर पर जहां कहीं जुल्म होगा, तो चंद्रशेखर वहां खड़ा मिलेगा।

**विपक्ष की भूमिका में रहेंगे:** बसपा के प्रदर्शन के सवाल पर उन्होंने कहा कि बसपा कोई चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रही है। नगीना में उन्होंने ऐसा गठजोड़ बनाया है, अगर यह यूपी में भी बन गया तो 2027 में भाजपा को प्रदेश मुक्त होने से कोई नहीं रोक पाएगा। कहा, भले ही विपक्ष सरकार नहीं बना पाया, लेकिन वह विपक्ष की भूमिका में रहेंगे। अगर कहीं जुल्म होगा, तो वह संसद में लड़ेंगे और उनके कार्यकर्ता बाहर। अब न कहीं मोबलिंचिंग होगी और न किसी गरीब को पीटा जाएगा। ऐसा करने वाले गुंडे सावधान हो जाएं, इसी में उनकी भलाई है। चुनाव के दौरान मायावती के भतीजे आकाश की ओर से उन पर की गई टिप्पणी के सवाल पर चंद्रशेखर ने कहा कि वह उनके छोटे भाई हैं।

# सांसद आवास खाली कर ढूंढना होगा घरः अधीर



**अकेले पड़े**

▸▸ पांच बार सांसद रहे अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि वह नहीं जानते अब उनका राजनीतिक भविष्य कैसा होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के बहरामपुर सीट से हार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व लगातार पांच बार सांसद रहे अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि वह नहीं जानते अब उनका राजनीतिक भविष्य कैसा होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को तृणमूल उम्मीदवार और पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान से 85,000 से ज्यादा वोटों से मात दी है। बहरामपुर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में 68 वर्षीय चौधरी ने कहा, उन्हें आशंका है कि आने वाला समय उनके लिए बहुत कठिन होगा। बंगाल में इस (तृणमूल) सरकार से लड़ने के प्रयास में मैंने अपनी आय के स्रोतों की अनदेखी की है। मैं खुद को बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे का) सांसद कहता हूं। राजनीति के अलावा मेरे पास कोई और कौशल नहीं है। इसलिए आने वाले दिनों में मेरे लिए मुश्किलें खड़ी होंगी और मुझे नहीं पता कि उनसे कैसे पार पाया जाए।

**सांसद आवास खाली कर ढूंढना होगा घरः** अधीर रंजन ने कहा, "मैं जल्द ही अपना सांसद आवास खाली करने के लिए दिल्ली जाऊंगा। मेरी बेटी पढ़ाई कर रही है। वह कभी-कभी अपनी पढ़ाई के लिए इस जगह का इस्तेमाल करती है। मुझे वहां अब एक नया घर ढूंढना होगा, क्योंकि मेरे पास कोई घर नहीं है।

**क्या आईएनडीआईए में ममता का किया विरोध?** चुनाव के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन के साथ निकटता के सवाल पर चौधरी ने कहा कि उन्होंने गठबंधन में तृणमूल की मौजूदगी पर कभी आपत्ति नहीं जताई। हालांकि, उन्होंने इस बात से सहमति जताई कि उन्होंने बनर्जी के साथ गठबंधन का विरोध करते हुए पार्टी हाईकमान के समक्ष अपनी बात रखी थी, क्योंकि उनका मानना है कि यह राजनीतिक आत्महत्या के समान होगा।

# बिहार में बदल गया स्कूलों का समय

**शिड्यूल जारी**

▸▸ आदेश के अनुसार 10 जून से 30 जून तक सभी सरकारी स्कूल सुबह 6:30 से 10:50 बजे तक संचालित होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** बिहार में बदल रहे मौसम को देखते हुए शिक्षा विभाग ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। शिक्षा विभाग ने गुरुवार को इस सबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 10 जून से 30 जून तक सभी सरकारी स्कूल सुबह 6:30 से 10:50 बजे तक संचालित होंगे। बिहार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने पूरा शिड्यूल जारी करते हुए जारी आदेश में कहा है कि शिक्षकों को सुबह 6:20 बजे स्कूल पहुंचना होगा और साढ़े 6 बजे स्कूलों को खोलना होगा। साढ़े 6 बजे से 6:45 बजे तक प्रार्थना होगी। 6:45 बजे से 7:20 बजे तक पहली कक्षा, 7:20 से 7:55 तक दूसरी कक्षा, 7:55 से 8:30 तक तीसरी कक्षा, 08:30 से 09:05 तक चौथी कक्षा, 9:05 से 09:40 तक पांचवीं कक्षा, 9:40 से 10:15 बजे तक छठी कक्षा और सुबह 10:15 से 10:50 तक सातवीं कक्षा संचालित की जाएगी।

# बकरे को पहनाई अन्नामलाई की फोटो और फिर...

**पोस्ट किया**

▸▸ यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि यह कथित घटना कहां हुई या इसे किसने पोस्ट किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नईः** भाजपा की तमिलनाडु इकाई ने गुरुवार को एक वीडियो वायरल होने के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कार्रवाई की मांग की, जिसमें कुछ लोग कथित तौर पर एक बकरे को जान से मारते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसके गले में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई की तस्वीर बंधी हुई है। यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि यह कथित घटना कहां हुई या इसे किसने पोस्ट किया। क्लिप की सत्यता का तुरंत पता नहीं लगाया जा सका है। जवाब देते हुए अन्नामलाई ने कहा कि अगर डीएमके कार्यकर्ता उनसे नाराज हैं तो वे उन पर हमला कर सकते हैं। तमिलनाडु भाजपा के उपाध्यक्ष और पार्टी प्रवक्ता नारायणन तिरुपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो अपलोड कर इसकी निंदा की।

# अधिकारियों ने सपा के एजेंट के रूप में किया कामः गुर्जर



**आरोप**

▸▸ पुलिस सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा के घर गई, ताकि कुर्मी समाज के लोग भाजपा के खिलाफ जाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**साहिबाबाद।** लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने प्रदेश के अधिकारियों पर लोकसभा चुनाव में सपा के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि षड्यंत्र के तहत चुनाव के समय पुलिस अंबेडकर नगर में सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा के घर गई, ताकि कुर्मी समाज के लोग भाजपा के खिलाफ जाएं।

**आचार संहिता के दौरान अपराध बढ़ाः** जिस पुलिस अधिकारी ने ऐसा किया उसके खिलाफ कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि क्षत्रियों को भाजपा के खिलाफ करने के लिए मोटा पैसा खर्च किया गया। आचार संहिता के दौरान 90 के दशक के तरह अपराध बढ़ा। इसमें भी अधिकारियों का हाथ रहा। गाजियाबाद में अधिकारियों की साजिश की वजह से भाजपा के डेढ़ लाख वोट नहीं पड़े। प्रधानमंत्री की वाहवाही न हो जाए इस वजह से किसान आंदोलन को हवा दिया गया। इस संबंध में उनके पास भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत और एक बड़े नेता की रिकॉर्डिंग उनके पास है। वह इन सभी पहलुओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे।

**महेश शर्मा की हैट-ट्रिक, अतुल गर्ग भी जीतेः** उत्तर प्रदेश के महासमर में एनसीआर से जुड़ी सभी छह सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। इसमें गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, बागपत व बुलंदशहर सीट पर भाजपा ने शुरू से दबदबा बना रखा। जबकि, अमरोहा व मेरठ संसदीय सीट पर पूरे दिन उठापटक चलती रही। देर शाम आए परिणाम में भाजपा ने दोनों सीटों पर जीत दर्ज की। गौतमबुद्ध नगर सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ने हैट-ट्रिक लगाते हुए 8,57,829 मत प्राप्त किए हैं। उन्होंने सपा के डॉ. महेंद्र नागर को 5,59,472 मतों से हराया। उन्हें 59.69 फीसदी मत मिले, जबकि 2019 लोकसभा चुनाव में उन्हें 59.64 प्रतिशत मत मिले थे।

# असम की पांच विस और दो रास की सीटें हुईं खाली

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटीः** 18वीं लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही असम की पांच विधानसभा और दो राज्यसभा की सीटें खाली हो गयीं हैं। राजनीतिक दलों ने इन सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर चर्चा शुरू कर दी है। इन खाली हुई सीटों के लिए जल्द ही चुनाव कराए जाएंगे। संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में असम से चुने गए 14 सांसदों में से पांच असम विधानसभा के सदस्य हैं।

# अनूठा चार्जिंग एडप्टर, सोलर पैनल से रास्ते में कहीं भी गाड़ी कर सकेंगे चार्ज



**कारगर सिद्ध**

▸▸ पीलो टॉप सोलर पैनल लगाने की योजना बना रही है जिसमें यह एडप्टर काफी कारगर सिद्ध हो सकता है

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुरः** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर (आईआईटी) के शोधकर्ताओं ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए एक चार्जिंग एडाप्टर का निर्माण किया है जिसकी सहायता से आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहन चलाने वाले रास्ते में कहीं पर भी अपनी गाड़ी सीमित संसाधन के बीच आसानी से चार्ज कर पाएगें। बता दें कि ईवी व्हीकल्स के लिए सरकार पीलो टॉप सोलर पैनल लगाने की योजना बना रही है जिसमें यह एडप्टर काफी कारगर सिद्ध हो सकता है। जोधपुर आईआईटी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर निशांत कुमार ने बताया कि आज के समय में पेट्रोल के दाम बढने. की वजह से लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ देख रहे हैं। वर्तमान में इलेक्ट्रिक वाहनों पर सरकार सब्सिडी भी दे रही है। इसके चलते लोग इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीद रहे है, लेकिन इसके साथ ही एक मुख्य समस्या भी सामने आ रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन और संसाधन जितनी मात्रा में होने चाहिए वो नहीं होने की वजह से भी इलेक्ट्रिक व्हीकल लेने वालों के लिए परेशानी का कारण है क्योंकि जल्द बैटरी डिस्जार्च हो जाने व सफर के दौरान कई बार पहाड़ी और वन्य क्षेत्रों में और भी ज्यादा समस्या सामने आती है। इसकी वजह से भी लोग ईवी खरीदने से कतराते हैं। हालांकि इस समस्या को दूर करने के लिए भारत सहित कई देश इसको लेकर काम कर रहे हैं। अगले पांच सालों में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डवलप होना मुश्किल है।

इसलिए कई देश अमेरिका, कनाडा, चाइना, रूस, इंडिया, आस्ट्रेलिया पीलो टॉप सोलर पैनल की योजना बना रहे हैं जिसमें एक खंभे पर सोलर पैनल और उससे अटैच सोलर सॉकेट लगाया जाना है। जिसे ऑपरेट करने की जिम्मेदारी ईवी कम्पनी की होगी।

# बंगाल के 7 विधायक बन गए सांसद, 3 ने दिया इस्तीफा



**होंगे उपचुनाव**

▸▸ मेदिनीपुर की विधायक जून मालिया भी तृणमूल के टिकट पर मेदिनीपुर लोकसभा क्षेत्र से जीती हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः लोकसभा** चुनाव में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा ने बंगाल के कई निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी विधायकों को मैदान में उतारा था। इनमें से 7 विधायक संसद पहुंचे हैं। तीन ऐसे हैं जिन्होंने चुनाव लड़ने से पहले इस्तीफा दे दिया था। इसलिए 10 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होंगे। कूचबिहार लोकसभा सीट पर तृणमूल उम्मीदवार जगदीश चंद्र बसुनिया जीते हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक को हराया है। जगदीश सिताई क्षेत्र से विधायक हैं। सांसद के तौर पर शपथ लेने से पहले उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना होगा। इसके चलते सिताई विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। इस सूची में मदारीहाट भी है। अलीपुरद्वार से भाजपा के मनोज टिग्गा इस विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। उन्होंने लोकसभा में जीत हासिल की है। परिणामस्वरूप मदारीहाट में भी उपचुनाव होंगे। बैरकपुर लोकसभा सीट से तृणमूल के लिए जीत हासिल करने वाले राज्य के मंत्री पार्थ भौमिक को भी नैहाटी विधानसभा विधायक पद से इस्तीफा देना होगा। परिणामस्वरूप उपचुनाव होंगे। इसी तरह बांकुरा के तालडांगरा, मेदिनीपुर और उत्तर 24 परगना के हरोआ में छह महीने के भीतर उपचुनाव होंगे। तालडांगरा से विधायक अरूप चक्रवर्ती है। उन्होंने तृणमूल उम्मीदवार के रूप में बांकुड़ा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा जीती है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार को हराया है। मेदिनीपुर की विधायक जून मालिया भी तृणमूल के टिकट पर मेदिनीपुर लोकसभा क्षेत्र से जीती हैं।

**लेटर जारी**

## परिवहन निगम के एमडी की ओर से सभी नोडल अधिकारियों को दिए गए नोडल स्तर पर दुर्घटनाओं की समीक्षा के निर्देश

# उप्र में दुर्घटनाएं रोकने के लिए परिवहन निगम उठाएगा ठोस कदम



**उपाय सुझाए**

▸▸ इस लेटर में उन्हें दुर्घटनाओं की मुख्य वजहों के साथ-साथ उपाय भी सुझाए गए हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** रोडवेज की बसों में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन ने सभी नोडल अधिकारियों को नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में परिवहन निगम के एमडी की ओर से सभी नोडल अधिकारियों को लेटर जारी किया गया है। इस लेटर में उन्हें दुर्घटनाओं की मुख्य वजहों के साथ-साथ उपाय भी सुझाए गए हैं। साथ ही चालकों की नियमित काउंसिलिंग के भी निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने प्रदेश में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन निगम को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में परिवहन निगम द्वारा अप्रैल 2023 से मार्च 2024 में हुई दुर्घटनाओं की तुलना एवं समीक्षा में पाया गया है कि इस दौरान फैटल दुर्घटनाओं एवं मृतकों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे स्पष्ट है कि मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निदेशों का क्षेत्रीय एवं डिपो स्तर के अधिकारियों द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सार्थक प्रयास किया जाना अत्यंत जरूरी है।

**चालकों की हो काउंसिलिंग:** परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने बताया कि ओवरस्पीडिंग, उचित दूरी न बनाकर चलना, गलत एवं लापरवाही से ओवरटेकिंग करने से अधिकांश दुर्घटनाएं होती हैं। यह तीनों मानवीय कारण चालकों के नियंत्रण से बाहर नहीं है। काउंसिलिंग के समय इन तीनों कारणों की ओर प्रमुखता से चालकों का ध्यान आकर्षित किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि अपने-अपने नोडल क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान गत माह हुई समस्त दुर्घटनाओं की गहन समीक्षा करें। दुर्घटनाओं का कारण एवं दोषी चालक व क्रू के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई, ज्ञात करेंगे। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिपो एवं क्षेत्र स्तर पर क्या-क्या कार्यवाही एवं निर्धारित हेल्थ कार्ड के द्वारा स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण एवं प्रभावशाली काउंसिलिंग की जा रही है या नहीं, इसकी भी जानकारी देंगे। मुख्यालय आने पर नोडल अधिकारी अपनी निरीक्षण टिप्पणी के साथ गत माह की दुर्घटनाओं की समीक्षात्मक टिप्पणी प्रधान प्रबंधक (संचालन) को प्रस्तुत करेंगे। पत्र में कहा गया है कि परिवहन निगम की बसों की अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय कारण से हो रही हैं। इसमें ओवर स्पीडिंग, निर्धारित गति से अधिक गति में वाहन चलाना, आगे चल रहे वाहन से उचित दूरी न बनाकर चलना, नशे की हालत में वाहन चलाना, शराब या अन्य मादक पदार्थों के प्रभाव में रहते हुए वाहन चलाना शामिल है। इसके साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना या ईयर फोन लगाकर संगीत सुनना, सड़क पर लगे संकेतकों की अवहेलना, ट्रैफिक लाइट का उल्लंघन, गलत लेन में चलना, रांग साइड में वाहन चलाना, गलत समय पर गलत ढंग से ओवरटेकिंग करना शामिल है।